


www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 15 फरवरी 2026 | 4 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 49, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




## न्यूज शॉर्ट्स

### साध्वी प्रेम बाईसा की हार्ट अटैक से हुई थी मौत

**एजेंसी, जोधपुर।** थावाचक साध्वी प्रेम बाईसा की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। जोधपुर पुलिस कमिश्नर ओमप्रकाश ने यह खुलासा शनिवार शाम किया है। कमिश्नर ने बताया कि मेडिकल बोर्ड की विस्तृत रिपोर्ट के अनुसार साध्वी की मौत का मुख्य कारण फेफड़ों की गंभीर बीमारी के चलते आया हार्ट अटैक था। जांच में यह भी सामने आया है कि इलाज के दौरान कंपाउंडर देवी सिंह की ओर से नियमों की अनदेखी की गई। इस स्थिति में लापरवाही सामने आई। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि 12 फरवरी को मिली एफएसएल रिपोर्ट और हिस्टोपैथोलॉजिकल रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला है कि मौत 'शॉक' के कारण हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई में मेट्रो पिलर का स्लैब गिरा, एक की मौत

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई के मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर निर्माणाधीन मेट्रो लाइन नंबर 4 के पिलर का स्लैब गिर गया। स्लैब एक ऑटो रिक्शा और स्कोडा कार पर गिरा। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं तीन लोग घायल हो गए। घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे एलबीएस रोड, जॉनसन एंड जॉनसन फैक्ट्री के पास की है। दबने से दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजनल डेवलपमेंट अथॉरिटी बयान में कहा कि हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

### अमृतसर एयरपोर्ट से 1.64 करोड़ का गांजा बरामद

**एजेंसी, अमृतसर।** नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत कस्टम विभाग को सफलता मिली है। कस्टम अमृतसर की टीम ने एयरपोर्ट पर स्पॉट प्रोफाइलिंग और बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान एक यात्री के सामान से 1 किलो 640 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.64 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह यात्री बैंकॉक से फ्लाइट नंबर एसएल 214 के माध्यम से श्री गुरु राम दास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर पहुंचा था। कस्टम अधिकारियों को उसके व्यवहार पर शक हुआ और जांच की गई तो बैग के अंदर छिपाकर रखा गया गांजा बरामद हुआ। (अनंत ज्ञान)

### अब यूरोप की आजादी की गारंटी नहीं : जर्मन चांसलर

**एजेंसी, म्यूनिख।** जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा है कि यूरोप की आजादी की अब गारंटी नहीं है। मर्ज के मुताबिक यूरोप अब यह मानकर नहीं चल सकता कि उसे अपने-आप सुरक्षा मिलती रहेगी। म्यूनिख में सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मर्ज ने माना कि यूरोप और अमेरिका के रिश्तों में गहरी दरार आ गई है। उन्होंने कहा कि नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म हो गई है, वैश्विक व्यवस्था अब उस रूप में मौजूद नहीं रही। मर्ज ने कहा कि दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- धर्मशाला अस्पताल में 16 से वसूला जाएगा टेस्ट शुल्क -पेज 2
- हिमाचल में स्मार्ट मीटर पर सियासी घमासान -पेज 3
- बजट सत्र को लेकर राजधानी शिमला में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था -पेज 7
- छोटी काशी में महाशिवरात्रि महोत्सव की पूजा-परंपरा -पेज 9
- सराहां को मुख्यमंत्री सुक्खू ने दी 32 करोड़ रुपए की सौगातें -पेज 12


# आरडीजी प्रदेश का हक : सीएम

## कहा- हिमाचली हितों के लिए भाजपा के अलावा बाकी सभी दल प्रदेश सरकार के साथ

अनंत ज्ञान

**सराहां, नाहन।** सिरमौर जिले के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के सराहां में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. वाई एस परमार को याद करते हुए कहा कि डॉ. परमार के समय से प्रदेश को राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) मिलता रहा, लेकिन 16वें वित्तायोग ने 77 साल पुरानी व्यवस्था को खत्म कर दिया। राजस्व घाटा अनुदान सरकार का नहीं, प्रदेश के लोगों का अधिकार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के लोगों के हितों की लड़ाई लड़ रही है।

सीएम सुक्खू ने कहा कि भाजपा नेताओं की मांग पर सर्वदलीय बैठक का स्थान बदला गया, लेकिन हिमाचल के हितों के लिए भाजपा खड़ी नहीं हुई, जबकि अन्य सभी दलों ने राजस्व घाटा अनुदान पर राज्य सरकार को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि बैठक में जब उन्होंने भाजपा नेताओं से पूछा कि क्या वह हिमाचल प्रदेश को राजस्व घाटा अनुदान मिलने के पक्ष में है तो उन्होंने एक शब्द भी नहीं कहा। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को प्रदेश को 10 हजार करोड़ रुपए की कटौती का मुद्दा प्रदेश की जनता के समक्ष रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग कोई खैरात नहीं मांग रहे, आरडीजी हिमाचल प्रदेश का हक है। राज्य सरकार अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ती रहेगी और इसमें लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है। भाजपा नेताओं को चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि वह प्रधानमंत्री के पास जाकर राजस्व घाटा अनुदान बहाल कराएं।

◆ **सराहां-चंडीगढ़ सड़क को किया जाएगा डबललेन**

सीएम सुक्खू ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार को पांच वर्षों में 70 हजार करोड़ रुपए की अतिरिक्त धनराशि मिली, लेकिन उन्होंने इसका सदुपयोग नहीं किया। अगर पूर्व भाजपा सरकार ने इस पैसे का सदुपयोग किया होता तो प्रदेश पर 76 हजार करोड़ रुपए का कर्ज और 10 हजार करोड़ की देनदारियां नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकार ने एक हजार करोड़ के भवन सिर्फ मित्रों को खुश करने के लिए बना दिए, जबकि वर्तमान राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिन-रात प्रयास कर रही है। 'गरीब और युवाओं का दर्द महसूस करना ही व्यवस्था परिवर्तन है।'



सराहां में सीएम सुक्खू व अन्य नेताओं को फूलों का हार पहनाते कांग्रेस कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

### अब अदरक का भी न्यूनतम समर्थन मूल्य देगी सरकार

**सीएम** ने कहा कि राज्य सरकार दूध पर समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है और अदरक पर भी न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया जाएगा। एक वर्ष के भीतर सराहां अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती की जाएगी साथ ही अल्ट्रासाउंड मशीन भी स्थापित होगी। उन्होंने सराहां में सीबीएसई स्कूल खोलने और सराहां-चंडीगढ़ सड़क मार्ग को डबललेन करने की भी घोषणा की।

### बोले- मुझमें चुनौतियों का सामना करने की क्षमता

**सीएम** ने कहा 'कुछ भी हो, मैं चुनौतियों का सामना करने और जीतने की क्षमता रखता हूं।' आपदा प्रभावितों की मदद के लिए राज्य सरकार ने कानून बदल दिया और पूरी तरह से घर क्षतिग्रस्त होने पर मिलने वाली डेढ़ लाख रुपए की आर्थिक सहायता को आठ लाख रुपए कर दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल के युवा सेना में जाकर देश सेवा करते हैं लेकिन अग्निवीर योजना लागू कर हिमाचल के युवाओं के साथ धोखा किया गया है। यही नहीं केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम ही नहीं बदला, बल्कि इस योजना की आत्मा को ही मार दिया, जो कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सोच का परिणाम थी। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने सबसे पहली योजना उन बच्चों के लिए बनाई, जिनका पालन-पोषण करने वाला कोई नहीं था। उन्हें सिर्फ सहानुभूति मिलती थी लेकिन राज्य सरकार ने कानून बनाकर 6,000 अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया, जहां 27 वर्ष की आयु पूरा होने तक सरकार ही उनकी माता व पिता होगी।

किन्नौर के भावानगर में हुआ दर्दनाक हादसा

# गहरी खाई में गिरी कार, दो महिलाओं समेत 4 की मौत

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** किन्नौर जिले के भावानगर उपमंडल में शनिवार सुबह 7 बजे टापरी से जानी की ओर जा रही कार एचपी 26 बी 8999 अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल को तुरंत उपचार के लिए छोल्टू अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। हादसे के समय वाहन में पांच लोग सवार थे।

मृतकों की पहचान हिमेश कुमार (19) पुत्र नरेश कुमार निवासी जानी निचार, कृष्णा (42) पत्नी नरेश कुमार, सुषमा (47) पत्नी रोशन लाल निवासी ग्रांगे निचार तथा इंद्र लाल (30) पुत्र हरि लाल निवासी जानी के रूप में हुई है। विद्या कृष्ण (32) पुत्र हरि लाल निवासी जानी घायल हैं। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टापरी भेजा गया है। हादसे के बाद क्षेत्र में मातम का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कार्यवाहक एसपी एवं डीएसपी भावानगर राजकुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की जा रही है।



खाई में गिरी कार। अनंत ज्ञान

### मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया शोक

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हादसे में चार लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ पूरी संवेदना के साथ खड़ी है।

# मैक्लोडगंज में अब बिना वीजा के यूगांडा की महिला गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में पुलिस ने बिना वैध वीजा के यूगांडा की एक महिला को पकड़ा है। विदेशी महिला वीजा के समाप्त होने के बाद भी भारत में रुकी हुई थी। जानकारी के अनुसार, महिला 11 फरवरी को ही दिल्ली से मैक्लोडगंज पहुंची थी। पिछले दिनों बिना वैध वीजा तथा कागजातों के मैक्लोडगंज में गिरफ्तार किए गए चीनी नागरिक के मामले के बाद सतर्क हुई पुलिस टीम चलाए गए विशेष अभियान के तहत इस महिला को पकड़ा है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार को पुलिस टीम निरीक्षण कर रही थी। अभियान के दौरान दोपहर करीब 12 बजे जब पुलिस टीम योंगलिंग स्कूल के पास पहुंची तो स्कूल के पास सीढ़ियों पर एक महिला खड़ी देखी। पुलिस टीम ने जब उक्त महिला से इसका पासपोर्ट व वीजा दिखाने के लिए कहा तो इस महिला ने अपने पासपोर्ट, इटीए की फोटो कॉपी फोन में दिखाई। पासपोर्ट फोटो, ऑनलाइन इटीए व पूछताछ से इस महिला के बिना वैध वीजा के भारत में रहने का खुलासा हुआ। पुलिस थाना मैक्लोडगंज में इसको लेकर महिला शमीम नाटुकंडा के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

◆ **11 फरवरी को मैक्लोडगंज पहुंची थी महिला, आज अदालत में की जाएगी पेश**

आरोपी महिला को रविवार को धर्मशाला के न्यायालय में पेश किया जाएगा। उधर, एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि एमिग्रेशन एंड फॉरनर एक्ट 2025 की धारा 23 (ए) के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच जारी है।

### फ्री वर्ल्ड ट्रेड एग्रीमेंट में भारत के हितों से कोई समझौता नहीं : पीयूष



**एजेंसी, मुंबई।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को मुंबई में कहा कि फ्री वर्ल्ड ट्रेड एग्रीमेंट में भारत के हितों से कोई समझौता नहीं किया गया है। इस ट्रेड एग्रीमेंट से दुनिया का 70 प्रतिशत व्यापार क्षेत्र भारत के लिए खुल गया है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री गोयल मुंबई स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में देश आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए बड़े आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री की पहल पर दुनिया के 38 देशों के साथ भारत के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट शुरू हो गए हैं और दुनिया का 70 प्रतिशत व्यापार क्षेत्र भारत के लिए खुल गया है। उन्होंने बताया कि यह एग्रीमेंट भारत के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद होगा। देश के सभी हितों की रक्षा करेगा और किसानों या किसी अन्य सेक्टर के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाएगा। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में कल से करवट लेगा मौसम

## 17-18 फरवरी को हल्की बारिश-बर्फबारी होने की संभावना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** फरवरी माह के सूखे व ठिठुरते दिनों के बीच राज्य में एक बार फिर मौसम के तेवर बदलने की आहट सुनाई दे रही है। अब तक चली बर्फबारी का छोटा सा दौर भले ही लंबा नहीं कहा जा सकता, लेकिन बिलकुल न होने से बेहतर जरूर माना जा रहा है। इसी बीच 16 फरवरी से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना ने पहाड़ों में उम्मीद की एक नई लहर जगा दी है। मौसम के जानकारों का कहना है कि 17 और 18 फरवरी को कई ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी और निचले इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है, जिससे ठंड एक बार फिर जोर पकड़ सकती है। हालांकि, यह स्पेल लंबा नहीं होगा, लेकिन फरवरी की रूखी तस्वीर में थोड़ी राहत जरूर जोड़ सकता है।



जानकारी के अनुसार, इससे पहले 15 फरवरी को प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में घना कोहरा छाने की आशंका जताई गई है। सुबह और शाम के समय दृश्यता कम हो सकती है, जिससे यातायात प्रभावित होने के आसार हैं। हालांकि 15 फरवरी तक अधिकतर क्षेत्रों में मौसम साफ बना रहेगा, लेकिन 16 फरवरी से बादलों की आवाजाही बढ़ने लगेगी और मौसम करवट ले सकता है। बागवानी के लिहाज से यह बदलाव अहम माना जा रहा है। सेब सहित अन्य फलदार फसलों के लिए फरवरी माह में पर्याप्त चिलिंग की आवश्यकता होती है। इस बार अब तक चिलिंग घंटों का आंकड़ा कई स्थानों पर संतोषजनक नहीं माना जा रहा है। ऐसे में हल्की बर्फबारी और ठंड का नया दौर बागवानों के लिए राहत भरी खबर हो सकता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि महीने के अंतिम सप्ताह तक और नमी मिल जाती है तो यह आगामी सीजन की फसल के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।

# भारत संग रिश्तों में बांग्लादेश के हित सर्वोपरि : तारिक रहमान

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश आम चुनाव में जीत के बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष तारिक रहमान ने शनिवार को पहली बार मीडिया से बात की। उन्होंने भारत-बांग्लादेश रिश्तों से जुड़े एक सवाल पर कहा कि हम बांग्लादेश के हितों को सबसे ऊपर रखेंगे। तारिक रहमान ने देशवासियों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि रास्ते और विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के हित में सभी को साथ रहना होगा। उनके मुताबिक, राष्ट्रीय एकता ही देश की ताकत है और बंटवारा कमजोरी। तारिक ने कहा कि आज से देश में सच्चे अर्थों में आजादी और अधिकार बहाल हुए हैं। उन्होंने बांग्लादेश की जनता को बधाई देते हुए कहा कि लोगों ने सभी मुश्किलों को पार कर देश में लोकतंत्र की राह बनाई है। (अनंत ज्ञान)



### लोगों ने 15 साल बाद जवाबदेह सरकार चुनी

**बीएनपी** अध्यक्ष ने कहा कि देश अब एक नई शुरुआत करने जा रहा है, लेकिन उसे कमजोर अर्थव्यवस्था, कमजोर संविधान और खराब कानून-व्यवस्था जैसी चुनौतियों का सामना करना होगा। तारिक रहमान ने कहा कि डेढ़ दशक से ज्यादा समय बाद जनता के सीधे वोट से ऐसी संसद और सरकार बनी है, जो लोगों के लिए जवाबदेह होगी।

# जज अपनी गलतियों से सीख लें: सीजेआई

## कहा- दिखावे से ज्यूडिशियल लीडरशिप को होता है नुकसान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा है कि न्यायिक नेतृत्व इस कारण कमजोर नहीं होता कि जज परफेक्ट नहीं हैं, बल्कि तब प्रभावित होता है, जब जज यह दिखाने लगते हैं कि वे बिलकुल परफेक्ट हैं।

उन्होंने न्यायिक नेतृत्व को देखने के तरीके में बदलाव की जरूरत बताई। साथ ही सुझाव दिया कि राष्ट्रमंडल (कॉमनवेल्थ) देशों में न्यायिक शिक्षा, बार (वकील) और बेंच (जज) को जोड़ने के लिए एक संस्था बनाई जानी चाहिए। शुक्रवार देर रात दिल्ली में कॉमनवेल्थ ज्यूडिशियल एजुकेटर्स की 11वीं द्विवार्षिक बैठक के उद्घाटन समारोह में मुख्य भाषण देते हुए उन्होंने कहा कि जज और न्यायिक संस्थाएं दोनों ही सीखने, सुधार करने और आगे बढ़ने में सक्षम होते हैं।

उन्होंने कहा कि जजों को अपनी सीमाओं का एहसास होना चाहिए। गलती की संभावना से सतर्क और सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। कानून एक जीवंत चीज है जो दुनिया के साथ बदलता है। (अनंत ज्ञान)

### विनम्रता एक पेशेवर सुरक्षा कवच



**सीजेआई** ने कहा कि जजों का काम केवल पुराने फैसलों (नजीर) की जानकारी रखना ही नहीं है, बल्कि कानून की ऐसी व्याख्या करना भी है, जो आज के समय में न्याय दिला सके। इतिहास में सबसे सम्मानित न्यायिक नेता वे थे, जिन्होंने खुद को पूर्ण नहीं बताया। वे अपनी सीमाओं को समझते थे, गलती की संभावना को स्वीकार करते थे और सीखने के लिए तैयार रहते थे। विनम्रता केवल व्यक्तिगत गुण नहीं है, बल्कि एक पेशेवर सुरक्षा कवच भी है। यह गुण हर न्यायिक अधिकारी को सिखाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के विषय 'न्यायिक नेतृत्व के लिए शिक्षा' पर उन्होंने कहा कि लंबे समय से यह माना जाता रहा है कि जज नियुक्ति के बाद पूरी तरह तैयार और परिपूर्ण हो जाते हैं। लेकिन यह सोच सही नहीं है।

# छत्तीसगढ़ में ट्रक और कार में टक्कर, चार जवान शहीद

**एजेंसी, धमतरी**

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के धमतरी के अर्जुनी थाना क्षेत्र में खपरी-धमतरी बायपास पर शनिवार तड़के बस्तर से लौट रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के चार जवानों की एक ट्रक और कार की जोरदार टक्कर में मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, जगदलपुर बटालियन से आ रही एक डिजायर कार खपरी बायपास के पास सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई।

यह टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही दो जवानों ने दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल दो अन्य जवानों ने अस्पताल पहुंचने के बाद अंतिम सांस ली। हादसे में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है, जिसका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही वरदान परमार्थ एंबुलेंस सेवा संस्था के शिवा प्रधान, डुमन साहू और हेमंत प्रधान तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षतिग्रस्त वाहन में फंसे जवानों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक मृत जवानों के नामों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी थी। दुर्घटना की खबर मिलते ही जिला अस्पताल में सेना के जवानों और अधिकारियों का जमावड़ा लग गया। (अनंत ज्ञान)

◆ **दो की मौके पर मौत, दो ने अस्पताल में ली अंतिम सांस**

**दावा** किताब लिखने से पहले कूलिंग-ऑफ पीरियड तय कर सकती है सरकार

# रिटायर्ड अफसर 20 वर्ष तक पब्लिश नहीं करा सकेंगे बुक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार सीनियर पोस्ट पर रहे अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट के 20 साल बाद का कूलिंग-ऑफ पीरियड लागू करने पर विचार कर रही है। इस पीरियड में रिटायर्ड अफसर अपनी सर्विस से जुड़ी किताब प्रकाशित नहीं कर सकेंगे।

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। कई मंत्रियों का मानना था कि मिलिट्री अधिकारियों समेत अहम पदों पर रहे अधिकारियों के लिए रिटायरमेंट के बाद किताब लिखने से पहले एक निश्चित कूलिंग-ऑफ पीरियड होना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक यह मुद्दा कैबिनेट के आधिकारिक 27 पॉइंट्स के एजेंडे में शामिल नहीं था, लेकिन सामान्य चर्चा के दौरान उठा।

बता दें कि हाल ही में पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश किताब को लेकर संसद में खूब हंगामा हुआ। हालांकि आर्मी ने किताब में शामिल सब्जेक्ट्स पर अपने ऑब्जर्वेशन रिकॉर्ड किए थे और आखिरी फैसला लेने के लिए इसे डिफेंस मिनिस्ट्री को भेज दिया था। डिफेंस मिनिस्ट्री ने अब तक पूर्व चीफ की किताब को अपनी क्लियरेंस नहीं दी है। (अनंत ज्ञान)

◆ **पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब बनी विवाद की वजह**

### संसद में किताब लेकर पहुंचे थे राहुल गांधी

**पूर्व** आर्मी चीफ नरवणे के मेमॉयर (किताब) 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' को लेकर विवाद 2 फरवरी को शुरू हुआ था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मेमॉयर में बताई गई घटनाओं का जिक्र करने की कोशिश की और सरकार ने इस पर कड़ा एतराज जताया, क्योंकि किताब पब्लिश नहीं हुई थी। बाद में गांधी किताब की एक कॉपी संसद में लाए, ताकि यह साबित हो सके कि किताब मौजूद है। जल्द ही, किताब का पीडीएफ सोशल मीडिया पर शेयर होने लगा। संसद से सामने आए मुद्दे पर दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। डिजिटल और दूसरे फॉर्मेट में मैन्युस्क्रिप्ट के गैर-कानूनी सर्कुलेशन की जांच भी शुरू कर दी।

### पब्लिशर पेंगुइन इंडिया ने दी यह सफाई

**किताब** की पब्लिशर पेंगुइन इंडिया ने एक बयान में कहा के किताब से जुड़ा जितना हिस्सा सर्कुलेशन में है, कॉपीराइट का उल्लंघन है। इसके बाद नरवणे ने चुप्पी तोड़ी और पब्लिशर के स्टैंड का समर्थन में कहा कि किताब पब्लिश नहीं हुई। न ही जनता के लिए उपलब्ध कराई गई है। रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि 31 अगस्त 2020 को पैंगोंग त्सो के दक्षिणी किनारे पर कैलाश रेंज में हुए डेवलपमेंट के बारे में उनका ब्योरा और भारतीय सेना को चीनी उकसावे का जवाब कैसे देना चाहिए, सरकार ने इस पर तुरंत कोई पॉलिटिकल निर्देश नहीं दिया था। यही विवाद की वजह है।








## न्यूज ब्रीफ

### सांसद सिकंदर ने शाह और नड्डा को भेंट की पुस्तक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राज्यसभा सांसद प्रो. (डॉ.) सिकंदर कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर अपनी पुस्तक मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण की अंग्रेजी और हिंदी प्रतियां भेंट की। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के विकास और जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई। सांसद ने केंद्र सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से राज्य के चौतरफा विकास में योगदान पर आभार व्यक्त किया। दोनों मंत्रियों ने पुस्तक की सराहना की और सांसद को बधाई दी।

### लंबागांव में छिंज प्रतियोगिता 18 को

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लंबागांव पंचायत में कुज्जेश्वर महादेव मंदिर के पास महाशिवरात्रि महोत्सव के अवसर पर छिंज मेला 15 फरवरी से शुरू होकर 18 फरवरी को छिंज प्रतियोगिता के साथ समापन होगा। जिला कांगड़ा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुराग शर्मा मुख्य अतिथि रहेंगे। छिंज प्रतियोगिता के विजेता को 15 हजार रुपए और उपविजेता को 11 हजार रुपए के साथ ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। मेले के आयोजन में छिंज कमेटी के अध्यक्ष परवीन राणा, उपप्रधान संजय चौधरी, महासचिव जोगिंदर मेहरा, सचिव ओम प्रकाश, कैशियर रमेश राणा, मंच संचालक पप्पू मेहरा सहित अन्य सदस्य सक्रिय रूप से शामिल रहेंगे।

### डॉ. सुकृत सागर बने रेलवे मंडल स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** देहरा विधानसभा के युवा समाजसेवी एवं भाजपा नेता डॉ. सुकृत सागर को रेलवे मंत्रालय, रेलवे बोर्ड नई दिल्ली द्वारा उतरी रेलवे की मंडल स्तरीय सलाहकार समिति (डीआरयूसीसी) का सदस्य नामित किया गया है। यह नियुक्ति हमीरपुर सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की अनुशंसा पर हुई। समिति रेल यात्रियों की सुविधाओं, नई सेवाओं, स्टेशन उन्नयन, स्वच्छता और सुरक्षा पर रेलवे प्रशासन को परामर्श देती है। डॉ. सुकृत सागर ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे कांगड़ा घाटी रेल लाइन की बहाली, ट्रेनों की संख्या में वृद्धि और यात्रियों की सुविधा जैसे स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। क्षेत्र के सामाजिक संगठन और भाजपा कार्यकर्ताओं ने नियुक्ति का स्वागत किया है।

### जहां भाजपा, वहां विकास की गारंटी : परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुलह विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहकर जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव किया है। जहां भाजपा है, वहां विकास की गारंटी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' पर आधारित है। परमार ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) ने गरीब परिवारों को पक्के घर दिए हैं, जल जीवन मिशन से हर घर तक नल का जल पहुंचा है, पीएम मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) ने युवाओं और छोटे उद्यमियों को ऋण उपलब्ध कराया है। पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि ने रेहड़ी-पटरी वालों को कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई और स्टैंड अप योजना से महिलाएं व अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के उद्यमियों को सशक्त बनाया गया।

### घराणा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के घराना में 10 से 16 फरवरी तक चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने उपस्थिति दर्ज करवाई। कथा वाचक अनिल डहरू ने विपिन परमार को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर थुरल मंडल अध्यक्ष विकास धीमान एवं पंचायतीराज प्रकोष्ठ के संयोजक सुरेश कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्रीमद्भागवत कथा का 16 फरवरी को हवन-यज्ञ व पूर्णाहुति के साथ समापन होगा। इस दिन भंडारे का आयोजन भी किया गया है।

### पठानिया ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि




**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रैत के समीप चंबी में धौलाधार सीआरपीएफ वेटरन्स ग्रुप द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम 14 फरवरी 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में आयोजित किया गया। पठानिया ने हिमाचल के वीर जवानों के अद्वितीय योगदान और साहस को याद करते हुए शहीदों के परिवारों के सम्मान पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सैनिकों को अब तक 4 परमवीर चक्र, 2 अशोक चक्र, 10 महावीर चक्र और 25 कीर्ति चक्र मिल चुके हैं। कार्यक्रम में वीर नारियों का सम्मान किया गया, शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखा गया।

### धर्मशाला में 19-20 को जॉब फेयर 2026

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल के युवाओं के लिए न्यू यूएस धर्मशाला 19 और 20 फरवरी को धर्मशाला में जॉब फेयर आयोजित कर रहा है, जिसमें 100 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी। को-ऑर्डिनेटर यशिका ने बताया कि इसमें हॉस्पिटैलिटी, एविएशन, गेमिंग, कस्टमर केयर, वेब डेवलपमेंट, एनालिटिक्स, डिजिटल मार्केटिंग, ग्राफिक डिजाइन और वीडियो एडिटिंग जैसे क्षेत्रों में योग्य युवाओं का चयन किया जाएगा। गेमिंग सेक्टर के लिए विशेष चयन प्रक्रिया आयोजित होगी, जिसमें गैर-आईटी बैकग्राउंड वाले उम्मीदवार भी भाग ले सकते हैं। पात्रता बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए और बीटेक के लिए है। भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 299 रुपये है और रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन या धर्मशाला में किया जा सकता है।

# कलश यात्रा के साथ काठगढ़ शिव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

## विधायक मलेंद्र ने किया शुभारंभ और श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की दी शुभकामनाएं

अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** ऐतिहासिक शिव मंदिर काठगढ़ में तीन दिवसीय जिलास्तरीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को कलश यात्रा एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। विधायक मलेंद्र राजन ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की।

प्राचीन ऐतिहासिक शिव मंदिर सुधार सभा काठगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभा के अध्यक्ष ने विधायक एवं अन्य गणमान्य अतिथियों को पारंपरिक पगड़ी व हिमाचली टोपी भेंट कर सम्मानित किया। विधायक मलेंद्र राजन ने कहा कि मेले और त्यौहार हमारी आस्था व संस्कृति के प्रतीक हैं, जिन्हें संरक्षित रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्राचीन काठगढ़ महादेव मंदिर, गंगथ क्यालु बाबा महाराज मंदिर एवं डमटाल राम मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों को धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश के पर्यटन विभाग के होटलों में हिमाचल प्रदेश के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों की जानकारी एवं चित्र प्रदर्शित किए जाते हैं, जिनमें इन स्थलों को भी शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लगभग 12 करोड़ रुपए की लागत से इंदौरा-काठगढ़ मार्ग का उन्नयन कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इंदौरा से काठगढ़ तक सोलर लाइटें लगाई जाएंगी तथा 10 लाख रुपये की लागत से स्वागत द्वार का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने काठगढ़ शिव मंदिर परिसर एवं पार्क क्षेत्र में लाइटें लगाने तथा मंदिर में विकास कार्यों के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 51 हजार रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रवृत्ति प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व विधायक ने मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा शोभायात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर महंत कालिदास, काठगढ़ मंदिर सुधार सभा के प्रधान ओम प्रकाश कटोच, महंत नितिन कुमार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष देविंदर मनकोटिया, पूर्व प्रधान भूपाल कटोच, पौंग बांध निदेशक विशाल ठाकुर, कुलदीप शर्मा, ओबीसी सेल अध्यक्ष केवल कृष्ण, पूर्व प्रधान सुधीर पठानिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता कटोच सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



विधायक मलेंद्र राजन ने मंदिर में की पूजा-अर्चना। अनंत ज्ञान

### नई दिल्ली में हिमाचलियों से ओवर चार्जिंग रोका जाए : डॉ. राजीव भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से हिमाचल भवन सदन नई दिल्ली के रेस्टोरेंट में मूल हिमाचलियों से ओवर चार्जिंग रोकने की मांग की है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में सांसद ने लिखा कि हिमाचल के विभिन्न हिस्सों से चलने वाली हिमाचल रोडवेज की वॉल्वो बसें हिमाचलियों को सुबह हिमाचल भवन नई दिल्ली के बाहर उतरती हैं और यह लोग चाय, ब्रेकफास्ट के लिए हिमाचल भवन के रेस्टोरेंट में जाते हैं, लेकिन हिमाचल पर्यटन निगम लिमिटेड द्वारा संचालित किए जा रहे इस रेस्टोरेंट के प्रबंधक इन लोगों से कमर्शियल रेट चाज करते हैं, जोकि सरकारी दरों से दोगुने से भी ज्यादा होते हैं। यह रेट बाहरी लोगों के लिए तय किए जाते हैं। उन्होंने हिमाचल पर्यटन निगम लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर को दिशा निर्देश देने का अनुरोध किया।

## धर्मशाला अस्पताल में 16 से वसूला जाएगा टेस्ट शुल्क

- **पर्ची शुल्क 10 रुपए लगेगा और 15 दिन के लिए होगी वैध**
- **अल्ट्रासाउंड के 250 रुपए, ईसीजी शुल्क देना होगा 50 रुपए**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय स्थित जोनल अस्पताल धर्मशाला में 16 फरवरी से मरीजों को टेस्ट शुल्क देना होगा। साथ ही पर्ची शुल्क के रूप में 10 रुपए वसूले जाएंगे और पर्ची 15 दिन के लिए वैध होगी। यही नहीं अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के 250 रुपए, जबकि ईसीजी का 50 रुपए और सामान्य फिजियोथेरेपी के लिए 120 रुपए शुल्क चुकाना होगा।

हाल ही में आयोजित अस्पताल की रोगी कल्याण समिति की बैठक में टेस्ट शुल्क बढ़ाने पर सहमति बनी थी, ऐसे में अब यह दरें 16 फरवरी से अस्पताल में लागू होंगी। अस्पताल में एनडीवाईएजी कैप्सुलोटॉमी और पेरिफेरल इरिडोटॉमी के 600 रुपए, मेजर ऑपरेशन एनेस्थीसिया के 80 और माइनर ओटी एनेस्थीसिया के तौर पर 60 रुपए शुल्क चुकाना होगा। इसके अलावा एफएनएसी के 120 रुपए, सीआरम चार्ज 600 रुपए, पयोर टोन ऑडियोमैटरी 120 रुपए, टीसीएस ऐपलिकेशन चार्जिज 120 रुपए, ओएई 60, क्यूटरी चार्ज 60 रुपए, टीसीएस ऐपलिकेशन चार्ज के तौर पर 40 पर शुल्क चुकाना होगा। इन नई दरों के तहत होटल, दुकान और बीयर बार के लिए मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाने के 1200 रुपए चुकाने होंगे, जबकि गन लाइसेंस और नियमित नौकरी के दौरान बनने वाले मेडिकल प्रमाण पत्र के लिए शुल्क के तौर पर 840 रुपए शुल्क अदा करना होगा। फर्स्ट जॉब, ड्राइवर-कंडक्टर, पासपोर्ट और रिटेल शॉप के लिए मेडिकल बनवाने का 480 रुपए शुल्क प्रदान करना होगा। सिंपल एक्सट्रेक्शन के 60 रुपए, सर्जिकल एक्सट्रेक्शन के 240 रुपए जबकि आरसीटी, स्केलिंग और सीवाईएसटी और पैरियोडोनटल स्पलिटिंग के तौर पर 600 रुपए शुल्क चुकाना होगा। इसके साथ ही एपीसकैटमी के1200 रुपए, लाइट क्योर फिलिंग 360 रुपए, जीआईसी फिलिंग और यूटिलाइजिंग आरवीजी फैसिलिटी के तौर पर 120 रुपए शुल्क नई दरों के तहत प्रदान करने होंगे, जबकि कंपलिंट डेंटन 2400, रिमूवल पार्शियल डेंटल और डेंटल आर्थो रिमूव के 600 रुपए शुल्क अदा करने होंगे। डेंटल ऑर्थो फिक्स के 2400, डेंटल एक्स-रे के 70 रुपए, डॉपलर के 300 रुपए, पोस्टमार्टम फीस 300, जबकि वेटर मिड-डे के लिए मेडिकल बनाने के 120 रुपए शुल्क देना होगा।

उधर, जोनल अस्पताल धर्मशाला की एमएस डा. अनुराधा शर्मा ने बताया कि आरकेएस की बैठक में टेस्टों शुल्क रेटबढ़ाने पर सहमति बनी थी, जिन्हें सोमवार से लागू किया जा रहा है।

### जनता देख रही हिमाचल का सच्चा हितैषी कौन : भंडारी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश की वित्तीय सुरक्षा दांव पर लगी है। राजस्व घाटा अनुदान जैसे गंभीर मुद्दे पर आम आदमी पार्टी ने सबसे पहले 4 फरवरी को ही प्रदेश सरकार को झकझोरते हुए सर्वदलीय बैठक बुलाने का औपचारिक सुझाव दिया था। आम आदमी पार्टी, हिमाचल प्रदेश के स्टेट कॉर्डिनेटर व जिला कांगड़ा मीडिया प्रभारी कल्याण भंडारी ने प्रेस बयान में कहा कि आरडीजी कोई राजनीतिक खिलौना नहीं, बल्कि प्रदेश के अस्तित्व, विकास और आर्थिक संतुलन का आधार है। संविधान के अनुच्छेद 275 के तहत विशेष राज्यों को यह सहायता अधिकार है न कि कंद्र की दया या भिक्षा, लेकिन उक्त सर्वदलीय बैठक से भाजपा के बॉयकॉट ने भाजपा की प्रदेश इकाई का असली चेहरा उजागर कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का साझा हित उनके लिए कुछ नहीं, सिर्फ राजनीतिक समीकरण ही सर्वोपरि हैं। भंडारी ने भाजपा नेताओं से जवाब तलबी की और कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार बैठी है, तो हिमाचल के हक की दहाड़दार पैरवी हिमाचल प्रदेश से सात सांसद एवं पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री क्यों नहीं कर रहे। सर्वदलीय एकजुटता से केंद्र को आईना दिखने का डर क्यों सता रहा है या प्रदेशहित पर स्पष्ट रुख लेने से इसलिए कतरा रहे हो कि कहीं केंद्रीय आका नाराज न हो जाएं। भंडारी ने कहा कि प्रदेश की जनता आंखें खोल रही है कि कौन हिमाचल का सच्चा हितैषी है, और कौन केंद्र के इशारों पर नाच रहा है। साथ में आम आदमी पार्टी भविष्य में पर्दाफाश करेगी कि आर्थिक कुप्रबंधन के चलते सूबे की मौजूदा वित्तीय बदहाली के लिए कौन जिम्मेदार है।

## पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में चिकित्सा शिविर का किया आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल शाहपुर द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टाफ को स्वास्थ्य संबंधी जागरुकता प्रदान करना तथा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच सुविधा उपलब्ध कराना था।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप, शुगर जांच, हीमोग्लोबिन परीक्षण एवं अन्य आवश्यक परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। लगभग 200 विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने इस शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रवीन कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इसलिए नियमित स्वास्थ्य जांच एवं जागरुकता अत्यंत आवश्यक है। चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व पर भी जानकारी दी। शिविर के अंत में प्रतिभागियों को आवश्यक परामर्श एवं स्वास्थ्य संबंधी सुझाव प्रदान किए गए। कॉलेज प्रबंधन एवं समस्त स्टाफ ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया। सभी प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## विधायक किशोरी लाल ने शिवरात्रि महोत्सव की सफलता के लिए की पूजा

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव-2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन की कामना करते हुए शनिवार को पवित्र बैजनाथ शिव मंदिर तथा आवाही नाग मंदिर में पूजा-अर्चना कर देव आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं सतत प्रगति के लिए प्रार्थना की। शिवरात्रि महोत्सव के उपलक्ष्य पर आयोजित प्रथम महाशिवरात्रि ओपन रैपिड चैस चैंपियनशिप 2026 का शुभारंभ महाराजा पैलेस बैजनाथ में हुआ, जिसमें विधायक किशोरी लाल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

इसके उपरांत विधायक ने नागमोड़ ग्राउंड में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में भाग लिया। प्रतियोगिता में स्नो टाइगर पालमपुर की टीम विजेता रही, जिसे 51 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की। भोरा 11 टीम उपविजेता रही और उसे 31 हजार की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। विधायक ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया।

### एसडीएम ने की प्रशासन का सहयोग करने की अपील

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राज्यस्तरीय शिवरात्रि महोत्सव-2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए मेला समिति के अध्यक्ष एवं उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम ने भी प्राचीन शिव मंदिर बैजनाथ तथा आवाही नाग मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और शिवरात्रि महोत्सव के शांतिपूर्ण, भव्य एवं सफल आयोजन की कामना की। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। प्रशासन एवं महोत्सव समिति इस आयोजन को गरिमामय एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी आह्वान किया कि वे महोत्सव में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए प्रशासन का सहयोग करें तथा इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अक्षित शर्मा, मंदिर समिति के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

### शाहपुर में पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश शहरी इकाई शाहपुर की विशेष बैठक प्रधान सेठ राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर और विशेष अतिथि रविन्द्र राणा, मनमोहन पठानिया, ईश्वर दास चौधरी, जीएस डढवाल, साहिब सिंह उपस्थित रहे। प्रधान सेठ राम ने बताया कि प्रदेश सरकार जनवरी 2016 से जनवरी 2022 तक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संशोधित पेंशन, ग्रेच्युटी, कम्युटेशन और लीव इनकैशमेंट का भुगतान नहीं कर रही है। बैठक में बकाया राशि, 13 फीसदी महंगाई भत्ता, 146 माह के एरियर और मेडिकल बिलों के भुगतान का प्रस्ताव पारित किया गया। सुरेश ठाकुर ने बताया कि 18 फरवरी 2026 को शिमला चौड़ा मैदान में सांकेतिक धरना और बजट सत्र के पहले दिन विशाल रैली आयोजित की जाएगी।

### चढ़िया गैस सर्विस को मिला प्रथम पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड की ओर से आयोजित इंडेन वितरक संवाद एवं सम्मान समारोह पालमपुर में आयोजित किया गया। समारोह में इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक आशुतोष गुप्ता, स्टेट हेड जीएम-एलपीजी अनिल कुमार मेहर और एलपीजी सेल्स हेड शिमला मोहम्मद अमीन उपस्थित रहे। इस समारोह में चढ़ियार गैस सर्विस को ग्रामीण इनएफआर सेल में प्रथम, ग्रामीण डीएसी में प्रथम और ई-केवाईसी में द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चढ़ियार गैस एजेंसी के एमडी सुशील कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि टीम की मेहनत, समर्पण और ईमानदार सेवा का परिणाम है और उन्होंने इंडियन ऑयल के सभी अधिकारियों का धन्यवाद किया।

### रेलवे ट्रैक बहाली के लिए रेल मंत्रालय को भेजा ज्ञापन

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, देहरा।** पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे ट्रैक की शीघ्र बहाली को लेकर शनिवार को एडवोकेट शिवेंद्र सैनी की अध्यक्षता में गुलेर रेलवे स्टेशन पर स्थानीय लोगों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन स्टेशन मास्टर के माध्यम से डीआरएम जम्मू डिवीजन और भारतीय रेल मंत्रालय को प्रेषित किया गया। इसमें मांग की कि क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाने वाली रेल सेवा जल्द बहाल की जाए। रेल सेवा बंद होने से आम जनता, व्यापारी वर्ग, विद्यार्थियों और दैनिक यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और स्थानीय अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है। गुलेर व्यापार मंडल के सदस्य भी उपस्थित रहे और रेल बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया। शिवेंद्र सैनी ने प्रशासन से आग्रह किया कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए रेलवे संचालन में तेजी लाई जाए।

### आरएस बाली को बताईं मल्टी टास्क वर्कर्स की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर्स यूनियन जिला कांगड़ा के अध्यक्ष विपन ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल शनिवार को कांगड़ा में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली से मिला। बैठक में शिक्षा विभाग में लगे 7,000 मल्टी टास्क वर्करों की समस्याओं को उजागर किया गया। विपन ठाकुर ने बताया कि तीन साल से कोई नीति नहीं बनाई गई और बजट में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, जिससे हैंडिकैप्ड, विंडो और अनाथ वर्कर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 5,625 रुपए में परिवार का पालन करना मुश्किल है। आर एस बाली ने पूर्ण आश्वासन दिया कि समस्याओं को सरकार के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा।

### कांग्रेस सरकार कर रही जनता को गुमराह : बिक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक और पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) में कटौती का विलाप जनता को गुमराह करने की सोची-समझी साजिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार अपने चहेतों को कैबिनेट रैंक बांटकर प्रदेश पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाल रही है और विकास कार्य ठप होने की कगार पर हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र पर दोषारोपण करने के बजाय सरकार को फिजूलखर्ची रोकने और आय के संसाधन जुटाने पर ध्यान देना चाहिए। यूजीसी नियम और आरक्षण मामले पर भी उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गहन अध्ययन कर रही है और सुप्रीम कोर्ट में ऐसा पक्ष रखा जाएगा जिससे किसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों का हनन न हो।

### एससी/एसटी व ओबीसी समाज ने निकाली रैली

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला कांगड़ा में शिक्षा और सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर एससी/एसटी और ओबीसी समाज ने शनिवार को नूरपुर के गनोह से जवाली तक रैली का आयोजन किया। रैली में सैकड़ों लोग शामिल हुए और समाज ने अपनी ताकत और एकता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रवि कुमार, ओबीसी नेता सुरेंद्र बडियाल, इकाई अध्यक्ष सुरजीत खट्टा सहित अन्य नेताओं ने मंच से युवाओं और समाज के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने यूजीसी बिल को शीघ्र लागू करने और ओबीसी समाज के लिए 93वें संशोधन की मांग दोहराई। नेताओं ने नोट फाइंड सूटेबल (एनएफएस) योजना को बंद करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। रैली ने शिक्षा और सामाजिक न्याय पर समाज की सक्रियता को स्पष्ट किया।

### पालमपुर के दिनेश चिट्टे पर बनाएंगे लघु फिल्म

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** हिमाचल में फैल रहे चिट्टे जैसे घातक जहर से युवाओं को जागरूक करने के लिए पालमपुर के व्यवसायी, समाजसेवी एवं कलाकार दिनेश बुटेल एक लघु फिल्म बनाने जा रहे हैं। दिनेश बुटेल ने बताया कि प्रदेश में फैल रहे चिट्टे के अवैध कारोबार में युवाओं के साथ साथ युवतियां भी शामिल हो गई हैं। जल्द अमीर होने के चक्र में कई पुलिस के जवान, तथा कई अन्य विभागों के कर्मचारी भी इस जहर को बेच कर हमारे समाज को खोखला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे प्रदेशों में पढ़ाई करने गए हिमाचल के बहुत से युवा तथा युवतियां इस चिट्टे की गिरफ्त में आ चुके हैं। बुटेल ने कहा कि इस धीमे जहर से लोगों को जागरूक करने के लिए मैं एक साइलेंट किलर' नाम की लघु फिल्म बनाने जा रहा हूं। ये फिल्म एक घंटा बीस मिनट की होगी जिसे बीस-बीस मिनट के एपिसोड में विभाजित किया जाएगा।

### कांग्रेस नेता देवदत्त के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और द्रमण निवासी देवदत्त शर्मा का शनिवार को हार्ट अटैक से निधन हो गया है। उनके निधन पर शाहपुर विधायक एवं मुख्य उप सचेतक केवल सिंह पठानिया ने निजी क्षति करार देते हुए उनके निधन पर गहरा दुःख और शोक व्यक्त किया है। उन्होंने आज के सारे कार्यक्रम स्थगित करते हुए उनके निवास स्थान जाकर परिजनों के साथ अपनी संवेदना व्यक्त की है। उनके निधन पर शाहपुर चंगर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक भारती, ओपी गुलेरिया, सुरजन सिंह, ठाकुर सिंह, बुधी सिंह राणा, मंजीत राणा, जोगिंदर पाल शर्मा, जोगिंदर जम्वाल, सतिंदर शास्त्री, संजय कुमार, रेखा चौधरी और तरसेम पटियाल सहित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गहरा दुःख और शोक व्यक्त किया है।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल के 100 स्टूडेंट्स ने किया आईआईटी जम्मू का भ्रमण



नवोन्मेषी परियोजनाओं व शोध मॉडलों को देखा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल, पठानकोट के 100 विद्यार्थियों ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जम्मू का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संकाय सदस्यों और शोधार्थियों के साथ संवाद किया, जिन्होंने उच्च शिक्षा, शोध, नवाचार और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में करियर संभावनाओं पर जानकारी साझा की। इस सत्र ने विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने, परिसर जीवन को समझने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक समर्पण और परिश्रम की समझ दी।

विद्यार्थियों ने परिसर में आयोजित विज्ञान मेले में भी भाग लिया, जहां नवोन्मेषी परियोजनाएं, शोध मॉडल और तकनीकी प्रदर्शनों को देखा। इस प्रदर्शनी ने उनकी जिज्ञासा और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया। स्कूल के निदेशक सनी महाजन ने कहा कि आईआईटी जम्मू का अनुभव विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और स्पष्ट दृष्टिकोण प्राप्त करने का आत्मविश्वास देता है।

प्रधानाचार्या सुभ्रा रानी ने कहा कि यह भ्रमण विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और शैक्षणिक उत्कृष्टता के संकल्प को मजबूत करता है। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों में महत्वाकांक्षा, नवाचार और आजीवन सीखने की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु भविष्य में ऐसे शैक्षणिक भ्रमण जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

### पुलवामा हमले के शहीद जवानों की स्मृति में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धर्मशाला इकाई की ओर से धर्मशाला में वर्ष 2019 के पुलवामा हमला में शहीद हुए 40 वीर जवानों की पावन स्मृति में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इसके पश्चात कॉलेज परिसर से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर इकाई सचिव अंशुल शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पुलवामा हमले की घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा शहीदों के बलिदान को सदैव स्मरण रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए हमारे जवानों का त्याग अमूल्य है और युवाओं का कर्तव्य है कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने राष्ट्र की सेवा एवं शहीदों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## श्री साई कॉलेज बधानी में आईबीएम आईसीई-डे टेककनेक्ट का आयोजन

अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** श्री साई कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बधानी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग ने आईबीएम आईसीई के सहयोग से 12, 13 और 14 फरवरी को आईबीएम आईसीई-डे टेककनेक्ट 2026 का आयोजन किया। तीन दिवसीय इस तकनीकी कार्यक्रम में छात्रों ने पोस्टर डिजाइन, शोध पत्र प्रस्तुति और परियोजना प्रस्तुति प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

थिंकफेस्ट 2026 के तहत बीबीए छात्रों के लिए एक गहन 8 घंटे का हैकाथॉन भी आयोजित किया गया, जिसने नवाचार, टीम वर्क और समस्या-समाधान के लिए एक मंच प्रदान किया। आईबीएम आईसीई मुख्यालय, बेंगलुरु के विशेषज्ञ छात्रों के निरंतर मूल्यांकन, मार्गदर्शन और सहायता के लिए परिसर में उपस्थित थे, जिससे उद्योग के अनुरूप मूल्यांकन और मार्गदर्शन सुनिश्चित हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चेयरमैन इंजीनियर एसके पुंज, मेडम तृप्ता पुंज और आईबीएम प्रमुख विकारुद्दीन सुरकी द्वारा अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ आईबीएम आईसीई सॉफ्टवेयर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन था। ग्रुप सीएमडी कंवर तुषार पुंज और उपाध्यक्ष रिया पुंज ने आईबीएम टीम के साथ मिलकर आईबीएम आईसीई इनोवेशन लाउंज का भी उद्घाटन किया। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। बीटेक सीएसई की पूर्व-अंतिम वर्ष की छात्रा तान्या को कंपनी में नौकरी मिल गई है। इसी प्रकार, बीबीए डीएस की अंतिम वर्ष की छात्रा जुबेदा का भी चयन हुआ, जो कॉलेज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह आयोजन उद्योग के साथ सहयोग, कौशल विकास और छात्रों को वैश्विक व्यावसायिक अवसरों के लिए तैयार करने के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वर्कशॉप पर ग्रुप के चेयरमैन एसके पुंज, एमडी तृप्ता पुंज रिया पुंज और साथ में जयश्री पद्मनाभन, मिस गिरिजा, चिदानंद, विकेश, मिस प्रसन्ना, डायरेक्टर रणजीत सिंह, प्रिंसिपल डॉ. विपिन गुप्ता, सजय पंडित, समिंदर तलवार, डॉ. नेहा तुली, डॉ. अनिल हंसपाल, सुलक्ष्य कुमार मुर्गही, अश्वनी शर्मा और स्टाफ मौजूद रहा।




स्टूडेंट्स ने पोस्टर डिजाइन, शोध पत्र स्पर्धा में भाग लिया। अनंत ज्ञान

# हिमाचल में स्मार्ट मीटर पर सियासी घमासान

## किसान संगठनों, महिला मंडलों और कर्मचारी यूनियनों का विरोध तेज

अनंत ज्ञान



**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर योजना इन दिनों सूबे की सियासत और सामाजिक बहस का केंद्रीय मुद्दा बन चुकी है। गांवों की चौपालों से लेकर शहरों की गलियों तक चर्चा का एक ही विषय है, क्या यह योजना पारदर्शिता और सुधार की दिशा में कदम है या आम उपभोक्ता पर थोपा गया अतिरिक्त आर्थिक बोझ? राज्य संयुक्त किसान मंच के सह संयोजक संजय चौहान सहित कई सामाजिक संगठनों ने इसे जनविरोधी बताते हुए तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। प्रदेश भर में उठती आवाजें इस बात का संकेत दे रही हैं कि मामला अब प्रशासनिक दायरे से निकलकर व्यापक जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के सबसे बड़े जिला कांगड़ा, हमीरपुर, मंडी, कुल्लू और राजधानी शिमला सहित कई जिलों में विरोध के स्वर एक साथ गूंज रहे हैं। धर्मशाला और फतेहपुर में महिला मंडलों तथा कर्मचारियों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किए, तो सुजानपुर में ग्रामीणों ने प्रीपेड व्यवस्था पर सवाल उठाए। मंडी और नेरचौक में किसान संगठनों ने इसे निजीकरण की ओर बढ़ता कदम करार दिया।

राजधानी शिमला में भी कर्मचारी यूनियनों और उपभोक्ता मंचों ने सरकार से स्पष्ट आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग की है, अब तक कितने स्मार्ट मीटर लगाए गए, कितने जिलों में कार्य प्रगति पर है और किन क्षेत्रों में

### किसी भी उपभोक्ता के साथ नहीं होगा अन्याय : सीएम

**वहीं,** स्मार्ट मीटर को लेकर सरकार ने दलील दी है कि स्मार्ट मीटर से बिलिंग में पारदर्शिता आएगी, बिजली चोरी पर अंकुश लगेगा और उपभोक्ता अपनी खपत की निगरानी स्वयं कर सकेंगे। बाकायदा इस बाबत मुख्यमंत्री की ओर से भी आश्वासन दिया गया है कि जहां भी तकनीकी खामियां सामने आएंगी, उन्हें तुरंत दूर किया जाएगा और किसी उपभोक्ता के साथ अन्याय नहीं होगा। हालांकि, आधिकारिक स्तर पर अब तक लगाए गए मीटरों की समेकित और अद्यतन संख्या सार्वजनिक न होने से भ्रम की स्थिति बनी हुई है। बावजूद इसके ऐसे में जनता पारदर्शी संवाद और ठोस सुरक्षा प्रावधानों की मांग कर रही है, ताकि सुधार की राह पर भरोसे की बुनियाद मजबूत हो सके।

- **तकनीकी सुधार के साथ बढ़ा आर्थिक बोझ**
- **जिलों में विरोध की लहर तेज राजधानी भी अछूती नहीं**

तकनीकी दिक्कतें सामने आई हैं, लिहाजा, प्रदेश स्तर पर फैलता यह असंतोष सरकार के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है।

राजनीतिक मोर्चे पर भी यह मुद्दा गरमा गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने खुलकर स्मार्ट मीटर नीति का विरोध करते हुए आरोप लगाया है कि बिना व्यापक जनपरामर्श के इसे लागू किया जा रहा है। पार्टी नेताओं का कहना है कि गरीब और सीमित आय वर्ग के परिवारों के लिए रिचार्ज आधारित बिजली आपूर्ति जोखिमपूर्ण साबित हो सकती है। कर्मचारी संगठनों का तर्क है कि इससे विभागीय ढांचे और रोजगार सुरक्षा पर भी असर पड़ सकता है। विपक्ष और जनसंगठनों की एकजुटता ने इस मुद्दे को और अधिक धार दे दी है।





# राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि हिमाचल प्रदेश को देवभूमि के नाम से जाना जाता है और महाशिवरात्रि यहां मनाए जाने वाले प्रमुख एवं पावन पर्वों में से एक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह शुभ अवसर प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का संचार करेगा।

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने अपने बधाई संदेश में कहा कि प्रदेश के लोग प्राचीन काल से ही पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ महाशिवरात्रि का पर्व मनाते आ रहे हैं। उन्होंने कामना की कि यह महापर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और सद्भाव को और सुदृढ़ करते हुए प्रदेश के जन-जन के जीवन में नई उमंग, ऊर्जा और उत्साह का संचार करे।

# प्रदेश में आउटकम बजटिंग से बदलेगा शासन का चेहरा

## परिणामों पर केंद्रित नई पहल, नीति से परिणीति 2.0 के तहत नोडल अधिकारियों का क्षमता संवर्धन



शिमला में आयोजित आउटकम बजटिंग कार्यशाला में भाग लेते अधिकारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आउटकम बजटिंग पर आधारित क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य केवल बजट निर्माण की प्रक्रिया को सुदृढ़ करना नहीं, बल्कि नीतियों को धरातल पर वास्तविक परिणामों में रूपांतरित करना है, ताकि सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ नागरिकों के जीवन स्तर में परिलक्षित हो सके।

शिमला में आयोजित इस क्षमता निर्माण कार्यशाला का विषय था 'नोडल अधिकारियों की क्षमता का सुदृढ़ीकरण आउटकम बजटिंग के माध्यम से नीति को कार्य निष्पादन में रूपांतरित करना'। यह कार्यशाला नीति से परिणीति 2.0 शृंखला के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका लक्ष्य विभागीय नियोजन प्रणालियों को अधिक सशक्त और परिणाम आधारित बनाना है। कार्यक्रम का आयोजन नीति आयोग के स्टेट सपोर्ट मिशन के अंतर्गत स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन सेल के सहयोग से तथा तकनीकी भागीदार के रूप में गिज इंडिया के सहयोग से किया गया।

योजना विभाग के सलाहकार डॉ. बसु सूद ने कहा कि आउटकम बजटिंग केवल आंकड़ों और वित्तीय प्रपत्रों का अभ्यास नहीं है, बल्कि यह शासन की सोच में परिवर्तन का माध्यम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभागीय प्राथमिकताओं को ऐसे मापनीय और ठोस परिणामों से जोड़ना आवश्यक है, जो नागरिकों के जीवन में वास्तविक सुधार सुनिश्चित करें।

विशेष सत्रों में राज्यों के लिए नीति आयोग की भूमिका के साथ राज्य स्तरीय संस्थागत क्षमताओं के सुदृढ़ीकरण तथा साक्ष्य आधारित नीति निर्माण को प्रोत्साहन देने के उपायों पर प्रकाश डाला गया। डाटा आधारित नियोजन और बजटिंग पर हुई चर्चाओं में डाटा की गुणवत्ता, उसके सुव्यवस्थित प्रवाह और निगरानी तंत्र की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। साथ ही यह बताया गया कि सतत विकास लक्ष्यों के साथ विभागीय योजनाओं का समन्वय किस प्रकार राज्य की वैश्विक प्रतिबद्धताओं को सशक्त बनाता है।

# डॉ. सिकंदर कुमार ने केंद्रीय मंत्रियों को भेंट की पुस्तक

अनंत ज्ञान



अमित शाह से भेंट करते हुए डॉ. सिकंदर ।

**ब्यूरो, शिमला।** डॉ. सिकंदर कुमार, राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश महामंत्री भाजपा ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से शिष्टाचार भेंट कर अपनी स्वरचित पुस्तक 'मोदी युग में भारत का आर्थिक सशक्तिकरण' की प्रति भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने हिमाचल प्रदेश में केंद्र के सहयोग से संचालित विकासात्मक परियोजनाओं की प्रगति, पहाड़ी भूगोल की चुनौतियों और दूरदराज़ इलाकों तक जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच पर विस्तार से चर्चा की।

डॉ. सिकंदर ने केंद्रीय बजट 2026-27 में हिमाचल के लिए बुनियादी ढांचे के विकास को मिली प्राथमिकता पर केंद्र सरकार का आभार जताया। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में कर हस्तांतरण के तहत 13,949 करोड़ रुपए तथा अनुदान सहायता में 10,243 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जबकि 2020-21 से 2025-26 तक पूंजीगत व्यय की विशेष सहायता योजना के अंतर्गत 8,309 करोड़ रुपए का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया गया है।

# आरडीजी पर कोरी राजनीति और मित्रों पर खजाना लुटा रही कांग्रेस सरकार : जयराम

अनंत ज्ञान



ज्वालाजी मंदिर में शीश नवाते जयराम ठाकुर। अनंत ज्ञान

- **कांगड़ा प्रवास के दौरान मां ज्वालाजी मंदिर में नवाया शीश**

**धर्मशाला/ज्वालामुखी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने कांगड़ा प्रवास के पहले दिन शनिवार को ज्वालाजी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले ऐतिहासिक मां ज्वालाजी मंदिर में शीश नवाया और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद वह लखदाता पीर दंगल मेले में मुख्यातिथि बने और पारंपरिक खेलों की सराहना की।

मीडिया से बातचीत में जयराम ठाकुर ने रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) बंद होने पर केंद्र और राज्य सरकार की नीति पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री केवल ओछी राजनीति कर रहे हैं, जबकि आरडीजी की स्थायी व्यवस्था कभी नहीं थी। 13वें वित्त आयोग में हिमाचल को 7800 करोड़ रुपए मिले थे, जबकि 14वें और 15वें वित्त आयोग में केंद्र ने क्रमशः 40,000 और 48,000 करोड़ रुपए प्रदान किए।

जयराम ने कहा कि राज्य में विकास कार्य ठप्प पड़े हैं, पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की योजनाएं बंद कर दी गई हैं और खजाना केवल मित्रों की सुख-सुविधाओं में खर्च हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री को चेताया कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की जागीर नहीं है और राज्य की भलाई के लिए सकारात्मक कदम उठाएं।

इस अवसर पर रमजान खान, रामलोक धनोटीया, उमेश दत्त, विश्व चक्षु, नवीन शर्मा और करनैल राणा उपस्थित रहे।

# हर खेत समृद्ध, हर किसान सम्मानित की भावना को समर्पित बजट : अनुराग

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने बजट 2026-27 को विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला और 2047 तक अन्नदाताओं को आत्मनिर्भर, सशक्त तथा समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय को 1,30,661.38 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान दिया गया है, जबकि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए कुल आवंटन लगभग 1.62 से 1.63 लाख करोड़ रुपये के आसपास है।

ग्रामीण विकास के अंतर्गत 'विकसित भारत जी राम जी' योजना के लिए राज्यों के अंशदान सहित लगभग 1.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि निर्धारित की गई है। मनरेगा के लिए केंद्र का हिस्सा 95,692 करोड़ रुपए से अधिक रखा गया है, जो राज्यों के अंशदान के साथ 1.51 लाख करोड़ रुपये से ऊपर पहुंचता है। 16वें वित्त आयोग के निर्णय के अनुसार पंचायतों को सीधे 55,900 करोड़ रुपये से अधिक की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह प्रावधान विकसित, स्वावलंबी और रोजगारयुक्त गांवों के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा।

# सिरमौर मेडिकल कॉलेज में देरी के लिए राज्य सरकार जिम्मेदार : कश्यप

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** सांसद सुरेश कश्यप ने प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की स्थिति को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा में दिए गए उत्तर के संदर्भ में प्रदेश सरकार पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

उन्होंने कहा कि केंद्र ने संसद में स्पष्ट किया है कि केंद्र प्रायोजित योजना के तहत स्वीकृत मेडिकल कॉलेजों के निर्माण और संचालन की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होती है। उन्होंने कहा कि चंबा, हमीरपुर और नाहन के मेडिकल कॉलेज कार्यशील हैं, जबकि सिरमौर मेडिकल कॉलेज परियोजना ठेकेदार और कार्यान्वयन एजेंसी के विवाद के चलते प्रभावित बताई गई है। कश्यप का आरोप है कि प्रदेश सरकार केंद्र को जो आंकड़े भेज रही है, वे वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाते और जमीनी प्रगति को छुपाया जा रहा है।

सांसद ने कहा कि सिरमौर में मेडिकल कॉलेज को लेकर राज्य सरकार की गंभीरता संदेह के घेरे में है और परियोजना को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग 283 करोड़ रुपए का राज्यांश अब तक जमा नहीं कराया गया, जिसके कारण निर्माण कार्य प्रभावित हुआ और स्थानीय जनता बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से महरूम है। कश्यप ने मांग की कि प्रदेश सरकार इस विषय पर स्पष्ट स्थिति सार्वजनिक करे, लंबित राशि तत्काल जारी करे और मेडिकल कॉलेज परियोजना को तय समयसीमा में पूरा करने की ठोस कार्ययोजना सामने रखे।

# रिकॉर्ड केंद्रीय सहायता के बावजूद विकास ठप : बिंदल

अनंत ज्ञान



**शिमला।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने शिमला में प्रेस वार्ता में कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि लगभग 40 महीनों से सत्ता में रहने के बावजूद सरकार प्रशासनिक अक्षमता और वित्तीय कुप्रबंधन छिपाने के लिए केंद्र और पूर्व भाजपा सरकारों पर दोष मढ़ रही है। उन्होंने हाल ही में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक पर भी सवाल उठाए, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष की अनुपस्थिति और उपमुख्यमंत्री सहित संबंधित मंत्रियों को आमंत्रित न करने से बैठक की गंभीरता संदिग्ध प्रतीत हुई।

बिंदल ने वित्तीय आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि केंद्रीय करों में हिमाचल की हिस्सेदारी 0.830 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.914 प्रतिशत हुई है, जिससे 2026 में लगभग 13,950 करोड़ रुपए मिलने का अनुमान है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण व शहरी विकास मद में 4,179 करोड़ और एसडीआरएफ व डीएमएफ में 2,682 करोड़ रुपए का प्रावधान है। उन्होंने दावा किया कि वित्त आयोग की 14वीं और 15वीं अवधि में प्रदेश को क्रमशः 40,624 करोड़ और 48,000 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्याप्त वित्तीय सहायता मिलने के बावजूद कई संस्थान बंद हैं, भत्ते व पेंशन में देरी और जनता पर करों का बोझ बढ़ा। केंद्र की योजनाओं और कुल मिलाकर 2.12 लाख करोड़ रुपए सहायता के बावजूद प्रदेश में विकास धीमा रहा।

**सम्मान** अतिथि-सत्कार में विश्व के शीर्ष दस क्षेत्रों में मिला स्थान

# हिमाचल के पर्यटन विश्व मंच पर फिर दमका देवभूमि का मान

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमालय की शांत, पवित्र और रमणीय वादियों में बसा हिमाचल प्रदेश एक बार फिर अपनी मेहमाननवाजी, सादगी और आत्मीय व्यवहार के कारण समूचे विश्व में चर्चा का विषय बना है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यात्रियों की समीक्षाओं के आधार पर प्रदान किए जाने वाले वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित सम्मान में हिमाचल को विश्व के सर्वाधिक स्वागतशील क्षेत्र की सूची में पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।

उल्लेखनीय है कि शीर्ष दस में स्थान पाने वाला यह भारत का एकमात्र राज्य है, जिसने अपनी संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं से वैश्विक मानचित्र पर विशेष पहचान बनाई है।

यह मान्यता विश्व भर के करोड़ों सत्यापित यात्रियों द्वारा साझा किए गए अनुभवों और अभिमतों के आधार पर प्रदान की गई है।

### देवभूमि विश्व मानचित्र पर विशिष्ट स्थान पाने में आगे

**बहरहाल** हिमाचल ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची मेहमाननवाज़ी भव्य इमारतों या सुविधाओं से नहीं, बल्कि हृदय की ऊष्मा, मुस्कान की सरलता और व्यवहार की पवित्रता से जन्म लेती है। यही विशेषताएं देवभूमि को विश्व के मानचित्र पर विशिष्ट और सम्मानित स्थान दिलाती हैं।

सूची में प्रथम स्थान मेक्सिको के हिडालको को मिला, किंतु हिमाचल ने जिस आत्मीयता और सौहार्द से पर्यटकों का स्वागत किया, वह उसे विशिष्ट बनाता है। यहां आने वाला अतिथि केवल बर्फ से आच्छादित पर्वतों, हरे-भरे देवदारों और कल-कल बहती नदियों को ही नहीं, बल्कि स्थानीय निवासियों की सरलता, मधुर व्यवहार और अपनत्व को भी अपने साथ लेकर लौटता है।

राजधानी शिमला शीत ऋतु में हिम की धवल चादर ओढ़कर स्वर्गिक दृश्य प्रस्तुत करती है। मनाली तथा सोलंग वैली साहसिक गतिविधियों और पर्वतीय क्रीड़ाओं के लिए प्रसिद्ध हैं। धर्मशाला और मैक्लोडगंज और की शांत फिज़ाएँ मन को आध्यात्मिक शांति प्रदान करती हैं, जबकि लाहौल-स्पीति की दुर्गम घाटियां और विराट परिदृश्य रोमांच-प्रेमियों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं।

विशेषज्ञों का मत है कि यह सम्मान केवल प्राकृतिक सौंदर्य का परिणाम नहीं, बल्कि यहां की जीवंत सांस्कृतिक परंपराओं, अतिथि देवो भवः की भावना और स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी का प्रतिफल है। पर्यटन से जुड़े आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, स्वच्छता और सुरक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं।

# हिमाचल की 410 पंचायतों को हाई स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाएं की प्रदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय संचार राज्य मंत्री डॉक्टर पेम्मसानी चंद्र शेखर ने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी को संसद में बताया कि भारत नेट के पहले और दूसरे चरण में देश की 2,22,341 पंचायतों को हाई स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान की जाएंगी और इनमें से 2,14,904 पंचायतों को यह सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि भारत नेट के पहले और दूसरे चरण में हिमाचल प्रदेश की 410 पंचायतों को हाई स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान की गई हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की सर्वाधिक 35746 पंचायतों को यह सुविधा प्रदान की गई है, जबकि गोवा की किसी भी पंचायत को यह सुविधा प्रदान नहीं की गई हैं।

उन्होंने बताया कि भारत नेट के पहले और दूसरे चरण हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू-कश्मीर और चंडीगढ़ की क्रमशः 6082 पंचायतों, 1993 पंचायतों, 12668 पंचायतों, 1101 पंचायतों, 12 पंचायतों को हाई स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान की गई हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में हाई स्पीड ब्रॉडबैंड सेवाएं प्रदान करने के लिए भारत नेट परियोजना के अन्तर्गत 31 दिसंबर 2025 तक 783 किलो मीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाई गई है।



# राज्य स्तरीय महाशिवरात्रि पर्व की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं






**जितेन्द्र कौशल**
वरिष्ठ संवाददाता बैजनाथ
मो. 9418610000


राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**Vision Public Sr. Sec. School**
An English /Punjabi Medium
Nur. to 12th Arts and Commerce
Registration/Admission Open for Class Nursery to 12th
Baijnath Opp. Petrol Pump, Kangra (H.P.)
Contact: 01894-262423, 9418404225

राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

**DHAULADHAR ITI**
Industrial Training Institute

| Trade | Duration | Eligibility |
|---|---|---|
| Elecrician | 2 Years | 10th Pass |
| Fitter | 2 Years | 10th Pass |

Get Skill Development Allowance
Rs. 1000 & 1500 From H.P. Govt
After 10th Two Years ITI Course in Equivalent to 10+2

GANESH BAZAR BAIJNATH
Affiliated to NCVT, Ministry & Labour & Employment
Govt. of India Affiliation No.
DGET-6/8/11/2009-TC&DGT-12/1/2025

**M/s Vaishnavi Traders**
Vill. Hadi. P.O. Mahalpatt. Teh. Baijnath, Kangra (H.P.)
Contact For: All Construction Material
सीमेंट, सरिया, ईंट, टाइल ब्लॉक्स, रेत, बजरी, शटरिंग सीमेंट मिक्सचर, पत्थर, क्रैशर के लिए संपर्क करें।
हर प्रकार के मकान व दुकान का काम सामग्री सहित तसल्ली बख्श किया जाता है
नोट : टिप्पर के लिए संपर्क करें
PROP: SHALINI DESH RAJ KHANORIA
Mob: 82192-73630, 82192-57040, 94182-51466, 94185-81610

**Gurukul Public Sr. Sec. School BAIJNATH**
" Come See & Then Enroll Your Ward"
Why we are Different from Others ..............?
Pickup & Drop Facility from all sides with very Reasonable Charges
Registration/Admission Open
Playway-Nursery to 12th (Science,Commerce & Arts)
CBSE BASED PATTERN
For Play School- Age Group 2½ years
For Nursery- Age Group 3 years & Above
Arun Kapoor
Principal
Bachpan Play Way School
**Gurukul Public School**
Playway- Nursery to 12th (Science, Commerce & Arts)
Pandol Road Baijnath, Mob: 9418056446, 9816925111
E-mail : principal.gurukul93@gmail.com

महाशिवरात्रि पर्व
की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
**Brain Public Sr. Sc. School Baijnath**
Admission open
Nursery to 12th Classes
Science and Commerce
Anil Sharma Principal
Mob. 9805111099, 8679165597, 9816900078

महाशिवरात्रि की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
SHAHEED DIWAN CHAND KATOCH
Directorate General of Training
Skill India
**शहीद दीवान चंद कटोच आईटीआई**
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
- मोटर मकैनिक व्हीकल
- इलैक्ट्रीशियन
- इलैक्ट्रोनिक्स मकैनिक
- फिटर ❖ स्विंग टैक्नॉलोजी
- ड्राईविंग जे.सी.वी. ऑपरेटर ट्रेनिंग

NCVT DGET-6/8/19/2007-TC
Naveen Katoch
M.D
www.itibaijnath.com 01894-262647, 9418314711

**BINWA PUBLIC SR. SEC. SCHOOL**
Contact us on:
74289-00001 | 94181-55845
NURSERY-12TH (COMMERCE & SCIENCE)
binwaschool@gmail.com www.binwaschool.in
WISHING YOU ALL HAPPY
HAPPY MAHASHIVRATRI



**CRAYONS WORLD SCHOOL BAIJNATH**
ADDING COLOURS TO LIFE
AFFILIATED TO CBSE (NEW DELHI)
Mob. 8091463500, 9459263500

ADMISSIONS OPEN
CLASSES NURSERY TO XII
(SCIENCE & COMMERCE)

FACULTY REQUIRED
1. PGT (MATHS) – 1 POST
2. PGT (PHYSICS) – 1 POST
3. PGT (P.E.) – 1 POST
4. PGT (ENGLISH) – 1 POST
5. PRT – 3 POST
6. YOGA INSTRUCTOR – 1 POST
7. NURSE – 1 POST
8. COUNSELLOR – 1 POST

NOTE:MAIL YOUR RESUME BY 25 FEB 2026
crayonsworldschool@gmail.com

महाशिवरात्रि की समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
**MOUNT CARMEL SCHOOL Baijnath**



P.O. Baijnath (Panthehar Road) Teh. Baijnath, Distt. Kangra (H.P.)
01894-263524, +91 78076 30966, Email:- mcs.baijanth@yahoo.com

**BHARTI VIDYAPEETH PUBLIC SR. SEC. SCHOOL BAIJNATH**
SHAPING YOUR MIND

JAHNAVI THAKUR SECOND MERIT +2 SCIENCE HPBOSE SESSION 24-25
KANIKA THIRD MERIT +2 SCIENCE HPBOSE SESSION 24-25
RIYA RANGRA THIRD MERIT +2 SCIENCE HPBOSE SESSION 24-25
PRIYA SIXTH MERIT +2 SCIENCE HPBOSE SESSION 24-25
KASHISH SEVENTH MERIT +2 SCIENCE HPBOSE SESSION 24-25
GAURI SOOD EIGHTH MERIT +2 SCIENCE HPBOSE SESSION 24-25
AARSHIYA EIGHTH MERIT +2 SCIENCE HPBOSE SESSION 24-25
MUSKAN EIGHTH MERIT +2 SCIENCE HPBOSE SESSION 24-25
AKSHIT RANA NINTH MERIT +2 SCIENCE HPBOSE SESSION 24-25
IPSHITA JAMWAL NINTH MERIT +2 SCIENCE HPBOSE SESSION 24-25
ARUSHI THAKUR SEVENTH MERIT MATRIC HPBOSE SESSION 24-25
TEJAS CHOUDHARY SEVENTH MERIT MATRIC HPBOSE SESSION 24-25
VANYA SHARMA EIGHTH MERIT MATRIC HPBOSE SESSION 24-25
AMISHA PAUL EIGHTH MERIT MATRIC HPBOSE SESSION 24-25
PURANJAY THAKUR NINTH MERIT MATRIC HPBOSE SESSION 24-25
SAMIKSHA KATOCH NINTH MERIT MATRIC HPBOSE SESSION 24-25
DISHA THAKUR TENTH MERIT MATRIC HPBOSE SESSION 24-25
HARSHIT BARJATYA TENTH MERIT MATRIC HPBOSE SESSION 24-25

OBJECTIVES
To work for the welfare of the students.
To impart quality education which enlightens the progress and prosperity of individual as well as nation.
To inculcate the scense of leadership and management.
To make students avail the opportunities to achieve academic excellence.

The best school in town with professional and experienced teachers.













विकास खंड बैजनाथ के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत उपलब्धि रिपोर्ट मार्च 2025 से फरवरी 2026

| क्र.सं. | मद | उपलब्धि रिपोर्ट |
|---|---|---|
| 1 | महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) | (1) कार्यों की संख्या : 1142 (2) पूर्ण किए गए कार्य : 791<br>(3) प्रगतिरत कार्य : 351 (4) सृजित मानव-दिवस : 190452<br>(5) लाभान्वित परिवारों की संख्या : 5495<br>(6) व्यय की गई राशि (₹) 844.24 लाख |
| 2 | राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) | (1) गठित स्वयं सहायता समूह (SHG) : 02<br>(2) सक्रिय स्वयं सहायता समूह : 20<br>(3) लाभान्वित महिला सदस्यों की संख्या: 100<br>(4) प्रदत्त ऋण/क्रेडिट लिंकेज : 306.10 लाख |
| 3 | पंचायत समिति | (1) आयोजित पंचायत समिति बैठकों की संख्या : 04<br>(2) विकास कार्यों की प्रगति : 90<br>(3) स्वीकृत योजनाएँ : 90<br>(4) व्यय की गई राशि (₹): 65.36 लाख |
| 4 | स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) | (1) निर्मित शौचालयों की संख्या : 80<br>(2) खुले में शौच से मुक्त (ODF) ग्राम पंचायतें : 48<br>(3) ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य : 30<br>(4) जन-जागरूकता कार्यक्रम : 48 |
| 5 | अन्य योजनाएँ | (1) विधायक (MLA) मद व्यय की गई राशि (₹) : 65.00 लाख<br>(2) सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) व्यय की गई राशि (₹) : 55.24 लाख<br>(3) राज्य विकास कार्यक्रम (SDP) के अंतर्गत व्यय की गई राशि (₹) : 37.71 लाख<br>(4) जलागम विकास (WDC 2.0) व्यय की गई राशि (₹): 274.12 लाख<br>(5) नये पंचायत घर निर्माण में व्यय की गयी राशी (₹) : 45 लाख |

खंड विकास अधिकारी विकास खंड बैजनाथ।



























# न्यूज ब्रीफ

## अनुराग को जेपीसी सदस्य बनाए जाने पर जताई खुशी

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** हमीरपुर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष अर्चना चौहान ने पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक, 2025 पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का सदस्य नियुक्त किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने इसे क्षेत्र व प्रदेश के लिए गर्व का विषय बताया। समिति की अध्यक्षता दग्गुबाती पुरंदेश्वरी कर रही हैं, जो पूर्व केंद्रीय मंत्री होने के साथ आंध्र प्रदेश के राजमुंद्री से वर्तमान लोकसभा सांसद हैं। प्रस्तावित विधेयक के तहत यूजीसी के स्थान पर विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान गठित करने का प्रावधान है, जिससे उच्च शिक्षा प्रणाली अधिक पारदर्शी व जवाबदेह बनेगी। चौहान ने कहा कि अनुराग का संसदीय अनुभव शिक्षा सुधारों को प्रभावी दिशा देगा और देश की व्यापक विकास दृष्टि को साकार करने में सहायक होगा।

## भोरंज उपमंडल में धाजा कार्यक्रम का आयोजन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज में हिमाचली संस्कृति कला मंच मन्वी के सौजन्य से शुक्रवार रात धाजा कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि रहे। वहीं, सुमन शर्मा, चमन लाल काकू, लक्की कुमार, किशोरी वर्मा व केशव कौशल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर पारंपरिक धाजा, लोकगीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। विधायक ने कहा कि धाजा हमारी अमूल्य विरासत है, जिसे सहेजना सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं।

## धनेटा पतंजलि स्कूल में शिवरात्रि की धूम




**अनंत ज्ञान, धनेटा।** पतंजलि पब्लिक स्कूल धनेटा में शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने शिव विवाह पर एक शानदार नाटक का मंचन किया। नाटक में आरुष गुलेरिया, नव्व्या, अद्वव्य, स्वरा, शास्वी, सात्विका आव्या, इनाया, काव्या, रिद्धिल, निवांशी, ध्रुविल, युवान, अगस्त्य, सामिष, दीक्षिता, रित्विक, नायरा, पलवित, शिवांक, प्रयान, हरण्या, अमायरा, और आशवी ने शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, नंदी आदि के किरदार बखूबी निभाए। स्कूल के अध्यक्ष बीएल चड्ढा ने सभी बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों को शिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## मडियानी मनसाई की मधु बनी असिस्टेंट प्रोफेसर



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल के गांव मडियानी मनसाई की मधु शर्मा हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन की परीक्षा उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण कर असिस्टेंट प्रोफेसर बनी हैं। उनकी नियुक्ति गुरुग्राम में हुई है, जिससे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। मधु ने मैट्रिक गीतांजलि पब्लिक स्कूल दियोटसिद्ध व प्लस टू सीनियर सेकेंडरी स्कूल धनेटा से पास की। इसके बाद बीएससी, एमएससी, नेट व जेआरएफ पंजाब से तथा पीएचडी पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से पूरी की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को दिया।

## गोशाला सेवा समिति के अध्यक्ष सुखदेव का निधन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र के गांव बदारन निवासी पंडित सुखदेव शास्त्री (80) का शनिवार को एम्स बिलासपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र व तीन पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उन्होंने वर्ष 2000 में भड़ोली भगोर में श्री लक्ष्मी नारायण गौ सेवा समिति के नाम से गोशाला स्थापित की, जहां आज 120 गोवंश हैं। हरिद्वार में 'हिमाचल धर्मशाला' की स्थापना में भी उनका योगदान रहा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित कई नेताओं ने शोक जताया है।

## जरूरतमंदों को 20 हजार सहायता राशि स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** अनुराग के मार्गदर्शन में संचालित समाजसेवी संस्था 'प्रयास' की दीनहित मंडल लंबलू इकाई की बैठक लंबलू में हुई। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त कानूनगो जगदीश चंद शर्मा ने की सर्वसम्मति से सभा ने 20,000 रुपए जिनमें एक गंभीर बीमारी से पीड़ित, दो अतिनिर्धन कन्याओं के विवाह के लिए, एक प्रवासी व्यक्ति के शव को उनके गृह तक पहुंचाने को राशि स्वीकृत की गई। सभा ने वरिष्ठ सदस्य जुब्बा देवी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं, संस्था के अध्यक्ष पुरुषोत्तम ठाकुर ने पिछली आय और व्यय का ब्यौरा सभा में प्रस्तुत किया। संस्था की गतिविधियों से प्रभावित होकर रिटायर्ड सूबेदार पवन कुमार शर्मा, पूजा शर्मा, माया देवी, संतोष कुमारी, सुषमा कुमारी ने सदस्यता ग्रहण की।

## बाबा स्वरूप गिर मंदिर में लगाया भंडारा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** महाराजा संसार चंद के गुरु रहे बाबा स्वरूप गिर मंदिर में शनिवार को भंडारे का आयोजन किया गया। प्रातः हवन आहुति पूजा-अर्चना के बाद भंडारा शाम तक यह चलता रहा। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का आनंद लिया। बाबा स्वरूप गिर जी ने इस स्थान पर जीवंत समाधि ली थी जहां पर मंदिर का निर्माण किया गया है बाबा जी को महाराजा संसार ने अपना गुरु माना था।

## कर्म है व्यक्ति की सच्ची पहचान: डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गुरु रविदास ग्राम सुधार सभा, खटबी धार ने संत गुरु रविदास की जयंती पर भव्यकार्यक्रम आयोजित किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा मुख्य अतिथि रहे और उन्हें पुष्पगुच्छ, टोपी व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार ने सभा का उद्देश्य समानता, भाईचारा और सामाजिक जागरूकता बताया। डॉ. पुष्पेंद्र ने कहा कि संत गुरु रविदास ने जाति-पात और सामाजिक असमानता के खिलाफ 15वीं शताब्दी में आवाज उठाई और आज भी उनके विचार समाज के लिए प्रासंगिक हैं। कर्म व्यक्ति की सच्ची पहचान है। कार्यक्रम में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर्व पर फूलों से सजे शिवालय

अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** महाशिवरात्रि पर्व का सभी भक्तों को बेसब्री से इंतजार रहता है। शिवरात्रि को लेकर शिवालयों को सजाने का सिलसिला तीन पहले ही शुरू कर दिया था।

जिलेभर के शिवालय बाहर से मंगवाए फूलों से सजाए गए हैं। गसोता महादेव मंदिर भी दिल्ली से मंगवाए फूलों से सज चुका है, जिसकी शोभा देखते ही बनती है। महाशिवरात्रि को मंदिरों में रुद्राभिषेक करने के लिए शिवालयों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रहती है, श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ लाइनों में लगकर दूध और जल से रूद्राभिषेकर करते हैं। मंदिरों में घोटा भी प्रसाद स्वरूप दिया जाता है। महाशिवरात्रि हिंदू परंपरा का एक बहुत बड़ा पर्व है। इस दिन भगवान शिव ने पार्वती से विवाह किया था। ऐसा माना जाता है कि यह वह रात थी, जब भगवान शिव ने देवी पार्वती से विवाह किया था। ऐसा माना जाता है कि महाशिवरात्रि पर उपवास करने से शरीर और मन शुद्ध होता है



और आध्यात्मिक जागरुकता बढ़ती है। कुछ भक्त सख्त निर्जला व्रत (बिना पानी के उपवास) रखते हैं, जबकि अन्य फलाहार व्रत का पालन करते हैं, जिसमें व्रत के अनुकूल विशिष्ट खाद्य पदार्थ खाते हैं। हमीरपुर जिले में गसोता महादेव मंदिर में हर वर्ष शिवरात्रि धूमधाम से मनाई जाती है। यहां पर भगवान शिव का स्वयंभू शिवलिंग स्थापित है। इसका रुद्राभिषेक करने के लिए लोग लंबी-लंबी कतारें लगाकर भगवान शिव के दर्शन करते हैं। यहां पर आम लोगों के रहने और खाने का पूरा प्रबंध रहता है।

गसोता महादेव मंदिर के महंत श्री राघवानंद गिरी महाराज ने बताया कि शिवरात्रि को यहां पर बहुत अधिक भीड़ होती है। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि को जगराता आयोजित किया जाता है व पूरा दिन फलहार श्रद्धालुओं को दिया जाता है। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि के अगले दिन भंडारा आयोजित किया जाता है, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा जाता है।



गसोता महादेव मंदिर

### एंबुलेंस वर्कर्स की तीसरे दिन भी जारी रही हड़ताल, नारेबाजी कर जताई नाराजगी

# प्रदेश सरकार के खिलाफ निकाला जुलूस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर में 102 व 108 एंबुलेंस वर्कर्स यूनियन (संबंधित सीटू) ने अपनी मांगों को लेकर तीसरे दिन भी हड़ताल जारी रखी। मजदूरों ने जिला अस्पताल से हमीरपुर बाजार होते हुए सरकार के खिलाफ जुलूस निकाला और नारेबाजी की।

सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर कश्मीर सिंह ठाकुर भी इस जुलूस में मौजूद थे। मजदूरों की मांग है कि 2022 से मैडस्वान कंपनी और राज्य सरकार के बीच पब्लिक प्राइवेट समझौते को रद्द किया जाए, क्योंकि यह समझौता मजदूर विरोधी है और गैर कानूनी है। यूनियन की मांग है कि हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देशित फैसले को लागू किया जाए। मजदूरों को ड्राइवर का अति कुशल श्रेणी का वेतन दिया जाए और ओवरटाइम करने पर कानूनन ओवर टाइम का दोगुना वेतन का भुगतान किया जाए। मजदूरों का ईपीएफ काटा जाए और कंपनी अपना 12% हिस्सा इपीएफ विभाग में जमा करवाएं। यूनियन का आरोप है कि प्रदेश सरकार के कुछ अधिकारियों की कंपनी के साथ-साथ सांठ-गांठ है, इसीलिए न्यूनतम वेतन लागू नहीं किया जा रहा है। यूनियन के हजारों मजदूर 16 फरवरी को शिमला में निर्देशक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करेंगे और यदि प्रदेश सरकार/प्रशासन और कंपनी, मजदूरों की मांगों को नहीं मानते, तो यूनियन आंदोलन को तीव्र करेगी। धरने-प्रदर्शन को सीटू राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर कश्मीर सिंह, यूनियन के उप प्रधान अनुपम कौशल और प्रधान राजेश कुमार ने संबोधित किया




हमीरपुर शहर में प्रदर्शन करते हुए यूनियन के लोग। अनंत ज्ञान

# प्रदेश में शिक्षकों के 12671 पद खाली

- टीजीटी कला संघ की सरकार से मांग, पदों को भरने के लिए उठाए जाएं कारगर कदम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों के हजारों पद रिक्त पड़े हैं, जिन्हें भरने के लिए सरकार को सीबीएसई के आधार पर इन पदों को भरने के लिए कदम उठाने चाहिए। सीबीएसई से जुड़ने जा रहे सरकारी स्कूलों में शिक्षक भर्ती और प्रतिनियुक्ति के लिए दिखाई जा रही है। अगर प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में भी सारा स्टाफ हो, तो उनका परिणाम भी बेहतर होगा। इस समय प्रदेश में टीजीटी कैडर में 1375 पद रिक्त पड़े हैं।

राजकीय टीजीटी कला संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि प्रदेश में प्रवक्ता कैडर में युक्तिकरण के बाद विषयवार अंग्रेजी के 99, हिंदी के 89, इतिहास के 109, राजनीति शास्त्र के 112, आईपी के 994, अर्थशास्त्र के 106, गणित के 80, भौतिकी के 49, कैमिस्ट्री के 55, बायोलॉजी के 45, कॉमर्स के 156, संस्कृत के 55,भूगोल के 49 अन्य विषयों के 22 मिलकर 2020 पद रिक्त पड़े हैं। सीएंडवी कैडर में शास्त्री के 996, भाषा शिक्षक के 234, ड्राइंग मास्टर के 1309, पीईटी के 2225, होम साइंस शिक्षक के 149 पद खाली हैं। अकेले सीएंडवी कैडर में ये 4913 पद 31 अक्तूबर 2025 तक खाली थे। स्कूल मर्ज या बंद होने के कारण शास्त्री के 201, एलटी के 23, ड्राइंग मास्टर के 236 और पीईटी के 232 पद मिलाकर कुल 692 पद पूल में हैं। आरटीई एक्ट के तहत ड्राइंग मास्टर के 856 और पीईटी के 1020 पद मिलाकर कुल 1876 पद पूल में हैं। ऐसे में क्रियाशील 2485 पद ही सीएंडवी कैडर में भरे जा सकते हैं। हीर ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा स्तर पर प्रदेश में जेबीटी के 3637, हेड टीचर के 533, केंद्रीय मुख्य शिक्षक के 174 और बीईईओ के 19 पद 31 अक्तूबर 2025 तक रिक्त थे, जिनमें हालिया प्रमोशन से एचटी, सीएचटी, बीईईओ के पद भरे गए, मगर फीडिंग जेबीटी पोस्ट के और पद प्रमोशन के बाद रिक्त हो गए हैं।

ऐसे में 31 मार्च 2026 तक जेबीटी के रिक्त पदों की संख्या 4 हजार से अधिक हो जाएगी। ऐसे में इन 12671 रिक्त पदों में से क्रियाशील 10243 पदों को भरने के लिए विशेष प्रयास की जरूरत है। हीर ने सरकार से मांग की कि हिमाचल में खाली पड़े इन तमाम पदों को भरने के लिए कारगर कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता लाई जा सके।

## शिवांग और तान्या ठाकुर बनी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज बड़सर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. विक्रम सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को खेलों में भाग लेने और नशे से दूर रहने की सलाह दी। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की लंबीकूद में सचिन चौहान प्रथम, कार्तिक शर्मा द्वितीय और अविश डोगरा तृतीय रहे। ऊंची कूद में शिवांग प्रथम, आयुष शर्मा द्वितीय और मनु तृतीय स्थान पर रहे। 100 मीटर दौड़ में कार्तिक शर्मा प्रथम, शिवांग द्वितीय और अविश डोगरा तृतीय रहे, जबकि 200 मीटर दौड़ में कार्तिक शर्मा प्रथम, मनु शर्मा द्वितीय और अमन तृतीय रहे। जैवलिन थ्रो में मनु प्रथम, शिवांग द्वितीय और विवेक शर्मा तृतीय, डिस्कस थ्रो में शिवांग प्रथम, हरशु द्वितीय और मनु तृतीय रहे। शॉट पुट में शिवांग प्रथम, हरशु द्वितीय और गौरव तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में लंबीकूद में तानिया ठाकुर प्रथम, राजवना बेगम द्वितीय और कंचन तृतीय रही। हाई जंप में शालू प्रथम, पल्लवी द्वितीय और तानिया तृतीय रही। 100 मीटर दौड़ में तानिया ठाकुर प्रथम, पारुल द्वितीय और सिया तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ में ममता देवी प्रथम, तान्या ठाकुर द्वितीय और वंशिका तृतीय रही। जैवलिन थ्रो, शॉट पुट और डिस्कस थ्रो में भी तान्या ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शिवांग पटियाल और महिला वर्ग में तान्या ठाकुर रही।

## 16वें वित्त आयोग के समक्ष प्रभावी ढंग से पक्ष रखने में विफल रही सरकार: विजय अग्निहोत्री

अनंत ज्ञान

**नादौन।** नादौन के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता विजय अग्निहोत्री ने केंद्रीय बजट को विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि और आत्मनिर्भर भारत का सबसे मजबूत आधार स्तंभ बताया। नादौन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश का आर्थिक ढांचा पूरी तरह से परिवर्तित हो चुका है। पिछले एक दशक में भारत ने विकास की वह ऊंचाइयां छुई हैं, जिनकी पहले कल्पना करना भी असंभव था। उन्होंने सुक्खू सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 16वें वित्त आयोग के सामने राज्य का पक्ष प्रभावी ढंग से रखने में विफल रही है और अब अपनी प्रशासनिक कमियों को छिपाने के लिए केंद्र पर दोषारोपण कर रही है, जबकि कर्नाटक जैसी कांग्रेस शासित सरकारों ने ही स्वयं आरडीजी का विरोध किया था। कुल 17 प्रदेशों की आरजीडी बंद की गई है जिसके बारे वित्त आयोग ने पहले ही आगाह कर दिया था और तर्क दिया था कि यह देश हित में नहीं है।

## सिल्वरजोन इंटरनेशनल ओलंपियाड में भगवती स्कूल के बच्चों ने चमकाया नाम



प्रिंसिपल ने बच्चों को चयन के लिए बधाई दी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नादौन।** सिल्वरजोन इंटरनेशनल ओलंपियाड गणित प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में पुरस्कृत किया गया। विजेता रेयांश भारद्वाज, आर्यन, संस्कृति कौंडल, संशिका मन्नत, सौम्या, वंशिका ने स्वर्ण पदक और अक्षित, आर्यन, अयान, पंखुडी,,आर्यन कौंडल, अनिकेत, अंश,परीक्षित राणा, अक्षित, इशिता, सारांश, अक्षय डोगरा, मानव शर्मा, लक्षिका, बार्बी, एंजल, वंश शर्मा, मिताशी, अंकिता, शगुन, अर्नव, नैतिक रजत पदक हासिल किया। इसी तरह सिल्वरजोन इंटरनेशनल ओलंपियाड विज्ञान प्रतियोगिता में रेयांश भारद्वाज, रेयांश राणा, यास्मीन, वान्या, देवांशी स्वर्ण पदक व दृष्टि रजत पदक अर्श, कव्या, अनमोल, कुलनंदन, अभिराज, आराध्या ठाकुर, प्राकृति, आराध्या ने कांस्य पदक हासिल किया। इन सभी बच्चों को कक्षावार, राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय स्तरीय व अंतरराष्ट्रीय स्तरीय रैंक हासिल करने पर सर्टिफिकेट वितरित किए गए। मन्नत, सौम्या, वंशिका, संशिका, मानव शर्मा, लक्षिका, बार्बी, मिताशी, अंकिता, शगुन, भुवनेश डोगरा, नैतिक इन सभी बच्चों का चयन द्वितीय स्तर के लिए हुआ।

प्रिंसिपल आरती आरती कटोच ने इन बच्चों को द्वितीय स्तर चयन के लिए बधाई दी और बताया कि राज्यभर में स्वर्ण पदक, रजत पदक व कांस्य पदक प्राप्त करना हमारे स्कूल के लिए गर्व की बात है और आने वाली परीक्षाओं में और अधिक मेहनत करने की ओर प्रेरित किया।

## महादेव 11 ने एसबीएन को हराकर जीता क्रिकेट खिताब

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बिझड़ी के ताल स्टेडियम में शनिवार को आयोजित जय भोलेनाथ यूथ क्लब क्रिकेट कप का फाइनल मुकाबला महादेव 11 और एसबीएन 11 के बीच खेला गया। टॉस जीतकर एसबीएन 11 ने बैटिंग का फैसला किया, लेकिन पूरी टीम महादेव 11 की गेंदबाजी के सामने सिर्फ 50 रनों पर ढेर हो गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी महादेव 11 ने सिर्फ आठ ओवरों में लक्ष्य हासिल कर मैच पर पूरी तरह कब्जा कर लिया और चमचमाती ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मैच का टॉस पुलिस चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने करवाकर खेल की शुरुआत करवाई। प्राइस सेरेमनी में वन निगम के डायरेक्टर कृष्ण कुमार चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। विजेता महादेव 11 को 31,000 रुपए और ट्रॉफी मिली, जबकि उपविजेता एसबीएन 11 को 15,000 रुपए और ट्रॉफी से नवाजा गया। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार चौधरी ने कहा कि खेल में हार और जीत लगी रहती है, इसलिए खिलाड़ियों को हमेशा संयम बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि महान खिलाड़ी वही होता है जो अनुशासन के साथ खेल का परिचय देता है। फाइनल में महादेव 11 के सुरेशकुमार को 'मैन ऑफ द मैच' और गोल्डी को 'मैन ऑफ द सीरीज' का खिताब मिला। इस अवसर पर पूर्व सैनिक सरवन कुमार शर्मा, पुलिस हेड कांस्टेबल अजय कुमार, पवन कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस टूर्नामेंट के आयोजक विजय कुमार शर्मा ने सफल आयोजन के लिए मुख्य अतिथियों और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन युवाओं में खेल और अनुशासन की भावना बढ़ाते हैं और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को पहचान दिलाने में मदद करते हैं। प्रतियोगिता में खेल भावना और अनुशासन का उच्चतम स्तर देखा गया, जिसने आयोजकों और दर्शकों दोनों को प्रभावित किया।



मुख्यातिथि कृष्ण कुमार ने विजेता और उपविजेता टीमों को सम्मातिन किया। अनंत ज्ञान

## पद्मश्री पीएल गौतम व हरिमन शर्मा ने पूर्व सीएम धूमल से की शिष्टाचार भेंट



समीरपुर में पूर्व सीएम धूमल से मुलाकात करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** पद्मश्री सम्मान से अलंकृत पीएल गौतम तथा पूर्व पद्मश्री पुरस्कार विजेता हरिमन शर्मा ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सामाजिक, कृषि एवं नवाचार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। धूमल ने गौतम को पद्मश्री सम्मान मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा, शिक्षा के प्रसार तथा जन-जागरुकता के कार्यों के लिए समर्पित रहा है।

उन्होंने कहा कि गौतम ने अपने अथक परिश्रम और निष्ठा से समाज के वंचित वर्गों के उत्थान, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने और युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रो. धूमल ने कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं और उनका सम्मान पूरे प्रदेश का सम्मान है। हरिमन शर्मा के योगदान का उल्लेख करते हुए धूमल ने कहा कि कृषि क्षेत्र में उनका नवाचार और सेब की उन्नत किस्मों के विकास का कार्य न केवल हिमाचल प्रदेश बल्कि देशभर के किसानों के लिए वरदान सिद्ध हुआ है। विपरीत परिस्थितियों में भी हरिमन शर्मा ने अनुसंधान और प्रयोग की भावना को नहीं छोड़ा और किसानों की आय बढ़ाने के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोले। उनका कार्य 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना को सशक्त करता है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देता है। उन्होंने कहा कि इन दोनों विभूतियों का जीवन यह संदेश देता है कि यदि दृढ़ संकल्प, ईमानदारी और समाज के प्रति समर्पण हो तो साधारण पृष्ठभूमि से भी असाधारण उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## राजस्व घाटा ग्रांट बंद करना राज्य के अधिकारों पर हमला: डॉ. कश्मीर

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, हमीरपुर।** मार्क्सवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने केंद्र सरकार की ओर से हिमाचल प्रदेश की 'राजस्व घाटा ग्रांट' बंद करने की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने इसे पहाड़ी राज्य के न्यायपूर्ण अधिकारों पर सीधा हमला बताया। पार्टी ने मांग की है कि हिमाचल को पूर्व की तरह विशेष राज्य का दर्जा पुनः प्रदान किया जाए तथा राजस्व घाटा ग्रांट बहाल की जाए। डॉ. कश्मीर सिंह कहना है कि विशेष राज्य के दर्जे के तहत प्रदेश को अतिरिक्त केंद्रीय सहायता मिलती थी, जिससे विकास कार्यों को गति मिलती थी। आर्थिक संकट का हवाला देते हुए पार्टी ने मुख्यमंत्री से हेलिकॉप्टर की बजाय सड़क मार्ग से यात्रा करने और सादगी अपनाने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्रियों डॉ. यशवंत सिंह परमार, राम लाल ठाकुर और शांता कुमार का उदाहरण देते हुए कहा गया कि वे जनता के बीच सीधे संवाद करते थे।

# नड्डा आज नेरी शोध संस्थान में

- सांसद, पूर्व मुख्यमंत्री और कई बड़े नेता लेंगे हिस्सा
- ठाकुर राम सिंह की प्रतिमा का करेंगे अनावरण

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** नेरी स्थित ठाकुर राम सिंह शोध संस्थान न केवल हमीरपुर जिले बल्कि प्रदेश की राजनीति में काफी अहमियत रखता है। 15 फरवरी को यहां नेताओं का बड़ा जमावड़ा लगेगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा मुख्य अतिथि होंगे, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल और महंत सूर्यनाथ विशिष्ट व्यक्ति के रूप में मौजूद रहेंगे।

मुख्य वक्ता के रूप में सुरेश सोनी मौजूद रहेंगे, जबकि संकलन योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर शरण विश्वकर्मा भी इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर मौजूद रहेंगे। समय-समय पर इस शोध संस्थान में कार्यक्रम होते रहते हैं लेकिन जिस स्तर का इस बार या कार्यक्रम हो रहा है उसकी चर्चा जरूर है। शोध संस्थान के परिसर में ठाकुर राम सिंह की प्रतिमा के अनावरण का यह मौका प्रदेश की राजनीति के लिए भी महत्वपूर्ण है।



इसकी तैयारियां काफी समय पहले से शुरू हो गई थीं। गौरतलब यह है कि हमीरपुर जिले की राजनीति में अब पार्टी की परिस्थितियों पहले जैसी नहीं रही हैं और ऑपरेशन लोटस के बाद भाजपा के कुनबे में शामिल हुए तीन नेताओं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, विधायक इंद्र दत्त लखनपाल और आशीष शर्मा की मौजूदगी में राजनीति का मैदान यहां अलग तरह का माहौल दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इस कार्यक्रम में सांसद अनुराग ठाकुर के हिस्सा लेने की खबर नहीं है। दरअसल में संस्थान के परिसर में एक नया भवन बनाया गया है। जिसमें 20 लोगों के ठहरने की व्यवस्था है। उसमें एक दर्जन से ज्यादा कमरे बनाए गए हैं। एक हाल भी बनाया गया है और इस संस्थान का यह परिसर अब लगातार महत्वपूर्ण होता जा रहा है, उसका भी उद्घाटन होगा। करीब 10:30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम का समापन डेढ़ या 2:00 बजे रखा गया है, मगर इस कार्यक्रम के बाद सभी नेताओं की क्या कोई संयुक्त बैठक भी होगी? इस पर भी अभी संशय बरकरार है। कार्यक्रम भले ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए सिस्टम का हो, लेकिन इस पर नज़रें सभी की टिकी हुई हैं। हमीरपुर जिले की राजनीति से नड्डा हमेशा दूरियां बनाकर रहे हैं। देखने लायक बात यह होगी कि इस कार्यक्रम के बहाने राजनीति की कोई नई बुनियाद देखने को मिलेगी?

## सैनिक स्कूल सुजानपुर के 4 कैडेट्स लेंगे इंडिया इंपैक्ट समिट 2026 में भाग



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सैनिक स्कूल सुजानपुर के चार कैडेट्स का चयन नीति आयोग की ओर से स्थापित अटल इन्नोवेशन मिशन के तहत इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 के लिए हुआ है। यह समिट पहली बार भारतवर्ष में हो रहा है।

इस समिट में 20 देश के एंटरप्रेन्योर और एआई विषय के दिग्गज जुटेंगे। सैनिक स्कूल सुजानपुर की अटल टिंकरिंग लैब की अधिकारी पुष्पा कुमारी ने बताया कि चार छात्रों का चयन इस इंटरनेशनल समिट के लिए हुआ है। इस समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आएंगे। स्टूडेंट्स शौर्य मलिक, अखिलेश, अर्नव विशिष्ट और आदित्य नेगी भी इस समिट में भाग ले रहे हैं। इन चारों छात्रों का चयन एआई इंटरप्रेटर 2025 में हुए कंपटीशन के बाद हुआ है। इसमें एआई विषय पर कंपटीशन तथा इनोवेशन विषयों पर कार्य किया गया। 16 फरवरी से 20 फरवरी तक दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस समिति में 20 देश के एआई दिग्गज भाग ले रहे हैं। इस समिट में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई तथा ओपन एआई के सीईओ सैम अल्टमैन भी भाग लेंगे।

# बजट सत्र को लेकर राजधानी शिमला में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

## शिमला पांच प्रशासनिक व चार पुलिस सेक्टरों में विभाजित, संवेदनशील स्थलों पर कड़ी निगरानी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के आगामी बजट सत्र को लेकर राजधानी शिमला में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं। 16 फरवरी से आरंभ होने वाले इस महत्वपूर्ण सत्र के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने शहर को पांच प्रशासनिक सेक्टरों में विभाजित किया है, जबकि पुलिस विभाग ने अपने स्तर पर चार सुरक्षा सेक्टर निर्धारित किए हैं। प्रशासन और पुलिस के बीच तालमेल को सुदृढ़ बनाते हुए संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी, ताकि सत्र की कार्यवाही निर्विघ्न, शांति और गरिमा के साथ संचालित हो सके।

उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियां निभाएं। विधानसभा परिसर से विधानसभा चौक, सिसिल होटल से चौड़ा मैदान स्थित अंबेडकर चौक, कार्ट रोड से कैनेडी चौक, कार्ट रोड से सीटीओ तथा अन्य प्रमुख मार्गों को अलग-अलग सेक्टरों में बांटकर दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है। उपायुक्त ने कहा कि सत्र के दौरान किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी और हर स्थिति पर प्रशासन की सतर्क नजर रहेगी। सरकारी वाहनों की पार्किंग और आवागमन को व्यवस्थित रखने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।



सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा बैठक करते उपायुक्त। अनंत ज्ञान

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि विधानसभा बजट सत्र के मद्देनजर पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद है। चार पुलिस सेक्टरों में अधिकारियों और जवानों की ड्यूटी तय कर दी गई है। पुलिस और होमगार्ड के जवानों को अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और संवेदनशील बिंदुओं की निगरानी के लिए अतिरिक्त बल भी तैनात रहेगा।

प्रशासन की ओर से विधानसभा कॉम्प्लेक्स के लिए एसडीएम शहरी ओशिन शर्मा को दायित्व सौंपा गया है। अंबेडकर चौक से सिसिल होटल और चौड़ा मैदान क्षेत्र के लिए एसडीएम शिमला ग्रामीण मंजीत शर्मा तथा तहसीलदार संजीव गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई है। कैनेडी चौक से चौड़ा मैदान तक नारायण वर्मा, कार्ट रोड, लिफ्ट बस स्टैंड और 103 क्रॉसिंग क्षेत्र के लिए भीष्म कंवर तथा सीटीओ क्षेत्र के लिए चांद राम को तैनात किया गया है, ताकि प्रत्येक सेक्टर में प्रशासनिक नियंत्रण सुदृढ़ बना रहे।

बैठक में एडीएम प्रोटोकॉल ज्योति राणा, एडिशनल एसपी अभिषेक धीमान, कमांडेंट पदम चंद, एसडीएम शिमला ग्रामीण मंजीत शर्मा, एसडीएम शिमला शहरी ओशिन शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि सुव्यवस्थित योजना, सतर्क निगरानी और आपसी तालमेल से विधानसभा सत्र शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

## शिमला में चिट्टे समेत छह दबोचे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में पुलिस ने चिट्टा तस्करी के एक संगठित और सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की मानें तो यह गिरोह लंबे समय से शहर और आसपास के क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की सप्लाई में संलिप्त था। एएसपी मुख्यालय अभिषेक ने शनिवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई के दौरान आरोपियों को दबोचा गया और उनके कब्जे से चिट्टा सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

प्रारंभिक पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं, जिनके आधार पर पुलिस नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह गिरोह युवाओं को अपना शिकार बना रहा था और शहर में नशे का जाल फैलाने की साजिश रच रहा था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है तथा संभावना जताई जा रही है कि इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

पुलिस ने साफ किया है कि नशे के खिलाफ यह मुहिम आगे भी सख्ती के साथ जारी रहेगी और किसी भी सूरत में दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## हिमाचल में 102 व 108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

# शिमला में निकाली रैली, मंडी में मशाल जुलूस



शिमला के सीटीओ चौक पर प्रदर्शन करते 102 और 108 एंबुलेंस कर्मचारी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में 102 और 108 एंबुलेंस सेवाओं से जुड़े कर्मचारी तीसरे दिन भी हड़ताल पर अडिग रहे। राजधानी शिमला के सीटीओ चौक पर सीटू की अगुवाई में कर्मियों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए न्यूनतम वेतन लागू करने और श्रम कानूनों का सख्ती से पालन करने की मांग उठाई।

कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्षों से 12-12 घंटे ड्यूटी निभा रहे हैं, लेकिन न तो ओवरटाइम का भुगतान हो रहा है और न ही तय मानकों के अनुरूप वेतन मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद उनकी जायज मांगों को अनसुना किया जा रहा है, जिससे रोष और बेबसी का माहौल गहरा गया है।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी हड़ताल का असर साफ नजर आया। मंडी में कर्मियों ने मशाल जुलूस निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया, जबकि शिमला में आज सुबह 11.30 बजे डीसी ऑफिस के बाहर प्रदर्शन की घोषणा की गई है। पांच दिवसीय इस आंदोलन के चलते कई अस्पतालों की आपातकालीन सेवाओं पर दबाव बढ़ने लगा है और मरीजों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग और सरकार के सामने स्थिति को संभालने की चुनौती खड़ी हो गई है।

कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक और तीव्र रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल वेतन की नहीं, बल्कि सम्मानजनक श्रम अधिकारों और सुरक्षित कार्य परिस्थितियों की है, जिसे अंत तक जारी रखा जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### गिलटाड़ी में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल



शिक्षा मंत्री के साथ सम्मिलित कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल तहसील के खनाशनी क्षेत्र की ग्राम पंचायत गिलटाड़ी से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बृज भूषण किमटेटा, सुरिंदर डुडेटा, चुन्नी लाल और मोहर सिंह रांटा ने परिवार सहित भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। बताया गया कि क्षेत्र में जारी विकास कार्यों और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने सभी नेताओं को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस परिवार में शामिल किया और स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकास और जनसेवा के सिद्धांतों पर कार्य करती है तथा नए कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान दिया जाता है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने विश्वास जताया कि नए साथियों के जुड़ने से संगठन को मजबूती मिलेगी और क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

### गोकुल बुटेल ने पेश की राजनीति में अनूठी मिसाल : दिनेश

**अनंत ज्ञान, चंबा।** मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार गोकुल बुटेल ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में केवल एक रुपए मासिक मानदेय पर कार्य किया, बिना किसी भत्ता या सरकारी सुविधा के। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व मीडिया समन्वयक डॉ. दिनेश कुमार ने कहा कि यह कदम सभी मंत्रियों, विधायकों और निगम बोर्ड अधिकारियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने नेताओं और पूर्व विधायकों से वेतन, भत्ते और अतिरिक्त पेंशन छोड़कर जनसेवा और वित्तीय अनुशासन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मीटिंग्स करने और अनावश्यक खर्चों को रोकने का सुझाव भी दिया।



### एडीएम ने महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियां जांची

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी विकास शर्मा ने शनिवार को महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेते हुए ऐतिहासिक चौरासी मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। एडीएम ने पुलिस अधिकारियों को ट्रैफिक नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि भरमाणी मंदिर, मणिमहेश मार्ग और केलंग वजीर मंदिर भारी बर्फबारी के कारण फिलहाल बंद हैं, इसलिए इन स्थानों की ओर न जाएं।

### कोटी में 1.217 किलो चरस सहित दो काबू

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा-तीसा मार्ग पर कोटी चौक में नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने 1 किलो 217 ग्राम चरस बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखते हुए आरोपियों हेमराज और राम सिंह को रोका और तलाशी ली। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना सदर चंबा में मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी ने बताया कि कानूनी कार्रवाई जारी है और उन्हें जल्द न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### राडी में प्रवीण मिन्हास का जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक प्रवीण मिन्हास का शनिवार को अपने पैतृक गांव राडी में जोरदार स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत और ग्रामीणों ने चूड़ी पुल पर दोपहर 1 बजे उन्हें फूल-मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मिन्हास ने मां शिव शक्ति मंदिर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अपनी माता कृष्णा सिंह, पिता राजकुमार, मुख्यमंत्री सुक्खू तथा ओएसडी चीफ मिनिस्टर रितेश कपराते का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्हें मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। कार्यक्रम में एपीएमसी अध्यक्ष ललित ठाकुर, सचिन ठाकुर, श्रवण रैना, गुरवचन सिंह और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## राम मंदिर में शिव-पार्वती विवाह उत्सव शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ऐतिहासिक राम मंदिर, शिमला में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव-पार्वती विवाह उत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। प्रात: 12 बजे भोलेनाथ को हल्दी अर्पित करने की रस्म निभाई गई, जिसके साथ ही 'मानो ना मानो गौरा भोला ने हां कर दी' की मंगलध्वनि से वातावरण गूंज उठा। मंदिर परिसर में भक्तों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ी रही और पूरे विधि-विधान से कार्यक्रम संपन्न हुआ। हल्दी के बाद चुड़ा रस्म अदा की गई और शगुन भेजने की परंपरा निभाई गई। दिन भर महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर शिव-गौरा के विवाह प्रसंग का गुणगान किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिरस में सराबोर रहा।

## मैहला पुल के पास सड़क मरम्मत से लोग परेशान

अनंत ज्ञान

**ओपी शर्मा, भरमौर।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे पर मैहला पुल के समीप चल रहे सड़क मरम्मत कार्य से स्थानीय लोगों और यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोजाना वाहनों को परमिशन के नाम पर आधे घंटे या उससे अधिक समय तक रोका जाता है, जिससे स्कूल के बच्चे, सरकारी कर्मचारी और आम यात्री समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।



सड़क मरम्मत कार्य होने से परेशान हैं लोग। अनंत ज्ञान

यह मार्ग तीन तहसीलों को जिला मुख्यालय से जोड़ता है और प्रदेश व देश के अन्य हिस्सों तक आवागमन का प्रमुख रास्ता है। सरकारी और निजी बसें भी देरी से चल रही हैं, जिससे कई बार चालक तेज गति में वाहन चलाने को मजबूर हो रहे हैं और दुर्घटना की आशंका बढ़ रही है। स्थानीय लोग आरोप लगाते हैं कि मौके पर तैनात कर्मचारी मनमाने ढंग से वाहनों को रोक रहे हैं। प्रशासन ने पहाड़ियों से पत्थर गिरने की घटनाओं को देखते हुए यह मरम्मत कार्य शुरू किया था, जो अब एक वर्ष से अधिक समय से जारी है, लेकिन गति धीमी बनी हुई है।

स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मरम्मत कार्य में तेजी लाई जाए और यातायात को सुव्यवस्थित किया जाए, ताकि रोजाना की इस परेशानी से आम जनता को जल्द राहत मिल सके।

## महाशिवरात्रि आध्यात्मिक जागरण का पर्व : पठानिया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने देश और प्रदेशवासियों को ऐतिहासिक महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, तप और आत्मशुद्धि का विशेष अवसर है।



उन्होंने कहा कि फाल्गुन मास की कृष्ण चतुर्दशी को मनाया जाने वाला यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह की स्मृति में श्रद्धा से मनाया जाता है। 'शिव की महान रात्रि' साधना, संयम और भक्ति का प्रतीक है, जो जीवन में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करती है। उन्होंने कहा कि देवभूमि हिमाचल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और मेलों-त्योहारों के लिए देश-विदेश में विख्यात है। ऐसे पर्व सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि महाशिवरात्रि को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाएं, नशे और बुरी आदतों का त्याग करें तथा संयम और नैतिकता के मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

## प्रदेश भाजपा आरडीजी बंद पर चुप, बजट महिमामंडन जारी

### सरीन बोले-अनुदान बंद होने से हिमाचल की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर

अनंत ज्ञान



**डलहौजी।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस कार्यकर्ता मनीष सरीन ने राज्य भाजपा नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा है कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा बजट 2026-27 का महिमामंडन कर रही है, लेकिन रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट (आरडीजी) बंद होने जैसे गंभीर मुद्दे पर पूरी तरह मौन है।

सरीन ने कहा कि आरडीजी हिमाचल के लिए वित्तीय संतुलन का जीवन-रेखा जैसा साधन रहा है। इसके बंद होने से राज्य को लगभग 50,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है, जिससे विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डीएस ठाकुर पर भी आरोप लगाया कि उन्होंने आरडीजी बंद होने पर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया।

सरीन ने केंद्र सरकार से हिमाचल के हितों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय सहायता बहाल करने और राज्य के अधिकारों की रक्षा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता जिम्मेदार और मुखर प्रतिनिधित्व की अपेक्षा रखती है और राज्य से जुड़े मुद्दों पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्रवाई होनी चाहिए।

## पेंशन व लंबित मेडिकल बिलों को लेकर पेंशनरों का रोष

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डॉ. अंबेडकर रिटायर एम्प्लाई एसोसिएशन चंबा की मासिक बैठक शनिवार को अंबेडकर भवन में अध्यक्ष भीमराज वेर्धन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संघ के सभी सदस्यों ने भाग लिया और पेंशनरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

सदस्यों ने शहर में बढ़ते अतिक्रमण को प्रमुख चिंता बताया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद और जिला प्रशासन के अभियान सराहनीय हैं, लेकिन हालात कुछ ही समय बाद पुनः पूर्ववत हो जाते हैं। संघ ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पेंशन सुधार और महंगाई भत्ते पर भी जोर दिया गया। 70 वर्ष से कम आयु के पेंशनरों के लंबित वित्तीय लाभ शीघ्र जारी करने, 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते के 112 माह के एरियर की अधिसूचना जारी करने और आर्थिक स्थिति सुधारने की अपील की गई।

लंबित मेडिकल बिलों पर भी गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। कई पेंशनरों के बिल 2-3 वर्षों से लंबित हैं, जिससे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे पेंशनरों को मानसिक और आर्थिक दबाव झेलना पड़ रहा है। बैठक में प्रधान मनोहर लाल हितेषी, गुरमीत सिंह चंद्रा, जितेंद्र चंद्रा, भीम राज चौहान, कुलदीप अहीर, राकेश हितेषी, जीत सिंह चंद्रा, मदन पॉल चंद्रा आदि उपस्थित रहे।

## चंबा में एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल जारी

### विधायक नीरज ने दिया समाधान का आश्वासन

अनंत ज्ञान

**चंबा।** चंबा जिले में 108 और 102 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल लगातार जारी है, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं पर संकट गहराने की आशंका है।

कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन और स्थिर सेवा शर्तें नहीं मिल रही। हड़ताली कर्मियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर तुरंत सकारात्मक निर्णय न लिया गया तो आंदोलन और तेज होगा। सदर विधायक नीरज नैय्यर ने हड़ताल स्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाने और समाधान निकालने का आश्वासन दिया।

जनता की निगाहें अब जल्द समाधान और सेवाओं के सुचारू बहाल होने पर टिकी हैं।

## कौड़ी प्रतियोगिता ने बढ़ाया पारंपरिक खेलों का उत्साह

अनंत ज्ञान

**पियुहरा (चंबा)।** मैहला ब्लॉक की पियुहरा पंचायत में शनिवार को ठाकुर राधावली कमेटी द्वारा भव्य कौड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 43 टीमों ने हिस्सा लिया।



सुरजीत भरमौरी का स्वागत करते लोग। अनंत ज्ञान

मुख्यातिथि और कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुरजीत भरमौरी ने पारंपरिक अंदाज में सबसे बड़ा दांव आठ के पासे से प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने कमेटी को 5100 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी भेंट की। भरमौरी ने कहा कि युवाओं को नशे, विशेषकर 'चिट्टा' जैसी प्रवृत्तियों से दूर रखने के लिए पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना आवश्यक है। प्रतियोगिता के दौरान ठाकुर राधावली कमेटी ने क्षेत्रीय विकास के लिए कला मंच और सामुदायिक भवन निर्माण की मांगें रखीं। मुख्यातिथि ने इन मांगों को जायज ठहराया और निर्माण के लिए शीघ्र कदम उठाने का आश्वासन दिया। प्रतियोगिता में ग्रामीण और युवा उत्साह के साथ भाग लेकर साबित किया कि पारंपरिक खेल आज भी समाज को जोड़ने और सकारात्मक दिशा देने की ताकत रखते हैं।

**मसला** हिमाचल में सियासी दबाव के बीच सरकार का फ्रंट फुट प्लान

# आरडीजी बंद होने से हिमाचल आहत

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** आरडीजी यानी रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट पर केंद्र की सिफारिशों के बाद राज्य की माली हालत पर जो साया गहराया, उसने सियासत की फिज़ा में बेचैनी घोल दी। सूबे की आर्थिक सेहत पर उठते सवालों ने सरकार को बैकफुट पर ला खड़ा किया, मगर इसी उलझन के दरम्यान सत्ता पक्ष ने हालात से उबरने की कवायद तेज कर दी है। वित्तीय चुनौतियों के बावजूद प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरुस्त करने और रोज़गार के अवसरों को आगे बढ़ाने की कोशिशें इस बात का इशारा हैं कि सरकार जनमानस में अपनी साख को बरकरार रखने के लिए जद्दोजहद कर रही है।

◆ वित्तीय संकट के साये में सियासी संतुलन की जंग रोजगार और प्रशासनिक ढांचे पर फोकस




सूत्रों के अनुसार आर्थिक दबाव के बीच सरकार ने आंतरिक पुनर्संरचना और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की रणनीति अपनाई है। रोजगार सृजन और संस्थागत मजबूती को प्राथमिकता देकर यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि संकट के बावजूद विकास की रफ्तार थमने नहीं दी जाएगी। बताया जा रहा है कि विभिन्न विभागों में आवश्यक रिक्तियों को भरने और सेवा ढांचे को व्यवस्थित करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है, ताकि आम लोगों को राहत का अहसास हो और शासन व्यवस्था पर भरोसा कायम रहे।

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि पंचायत चुनाव की तय समय-सीमा ने भी सरकार की सक्रियता को धार दी है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 31 मई से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के स्पष्ट निर्देशों ने प्रशासनिक तैयारियों को गति दी है। संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन में किसी तरह की कोताही न हो, इसे लेकर भीतरखाते मंथन जारी है। लोकतांत्रिक अधिकारों के सम्मान और समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर सरकार अब अधिक सतर्क नजर आ रही है, क्योंकि जमीनी स्तर पर जनता की नब्ज़ इन्हीं मुद्दों पर टिकी है।

### सियासी इम्तिहान की घड़ी में निगाहें आगे की चाल पर

**आने** वाले महीनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि वित्तीय तंगी और चुनावी दबाव के बीच सरकार किस तरह संतुलन साधती है। आरडीजी के बंद होने से उपजे हालात ने सत्ता पक्ष को नई रणनीति गढ़ने पर मजबूर किया है। फिलहाल कोशिश यही है कि लड़खड़ाते कदमों को संभालकर विकास और प्रशासनिक स्थिरता की राह पर आगे बढ़ा जाए। राजनीतिक पर्यवेक्षक मानते हैं कि अब हर फैसले पर बारीक नजर रहेगी और जनता की अदालत में वही सरकार मजबूत मानी जाएगी, जो संकट को अवसर में बदलने की काबिलियत दिखाए।

## सरोल में भाजपा बैठक, संगठन और जनसंपर्क पर फोकस



धीरज नरयाल दीप प्रज्वलित करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरोल, चंबा।** सरोल भाजपा कार्यालय में शनिवार को हुई बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाभियान, केंद्र योजनाओं के प्रचार और संगठनात्मक कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। जिला सहप्रभारी रमेश राणा ने कार्यकर्ताओं को व्यापक संपर्क अभियान चलाने और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया।

जिलाध्यक्ष धीरज नरयाल ने संगठनात्मक समन्वय और तैयारी पर जोर दिया। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस की नीतियों की आलोचना करते हुए दावा किया कि प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है और पार्टी के पक्ष में समर्थन दे रही है। बैठक में महामंत्री सुभाष, विनोद, जिला उपाध्यक्ष सीएल ठाकुर, जिला सचिव चरणजीत, आईटी प्रमुख नीरज सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, अश्वर** पुत्र श्री लियाकत अली डाकघर कटौला, तहसील सदर दरलोग (402) जिला मंडी, हि.प्र.-175005 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम आधार कार्ड नं. 870359333464 में अशरफ से अश्वर रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।**
क्रमांक/15 दिनांक 13/02/2026
मिसल न0-(तह/2026(RMS)
तारीख दायर 20-01-2026
ता0 पेशी 13/03/2026
**अनुमान मुकदमा** - प्रार्थी श्री सौरभ कुमार पुत्र प्रशोतम लाल, निवासी गांव व डाकधर हटवास तहसील नगरोटा वगवां, जिला कांगड़ा।
...प्रार्थी पक्ष
**वनाम**
**आम जनता**
...प्रत्याक्षी पक्ष
**विषयः- प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) के अन्तर्गत श्री सौरभ कुमार की जन्म तिथि 05-10-2005 को ग्राम पंचायत हटवास रिकार्ड में दर्ज करने वारे।**
**अखवारी ईश्तहार-** प्रार्थी श्री सौरभ कुमार पुत्र प्रशोत्तम लाल, निवासी गांव व डाकघर हटवास तहसील नगरोटा बगवां ने जन्म तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 05-10-2005 को ग्राम पंचायत हटवास में हुआ। परन्तु किसी कारण सम्वन्धित ग्राम पंचायत के रिकार्ड में दर्ज न करवा सके। दर्ज करने का आग्रह किया है। अतः इस अदालती अखवारी ईश्तहार कोर्ट नोटिस द्वारा आम जनता व सगे सम्बन्धियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजिरिया कौंसल एतराज दिनांक 13/03/2026 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्म तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएगें।
आज दिनांक 13/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**IN THE COURT OF SALEEM AZAM, HAS, COLLECTOR SUB DIVISION DHEERA, DISTRICT KANGRA HP.**
Case No.60701/2026
Date of hearing:- 24-02-2026
**Titled as Rajesh Kumar and Others versus Anarkali and Others.**
1.Sh. Rajesh Kumar son 2. Sh. Sanjay Kumar son 3. Smt. Ajudhya Devi Widow of late Sh. Kishan Chand S/o Late Sh. Labha 4. Sh. Suresh Kumar s/o Late Sh. Labha R/o Mohal Dehru Kahanphatt, Tehsil Dheera, Distt. Kangra HP. 5. Anurag Mishra S/o Vijay Kumar S/o Balkrishan R/o Ladoh Sub Tehsil Panchrukhi Distt. Kangra HP 6. Raghubeer Singh S/o Sh. Shamsher Singh R/o Simbal Patt Sub Tehsil Panchrukhi Distt. Kangra HP
....Appellants
**Versus**
1. Anarkali D/o Rafia 2. Khamber S/o Bhagat 3. Krishan S/o Bhagat 4. Uthli D/o Bhagat 5. 8. Gaytri Mehar Chand S/o Sita Ram 6. Desh Raj S/o Sita Ram 7. Saina Devi D/o Sita Ram Devi D/o Sita Ram 9. Godavari Devi D/o Sita Ram 10. Kapa Devi D/o Sita Ram 11. Vijay Kumar S/o Jagdish Chand 12. Ranjeet Singh S/o Jagdish Chand 13.Subhash Chand S/o Jagdish Chand 14. Neelam Devi D/o Jagdish Chand 15. Kushla Devi Wd/o Jagdish Chand 16. Saroop Chand S/o Fandi 17. Kuldeep Chand S/o Fandi 18. Kusam Lata D/o Fandi 19. Pushpa Devi D/o Fandi. All R/o Mohal Dehru Mouza Kahanphatt Tehsil Dheera Distt. Kangra HP.
....Respondents
Application u/s 4 of the Redemption Of The Mortagages (HP) Act, 1971 for the redemption of land comprising Khata No.62, Khatoni No.114, Khasra Kita 08 area 02-23-31 hectares situated at Mohal Dehru, Mouja Kahanphatt, Tehsil Dheera, Distt. Kangra H.P. Whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that the above noted respondents cannot be served in ordinary way of service. Hence this proclamation is hereby issued against them and that they should be appear personal or through their counsel on 24-02-2026 at 02.00 pm. failing which ex-parte proceedings shall be taken against them.
Given under my hand and seal of the Court on this 03rd February, 2026.
**Sub Division Dheera Distt. Kangra (H.P.)**

**सच्चाई** से जिसका मन भरा है, वह विद्वान न होने पर भी बहुत देश सेवा कर सकता है।

-पं. मोतीलाल नेहरू

## संपादकीय

# जिंदगी से खिलवाड़

हिमाचल प्रदेश, जिसे कभी उसकी सादगी, आपसी विश्वास और भाईचारे के लिए जाना जाता था, आज बदलते सामाजिक परिवेश के बीच एक नए और चिंताजनक दौर से गुजर रहा है। यह बदलाव केवल विकास, आधुनिकता या तकनीक तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवीय मूल्यों में आई गिरावट के रूप में भी सामने आ रहा है। हिमाचल के शिमला जिले के रोहड़ू के टिक्कर क्षेत्र के ब्रेष्टू गांव में सामने आया पानी के टैंक में जहर मिलाने का मामला इसी गिरते सामाजिक स्तर की भयावह मिसाल है।

यह घटना केवल एक आपराधिक कृत्य नहीं, बल्कि पूरे समाज को झकझोर देने वाली साजिश है। जिस वॉटर टैंक से लगभग 25 घरों के करीब 200 लोगों को पेयजल आपूर्ति होती थी, उसमें सेब की कीटनाशक दवा मिलाना किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि मानवता के खिलाफ सोची-समझी वारदात प्रतीत होती है। यदि समय रहते ग्रामीणों को पानी की गंध और रंग में बदलाव का संदेह न होता, तो परिणाम अत्यंत भयावह हो सकते थे। यह सौभाग्य ही था कि सतर्कता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। सवाल यह है कि आखिर हम किस दिशा में जा रहे हैं? क्या यह देशभर में बढ़ते अपराधों का असर है? क्या सोशल मीडिया पर फैलती नफरत और अविश्वास ने समाज की जड़ों को खोखला कर दिया है? या फिर व्यक्तिगत दुश्मनी और लालच ने इंसान को इतना निर्दयी बना दिया है कि वह पूरे गांव की जान जोखिम में डाल दे? इस घटना ने प्रशासनिक तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा दिए हैं। एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यदि आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है, तो यह जांच प्रणाली की धीमी गति और समन्वय की कमी को दर्शाता है। लोगों में आक्रोश बढ़ना स्वाभाविक है, क्योंकि मामला सीधे जीवन और सुरक्षा से जुड़ा है। जब मूलभूत आवश्यकता पानी ही असुरक्षित हो जाए, तो भय और अविश्वास का माहौल बन ही जाता है।

जल शक्ति विभाग की ओर से वॉटर टैंक को सील करना एक आवश्यक कदम था, किंतु यह कार्रवाई घटना के बाद ही क्यों की गई? क्या नियमित निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था पहले से नहीं होनी चाहिए थी? ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल टैंकों की सुरक्षा के लिए ठोस प्रोटोकॉल का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। यह केवल एक गांव का मामला नहीं, बल्कि पूरे राज्य के लिए चेतावनी है कि बुनियादी सुविधाओं की सुरक्षा को लेकर लापरवाही किसी भी समय बड़े संकट में बदल सकती है। समाज में बढ़ती व्यक्तिगत कटुता, प्रतिस्पर्धा और अविश्वास ने रिश्तों को कमजोर किया है। पहले जहां गांवों में सामूहिक जिम्मेदारी और पारदर्शिता का वातावरण होता था, वहीं अब निजी स्वार्थ और द्वेष अधिक प्रभावी दिखने लगे हैं। इस मानसिकता में बदलाव लाने के लिए सामाजिक जागरूकता अभियान, सामुदायिक बैठकों और नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक है।

पुलिस और संबंधित विभागों को ऐसी घटनाओं की जांच में तेजी और पारदर्शिता दिखानी चाहिए। यदि जांच लंबी खिंचती है, तो अफवाहें जन्म लेती हैं और लोगों का भरोसा डगमगाने लगता है। प्रशासन को नियमित प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से जांच की प्रगति साझा करनी चाहिए ताकि भ्रम और भय की स्थिति कम हो। जल स्रोतों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जानी चाहिए। सभी सार्वजनिक वॉटर टैंकों पर सीसीटीवी कैमरे और ताले अनिवार्य किए जाएं। साथ ही नियमित निरीक्षण प्रणाली लागू हो। जल शक्ति विभाग के लिए मासिक निरीक्षण और पानी की गुणवत्ता की जांच अनिवार्य की जाए। पुलिस विशेष जांच दल गठित कर ऐसे मामलों को प्राथमिकता दे। ग्राम स्तर पर जल सुरक्षा समितियों का गठन किया जाए, जो निगरानी और सूचना देने का कार्य करें। इतना ही नहीं, यदि दोषी पकड़ा जाता है, तो उसे कठोर सजा देकर उदाहरण प्रस्तुत किया जाए, ताकि भविष्य में कोई ऐसा दुस्साहस न कर सके। प्रशासन व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फैली भ्रामक सूचनाओं पर तुरंत प्रतिक्रिया दे। ब्रेष्टू गांव की यह घटना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना की परीक्षा है। यदि हम इसे केवल एक घटना मानकर नजरअंदाज कर देंगे, तो भविष्य में और भी गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। प्रशासन को त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए, वहीं समाज को भी आत्ममंथन की आवश्यकता है।

हिमाचल की पहचान को बचाए रखना केवल प्रदेश सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जब तक समाज और प्रशासन मिलकर बुनियादी सुविधाओं की सुरक्षा और मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए प्रयास नहीं करेंगे, तब तक ऐसी घटनाएं हमारे सामूहिक विवेक को बार-बार झकझोरती रहेंगी। अब समय आ गया है कि दोषियों को सजा मिले, निर्दोषों का भय दूर हो और हिमाचल फिर से विश्वास, भाईचारे और सुरक्षा का पर्याय बने। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र — **आज की प्रमुख हस्ती**

## मशहूर अभिनेता, निर्माता और निर्देशक



रणधीर कपूर
जन्म : 15 फरवरी 1947

**रणधीर** कपूर का जन्म 15 फरवरी 1947 को हुआ। वह एक हिंदी सिनेमा के मशहूर अभिनेता, फिल्म निर्माता और निर्देशक रहे हैं। कपूर परिवार से ताल्लुक रखने वाले कपूर अभिनेता-फिल्म निर्माता राज कपूर के बेटे, अभिनेता पृथ्वीराज के पोते और अभिनेता ऋषि कपूर और राजीव कपूर के भाई हैं। श्री 420 (1955) में बाल कलाकार के रूप में काम करने के बाद , कपूर ने पारिवारिक ड्रामा फिल्म कल आज और कल (1971) में मुख्य भूमिका के साथ अभिनय और निर्देशन में पदार्पण किया, जो बॉक्स ऑफिस पर औसत रूप से सफल रही। इसके बाद, कपूर ने जीत (1972), हमराही (1974) जैसे ड्रामा और जवानी दीवानी (1972), लफंगे (1975) जैसी रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों के साथ-साथ रामपुर का लक्ष्मण (1972) और हाथ की सफाई (1974) जैसी बहु-सितारा फिल्मों में भी मुख्य भूमिकाएं निभाईं। 1985 के बाद उनका करियर आगे नहीं बढ़ पाया, जिसके बाद उन्होंने एक दशक से अधिक समय तक अभिनय छोड़ दिया। उनके निर्देशित सफल रोमांटिक ड्रामा फिल्म मेहंदी (1991) ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार नामांकन दिलाया। रणधीर ने 1971 में अभिनेत्री बबीता से शादी की थी, जिनसे उनकी दो बेटियां हैं – अभिनेत्री करिश्मा और करीना कपूर हैं। ■



कविता

## आहट

डॉ. राजीव डोगरा, गांव जनयानकड़
कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

मेरे कदमों की आहट से
वर्तमान ठहर जाएगा और
भविष्य का चुपके से आगमन होगा।
मेरे कदमों की आहट से
देवी शक्तियां मोहित होगी और
दुष्ट शक्तियों स्थानांतरण करेंगी।
मेरे कदमों की आहट से
जीवन में प्रकाश का उदय होगा
और अंधकार का विनाश होगा।
मेरे कदमों की आहट से
हृदय में ज्ञान का उजाला होगा
और अज्ञान का ध्वंस होगा।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# महाशिवरात्रि : आत्मजागरण और शिवत्व की ओर



शांति गौतम
स्वतंत्र लेखक

महाशिवरात्रि केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि वह आध्यात्मिक क्षण है जब मनुष्य अपने भीतर के विराट से साक्षात्कार करता है। यह वह रात्रि है जब समय ठहर-सा जाता है, जब विचार शांत हो जाते हैं और जब चेतना अपने मूल स्रोत की ओर लौटती है।

इस महानिशा में उपासना केवल बाहरी अनुष्ठान नहीं-भीतर के अंधकार को पहचानकर उसे प्रकाश में बदलने का संकल्प है। भारतीय अध्यात्म में शिव कोई सीमित देवता नहीं, बल्कि अस्तित्व की वह अवस्था हैं जहां सब कुछ विलीन होकर भी पूर्ण रहता है। 'शिव' का अर्थ ही है-कल्याण। और 'रात्रि' का अर्थ है-अंतर्मुखी होने का अवसर। महाशिवरात्रि इसीलिए आत्मबोध की सबसे अनुकूल घड़ी मानी गई है। रात्रि का रहस्य : अंधकार नहीं, अवकाश-दिन बाहरी गतिविधियों का प्रतीक है, रात्रि आत्मसंवाद का। महाशिवरात्रि हमें सिखाती है कि अंधकार शत्रु नहीं, बल्कि अवसर है-अपने भीतर उतरने का अवसर। जब संसार सोता है, साधक जागता है। यह जागरण केवल आंखों का नहीं, चेतना का है। इस रात का मौन मन के शोर को शांत करता है। यही कारण है कि ध्यान, जप और मौन इस पर्व के केंद्र में हैं। शिव : विरोधों का अद्वैत- शिव का स्वरूप स्वयं में एक गहन दार्शनिक संदेश है। वे भस्म रमाते हैं, परंतु गंगा को धारण करते हैं। वे नाग को गले में रखते हैं, परंतु करुणा से परिपूर्ण हैं। वे तांडव करते हैं, परंतु समाधि में भी लीन हैं। उनके शरीर पर भस्म है-यह स्मरण कि सब कुछ नश्वर है। उनके जटाओं में गंगा है-यह संकेत कि जीवन निरंतर बहता है। उनकी तीसरी आंख है-विवेक की ज्वाला। शिव हमें संतुलन सिखाते हैं-वैराग्य और प्रेम का, शक्ति और शांति का। शिवलिंग: अनंत का प्रतीक-लिंग' का अर्थ है-चिन्ह। शिवलिंग निराकार ब्रह्म का प्रतीक है।

यह सृष्टि और चेतना के मिलन का चिन्ह है-ऊर्जा और शून्यता का संगम। यह हमें बताता है कि परम सत्य किसी आकृति में सीमित नहीं, वह सर्वव्यापी है। शिवलिंग पर जल अर्पित करना केवल परंपरा नहीं, अपने भीतर की तपिश को शांत करने का प्रतीक है। तांडव: परिवर्तन का नृत्य-अक्सर तांडव को क्रोध का प्रतीक समझा जाता है, परंतु यह सृष्टि के चक्र का संकेत है। जब पुराना ढहता है, तब नया जन्म लेता है। तांडव हमें सिखाता है कि जीवन में परिवर्तन से घबराना नहीं चाहिए। विनाश कभी-कभी विकास की प्रस्तावना होता है। शक्ति का आयाम: शिव और पार्वती-महाशिवरात्रि केवल शिव की उपासना नहीं, बल्कि शक्ति के सम्मान का भी पर्व है। माता



पार्वती का तप, उनका संकल्प, यह बताता है कि आध्यात्मिक उन्नति में स्त्री-शक्ति का योगदान अनिवार्य है। शिव और शक्ति का मिलन यह संदेश देता है कि चेतना और ऊर्जा एक-दूसरे के पूरक हैं। बिना शक्ति के शिव शून्य हैं, और बिना शिव के शक्ति दिशाहीन। आदियोगी : योग का उद्गम- शिव को आदियोगी कहा गया है-योग के प्रथम गुरु। योग का अर्थ है-जुड़ना। अपने भीतर के आत्मा से, प्रकृति से, और अंतत: परमात्मा से। महाशिवरात्रि की रात ध्यान और मौन का महत्व इसलिए है, क्योंकि यह मन की परतों को हटाकर आत्मा की अनुभूति कराती है। सामाजिक समरसता का संदेश-शिव की पूजा में वैभव का प्रदर्शन नहीं-सादगी है। भस्म, बेलपत्र, जल—ये सभी साधारण वस्तुएं हैं। यह पर्व हमें सिखाता है कि आध्यात्मिकता में भेदभाव का स्थान नहीं। शिव सभी के हैं-धनी के भी, निर्धन के भी, ज्ञानी के भी, अज्ञानी के भी। पर्यावरण और शिव-शिव का स्वरूप प्रकृति से गहराई से जुड़ा है। कैलाश उनका धाम है, गंगा उनकी जटाओं में है, सर्प उनके गले में है। वे 'पशुपतिनाथ' हैं-प्रकृति और प्राणियों के संरक्षक।

महाशिवरात्रि भारतीय संस्कृति का एक गहन आध्यात्मिक पर्व है, जो केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं, बल्कि आत्मजागरण और आत्मपरिवर्तन का संदेश है। आज जब पर्यावरण संकट, मानसिक अशांति और सामाजिक असंतुलन बढ़ते जा रहे हैं, तब यह पर्व हमें प्रकृति, जीवन और चेतना के गहरे संबंध को समझने की प्रेरणा देता है। शिव का श्मशानवास जीवन की नश्वररता का स्मरण कराता है। यह भय का नहीं, बल्कि वैराग्य और जागरूकता का प्रतीक है। जब मनुष्य मृत्यु की अनिवार्यता को स्वीकार करता है, तब वह जीवन के प्रत्येक क्षण को अधिक सार्थक और मूल्यवान ढंग से जीने लगता है।

महाशिवरात्रि में उपवास और जागरण का विशेष महत्व है। उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि शरीर और मन की शुद्धि का माध्यम है। जब शरीर हल्का होता है, तो मन अधिक एकाग्र और सजग बनता है। रात्रि जागरण हमें अनुशासन, संयम और इंद्रियों पर नियंत्रण का अभ्यास कराता है। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में यह पर्व एक आवश्यक विराम प्रदान करता है। शिव की तीसरी आंख ज्ञान और विवेक की प्रतीक है। इसके खुलने का अर्थ है अज्ञान का नाश और सत्य का उदय। यह हमारे भीतर की वह चेतना है, जो सही और गलत का भेद कराती है।

नीलकंठ रूप त्याग और सहनशीलता का संदेश देता है-समाज के विष को पीकर भी संतुलन बनाए रखना ही सच्चा नेतृत्व है। तांडव अन्याय के विरुद्ध सजगता और साहस का प्रतीक है। महाशिवरात्रि हमें सिखाती है कि हम क्रोध को करुणा में, अहंकार को समर्पण में और विभाजन को समरसता में बदलें। यह महा शिवरात्रि केवल जागरण नहीं, बल्कि जागृति का आह्वान है-अपने भीतर के शिवत्व को पहचानने और उसे जीवन में उतारने का संकल्प।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आरएसएस के हिंदू सम्मेलनों से जागृत हो रहा हिंदुत्व का भाव



प्रताप समयाल
शिमला

हिमाचल प्रदेश सहित संपूर्ण भारत में आयोजित हुए एक लाख से अधिक हिंदू सम्मेलनों का प्रभाव काफी व्यापक और बहुस्तरीय दिखाई दे रहा है। ये सम्मेलन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों का हिस्सा हैं, लेकिन इन्हें स्थानीय स्तर पर सकल हिंदू समाज ने स्वयं आयोजित किया जिससे इनकी पहुंच और स्वीकार्यता बढ़ी है। स्थानीय स्तर पर समाज के प्रमुख जन, सज्जन शक्ति की आयोजन समिति का गठन किया गया, जिन्होंने सफलतापूर्वक हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया। हिंदू सम्मेलनों के वक्ता समाज के विशिष्ट व्यक्ति, संघ कार्यकर्ता, साधु संत एवं प्रभावी मातृशक्ति रही, जिन्होंने संघ यात्रा, स्थानीय समस्या, चुनौती समधान एवं पंच संकल्प से समाज परिवर्तन जैसे विषयों पर समाज का प्रबोधन किया। इन सम्मेलनों के कुछ प्रभाव-

**सामाजिक समरसता में वृद्धि:** सम्मेलनों में सभी जातियों, वर्गों और क्षेत्रों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों और सेवा बस्तियों में उत्साह सबसे ज्यादा दिखा। छोटे-छोटे आपसी मतभेद कम होने लगे और 'हम सब हिंदू भाई-भाई' का भाव मजबूत हुआ। कार्यक्रमों में सह भोज का आयोजन कर सभी ने साथ बैठकर सामूहिक भोजन किया गया।

**सांस्कृतिक जागरण और युवा सहभाग:** युवा नागरिकों को सनातन हिंदू संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने का प्रयास सफल रहा। देश का युवा आज भारत माता की जय, वंदे मातरम जैसे उद्घघोष को अपना ध्येय वाक्य मानता है। सम्मेलनों में संतों, मातृशक्ति और आरएसएस से जुड़े वक्ताओं ने शास्त्रों और परंपराओं के आधार पर एकता का संदेश दिया।

**राष्ट्रीय पहचान और राष्ट्रभक्ति का संचार:** सम्मेलनों में 'संगठित हिंदू, समर्थ भारत' का नारा गूंजा। लोगों में देश के प्रति श्रद्धा और विश्वास बढ़ा, और 'वसुधैव कुटुंबकम्' के आदर्श को पुनर्जीवित करने की भावना सामने आई! देश के लिए जीना, समाज कल्याण, विश्व कल्याण के लिए अपना जीवन अर्पण करना ऐसी भावना आज जागृत हुई है।



**स्थानीय स्तर पर सामूहिक नेतृत्व का उदय:** इन सम्मेलनों का आयोजन स्थानीय हिंदू समाज द्वारा किया गया, जिससे बस्ती स्तर पर नेतृत्व और संगठन की क्षमता बढ़ी। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है, संघ ने प्रेरणा दी, लेकिन आयोजन समाज ने स्वयं किया।

**देवताओं की सहभागिता:** समाज को एकसूत्र में पिरोने हेतु हिंदू सम्मेलन में क्षेत्र के प्रमुख देवताओं ने भी अतिथि के रूप में आकर उपस्थिति दी। देव परंपरा अनुसार आज भी हिमाचल में समाज देव नीति का अनुसरण करते हैं। बरोट के देवता देव श्री गहरीनेर महाराज जिनके साथ हजारों लोगों ने एकता एवं समरस समाज का सन्देश दिया। वहीं, करसोग के देवता देव दवाहड़ी सरयोगी जी ने इमला बिमला के संगम पर हिंदू समाज को अपना आशीर्वाद दिया।

देश के अंदर बाहरी आक्रमणकारियों के कारण से आई हिंदू समाज में आत्महीनता ने हिंदू भाव को लगभग शून्य कर दिया था। कोई अपने आप को हिंदू कहना पाप या अपराध बोध समझता था। कहा जाता हीनता का भाव इतना आ गया था की कुछ भी कहो, परंतु हिंदू मत कहो ऐसी मानसिकता हो गयी थी। परंतु स्वामी विवेकानंद के उस उद्घघोष को जिसमें उन्होंने कहा था 'गर्व से कहो हम हिंदू है' संघ संस्थापक डाक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने त्याग, तपस्या, बलिदान, देशभक्ति की भावना से एवं संगठन कुशलता से सार्थक सिद्ध कर दिया। उन्होंने उस कहावत को झूठ साबित कर दिया जिसमे कहा जाता था कि हिंदू समाज का संगठन करना मैढ़कों को तोलने के समान है, हिंदू कभी संगठित हो ही नहीं सकता। आज हिंदू समाज अपने व्यक्तिगत स्वार्थ,अपनी जाति, राजीनीति, क्षेत्रवाद के भेदभाव से ऊपर उठकर हिंदू सम्मेलनों में सहभागी हुआ। इस संघ यात्रा के 100 वर्षों में आज हिंदू समाज संगठित हुआ है और भारत को पूर्ण रूप से समर्थ बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दुनिया एक बार फिर से शीत युद्ध की ओर बढ़ती प्रतीत हो रही



केशव शर्मा रसिक
वरिष्ठ लेखक व साहित्यकार
कोटला, घुमारवीं

दुनिया एक बार फिर शीत युद्ध जैसी अनिश्चितता की ओर बढ़ती प्रतीत हो रही है। रूस और अमेरिका के बीच सामरिक परमाणु हथियारों को सीमित करने वाली अंतिम प्रमुख संधि 'न्यू स्टार्ट' के टूटने अथवा निष्क्रिय होने से वैश्विक शांति पर गंभीर संकट गहरा गया है। दोनों महाशक्तियों के बीच बढ़ता अविश्वास, न केवल हथियारों की होड़ को जन्म दे सकता है, बल्कि संपूर्ण मानवता के अस्तित्व के लिए भी चुनौती बन सकता है।

न्यू स्टार्ट संधि पर वर्ष 2010 में रूस और अमेरिका ने हस्ताक्षर किए थे। इसका उद्देश्य दोनों देशों के रणनीतिक परमाणु हथियारों—अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों, पनडुब्बी आधारित मिसाइलों और भारी बमवर्षक विमानों—की संख्या पर सीमा तय करना था। इस संधि के तहत निरीक्षण प्रणाली भी बनाई गई थी, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और अविश्वास की गुंजाइश कम हो।यह संधि इसलिए भी महत्वपूर्ण थी क्योंकि शीत युद्ध के बाद यह दोनों देशों के बीच बची अंतिम प्रभावी परमाणु नियंत्रण व्यवस्था थी। इसके कमजोर पड़ते ही वैश्विक सामरिक संतुलन डगमगाने लगा है।

आपसी आरोप-प्रत्यारोप और प्रतिबंधों की राजनीति ने रूस-अमेरिका संबंधों को गहरे संकट में डाल दिया है। दोनों देशों ने एक-दूसरे पर संधि उल्लंघन के आरोप लगाए, जिसके परिणामस्वरूप निरीक्षण प्रक्रिया ठप पड़ गई और संवाद लगभग समाप्त हो गया।

कूटनीतिक असहमति धीरे-धीरे सैन्य अविश्वास में बदल गई। न्यू स्टार्ट के कमजोर होने से सबसे बड़ा खतरा नई परमाणु हथियार दौड़ का है। यदि कोई कानूनी सीमा नहीं रही, तो दोनों देश अपने परमाणु शस्त्रागार का विस्तार कर सकते हैं। इसका असर केवल रूस और अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अन्य परमाणु शक्तियां भी अपने हथियार बढ़ाने के लिए प्रेरित होंगी। इससे परमाणु अप्रसार की पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा।



परमाणु हथियारों का बढ़ता खतरा सीधे-सीधे वैश्विक शांति के लिए घातक है। किसी भी गलत आकलन, तकनीकी चूक या क्षेत्रीय संघर्ष के परमाणु युद्ध में बदलने की आशंका बढ़ जाती है। इसका परिणाम केवल सीमित देशों तक नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया को विनाश की ओर धकेल सकता है। पर्यावरणीय तबाही, मानव जीवन की अपूरणीय क्षति और वैश्विक अर्थव्यवस्था का पतन इसके दुष्परिणाम होंगे।

भारत और चीन सहित अनेक विकासशील और गैर-पक्षपाती देश इस स्थिति से चिंतित हैं। परमाणु हथियारों की होड़ का सीधा असर वैश्विक संसाधनों पर पड़ेगा, जिनका उपयोग विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य में किया जाना चाहिए। युद्ध की आशंका बढ़ने से अंतरराष्ट्रीय सहयोग कमजोर होगा और शांति प्रयासों को गहरा आघात पहुंचेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस संकट का एकमात्र समाधान संवाद और कूटनीति है। रूस और अमेरिका को आपसी मतभेदों के बावजूद वार्ता की मेज पर लौटना होगा। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों को भी मध्यस्थता की भूमिका निभानी चाहिए, ताकि परमाणु निरस्त्रीकरण और हथियार नियंत्रण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

अत: रूस-अमेरिका के बीच न्यू स्टार्ट संधि का टूटना केवल दो देशों का मामला नहीं, बल्कि पूरे विश्व की सुरक्षा से जुड़ा प्रश्न है। आज आवश्यकता इस बात की है कि महाशक्तियां शक्ति प्रदर्शन के बजाय जिम्मेदारी का परिचय दें। यदि समय रहते ठोस पहल नहीं की गई, तो आने वाली पीढ़ियों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। विश्व शांति की रक्षा के लिए परमाणु हथियार नियंत्रण को पुन: प्राथमिकता देना अनिवार्य हो गया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# ठाकुर राम सिंह का दबे सत्य को उजागर करने में उतुल्य योगदान



प्रो. मनोज डोगरा
प्रवक्ता, बड़सर कॉलेज
जिला हमीरपुर

ठाकुर राम सिंह का जन्म हमीरपुर जिला में झंडवीं गांव में एक किसान परिवार में 16 फरवरी, 1915 को हुआ था। अपनी प्रारंभिक शिक्षा झंडवीं में प्राप्त करने के पश्चात उच्च शिक्षा हेतु लाहौर गए, जहां वह 1942 में इतिहास विषय में एमए करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आए।

एमए इतिहास में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा उसी महाविद्यालय में आचार्य पद पर नियुक्ति प्रदान की गई, परंतु उन्होंने इस पद को अस्वीकार करके अपना संपूर्ण जीवन समाज कार्य के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का प्रचारक बनकर समर्पित कर दिया। उन्होंने 1942 से 1988 तक संघ के प्रचारक के रूप में अनेक महत्वपूर्ण दायित्वों पर काम किया तथा सन् 1988 में उन्हें अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना का कार्य सौंपा गया। उन्होंने अनवरत परिश्रम कर देशभर के प्रत्येक जिला में इतिहास संकलन योजना की कार्यकारिणी का गठन किया और इतिहास के विद्वानों को भारतीय इतिहास परंपरा का ज्ञान करवाया। वह 1992 से 2000 तक इतिहास संकलन योजना के राष्ट्रीय अध्यक्ष और तत्पश्चात 2003 तक मार्गदर्शक का दायित्व निर्वहन करते रहे। ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान की स्थापना हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला केंद्र से पश्चिम दिशा में स्थित नेरी गांव में 7 अक्तूबर, 2002 को उनके मार्गदर्शन में इतिहास एवं भारतीय ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में स्थायी कार्य हेतु शोध संस्थान की स्थापना हुई। उन्होंने संगठनात्मक कार्यों को केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी के रूप में नहीं देखा, बल्कि उन्हें सामाजिक संस्कार के माध्यम के रूप में विकसित किया। उनका मानना था कि संगठन वही टिकाऊ होता है, जो व्यक्ति के चरित्र को गढ़े और उसे राष्ट्र के व्यापक हितों से जोड़े। इसी कारण उनके द्वारा प्रेरित और प्रशिक्षित लोग केवल कार्यकर्ता नहीं बने, बल्कि विचारवान नागरिक के रूप में



विकसित हुए। उनकी सोच में शिक्षा का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण था। उनके लिए शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं थी, बल्कि वह व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया थी। वे मानते थे कि यदि शिक्षा व्यक्ति को समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायी नहीं बनाती, तो वह अधूरी है। यह दृष्टिकोण आज के युवाओं के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जो अक्सर शिक्षा को केवल रोजगार से जोड़कर देखते हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि नेतृत्व पद से नहीं, आचरण से जन्म लेता है। उन्होंने कभी स्वयं को प्रचारित नहीं किया, न ही अपने कार्यों का श्रेय लेने की चिंता की। उनका प्रभाव उनके मौन कर्मों, स्पष्ट विचारों और अडिग प्रतिबद्धता से उत्पन्न हुआ। यही कारण है कि उनका व्यक्तित्व आज भी लोगों को प्रेरित करता है, भले ही वे भौतिक रूप से हमारे बीच न हों।

आज का युवा वर्ग यदि अपने जीवन में उद्देश्य की तलाश कर रहा है, तो ठाकुर राम सिंह का जीवन उसे यह संदेश देता है कि उद्देश्य बाहर नहीं, भीतर से जन्म लेता है। समाज और राष्ट्र के लिए कुछ करने की भावना जब व्यक्ति के मन में जागृत होती है, तब उसका जीवन स्वयं अर्थपूर्ण हो जाता है। उन्होंने यह भी दिखाया कि परिवर्तन की शुरुआत हमेशा छोटे प्रयासों से होती है, बशर्ते उनमें निरंतरता और ईमानदारी हो। ठाकुर राम सिंह का जीवन संघर्षों से मुक्त नहीं था।

उनका जीवन सिखाता है कि धैर्य और दृढ़ता ही किसी भी दीर्घकालिक परिवर्तन की कुंजी होती है। उनकी दृष्टि में राष्ट्र कोई अमूर्त कल्पना नहीं था, बल्कि वह जीवंत समाज था, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। वे मानते थे कि राष्ट्रनिर्माण सरकारों का नहीं, नागरिकों का दायित्व है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# छोटी काशी में महाशिवरात्रि महोत्सव की पूजा-परंपरा, भक्तों के लिए अद्भुत अनुभव

## सात दिवसीय आयोजन में परंपरा और भक्ति का संगम, ऐतिहासिक मंदिरों में विरासत तथा आध्यात्मिक ऊर्जा एवं संस्कृति और इतिहास का जीवंत प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** छोटी काशी मंडी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाला शिवरात्रि महोत्सव आस्था, परंपरा और इतिहास का सजीव संगम है। इस पावन महोत्सव के सात दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन विभिन्न ऐतिहासिक एवं प्राचीन मंदिरों में पूजा की रियासत काल से परंपरा है। यह मंदिर तत्कालीन राजाओं के संरक्षण में निर्मित हुए और अपने गर्भ में सदियों पुराना इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को समेटे हुए हैं। इन मंदिरों का इतिहास अत्यंत गौरवशाली व प्राचीन है। इनमें शिवरात्रि महोत्सव के दौरान होने वाली विविध पूजा विधियां भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा से सरावोर करती हैं। अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान विभिन्न मंदिरों में रियासत काल में राजा स्वयं पूजा करते थे। अब इस प्रथा को प्रशासन द्वारा निभाया जाता है। सात दिनों तक आयोजित होने वाले इस उत्सव में प्रतिदिन अलग-अलग मंदिर में परम्परा अनुसार पूजा की जाती है।

### पहले दिन: उपायुक्त कार्यालय के परिसर में स्थित श्री राज माधोराय मंदिर में पूजा

**शिवरात्रि** महोत्सव के पहले दिन श्री राज माधोराय मंदिर में पूजा अर्चना की जाती है। यह प्रथा 1632 में राजा सूरज सेन के समय से आरंभ हुई है। वर्तमान में शिवरात्रि महोत्सव समिति के अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा उपायुक्त कार्यालय के परिसर में स्थित श्री राज माधोराय मंदिर में पूजा-अर्चना की इस ऐतिहासिक प्रथा को निभाया जाता है।

### दूसरे दिन: श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा

**सन** 1679 ई0 में मंडी के राजा गुरसेन श्री जगन्नाथ जी की मूर्ति उड़ीसा जगन्नाथ पुरी मंदिर से मंडी लाए थे। ऐसा कहा जाता है कि रियासत काल में मंडी के राजा हर वर्ष जगन्नाथ पुरी जाते थे। कुछ समय के बाद राजा ने भगवान से प्रार्थना कर पूरी आने में असमर्थता जताई। जिस पर श्री जगन्नाथ जी ने दृष्टांत दिया कि वह एक बार जगन्नाथ पुरी आये और वहां उनके विग्रह को अपने यहां ले जाकर स्थापित करें। राजा ने देव आदेश को माना और पुरी से विग्रह लाकर पड्डल में श्री जगन्नाथ जी को स्थापित कर वहां एक मंदिर का निर्माण किया। इसी के साथ शिवरात्रि महोत्सव के दूसरे दिन जगन्नाथ भगवान की पूजा की परम्परा जुड़ गई। पुराना मंदिर पत्थर और मिट्टी गार के स्लेटनुमा छत वाला पहाड़ी शैली के भवन में स्थापित था। 90 के दशक में यहां पर शिखर शैली के मंदिर का निर्माण किया गया।

अनंत ज्ञान खास खबर



### तीसरे दिन: माता श्यामा काली टारना में होती है पूजा-अर्चना

**मंडी** रियासत की पूर्व राजधानी भटोहली में उत्तराभिमुखी लघु मंदिर शक्ति का प्रतीक देवी काली को समर्पित है। इसे श्यामकली का मंदिर कहा जाता है। मान्यता है कि टारना माता का प्राचीन स्थान यहीं पर है। यह शक्ति का प्रतीक तारा देवी का स्थान है। रियासतकालीन भूमि के दस्तावेजों के अनुसार पहले यहां पर चार फुट चौड़ा और चार फुट लंबा लघु देवालय बना था। मंदिर का अब पुनर्निर्माण हो चुका है। गर्भगृह में पाशाण पर चतुर्भुज स्वरूप में देवी काली की प्रतिमा का उत्कीर्ण हुआ है। राजा श्यामा सैन ने सुकेत रियासत के राजा जीत सैन से लोहारा की लड़ाई जीतने के बाद टारना में श्यामा काली मंदिर का निर्माण किया था। महाशिवरात्रि महोत्सव के तीसरे दिन की पूजा मांश्यामा काली टारना को समर्पित है।

### चौथे दिन की श्रीराम चंद्र, माता सीता व माता जालपा मंदिर में पूजा-अर्चना

**महोत्सव** के चौथे दिन श्री राम चंद्र, माता सीता जी व जालपा माता मंदिर में पूजा करने का ऐतिहासिक प्रचलन है। श्री राम चंद्र मंदिर का निर्माण राजा सूरज सैन ने 1637 से 1664 ई0 के मध्य में पड्डल मंडी में करवाया था जो भारत का एक दुर्लभ मंदिर है। आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण छोटी काशी मंडी में श्री रामचंद्र मंदिर करीब 300 साल पुराना है। मूर्ति शिल्प के आधार पर यह भगवान विष्णु का मंदिर है, परंतु देव आस्था का प्रतीक श्री राम चंद्र हैं। जीवन में मर्यादाओं की पराकाष्ठा स्थापित करने वाले कौशल्या नंदन श्री रामचंद्र यहां साक्षात नारायण स्वरूप में दर्शन देते हैं। शिल्पा ने भगवान विष्णु के देव स्वरूप में उनके अवतार श्रीराम चंद्र को मूर्ति में तराषा है।

### पांचवें दिन: सिद्ध काली व भुवनेष्वरी मंदिर में की जाती है पूजा-अर्चना

**शिवरात्रि** महोत्सव के पांचवें दिन माता सिद्ध काली मंदिर संकन गार्डन में पूजा की परंपरा है। सिद्ध काली मंदिर की स्थापना राजा सिद्ध सेन ने की थी। इस मंदिर का इतिहास राज परिवार से जुड़ा हुआ है। चट्टान को रेती-छेनी से तराशते हुए परा प्रकृति सिद्ध काली की अष्टभुजा स्वरूप प्रतिमा का शिलपांकन अदभुत है। वहीं भुवनेष्वरी मंदिर नगर निगम कार्यालय के पास स्थित है।

### छठे दिन पुराना मंडी स्थित त्रिलोकीनाथ और शीतला माता मंदिर में की जाती पूजा-अर्चना

**शिवरात्रि** महोत्सव के छट्ठे दिन पुरानी मंडी स्थित त्रिलोकनाथ व शीतला माता मंदिर में पूजा की जाती है। शिवरात्रि महोत्सव के दौरान इन मंदिरों में कालांतर से पूजा की जा रही है। वैदिक नदी बिपाशा के पावन तीर पर भगवान शिव को समर्पित प्राचीन त्रिलोकीनाथ मंदिर नगर वासियों की आस्था में गूंथा हुआ है। यह एक दर्शनीय धार्मिक वास्तु स्थल है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से इसे संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है। शिखर शैली के मंदिर का निर्माण कलि संवत 2264 शक संवत 1442 में होने की जानकारी मिली है। यह मंदिर वास्तु उस समय बना जब मंडी रियासत की राजधानी भटोहली या वाशनी में हुआ करती थी। वाशनी अर्थात वास करने वाली जगह। बंगाल मूल के सेन राजपूत राजाओं की वंषावली से तत्कालीन राजा अजबर सेन की रानी सुल्ताना देवी ने मंदिर का निर्माण करवाया था। टांकरी अभिलेख मंदिर के पांच सौ साल पुराना होने की ओर स्पष्ट संकेत करता है।

### श्री भूतनाथ मंदिर में सातवें दिन की पूजा

**श्री** भूतनाथ मंदिर की स्थापना के समय तक छोटा मेला 1527 ई0 में भूतनाथ के प्रांगण में होता था। उस समय भूतनाथ के बाहर राजपरिवार के महल थे तथा वहीं पर मेला आयोजित होता था। बाद में इसका नाम चौहटा पड़ा। श्री बावा भूतनाथ मंदिर की स्थापना करने के बाद ही शिवरात्रि मेले का शुभारंभ हुआ, क्योंकि भूतनाथ की स्थापना के दिन शिवरात्रि थी और शिव पार्वती का मिलन हुआ था। इस मेले का महत्व भी राज परिवार से जुड़ा है और कालांतर से पूजा की परम्परा चलती आ रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को उच्च शिक्षा, कौशल विकास और व्यावसायिक संभावनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में करियर काउंसिलिंग विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भविष्य के करियर विकल्पों के बारे में मार्गदर्शन देना रहा। मंच संचालन करियर काउंसिलिंग के संयोजक प्रोफेसर विवेकानंद शर्मा ने किया। इस अवसर पर चितकारा विवि से आए विशेषज्ञ डॉ. सुनिल कौशल, डारेक्टर ऑफ स्ट्रेटेजिक, प्रोफेसर मनदीप और नावेदया एडमिशन हेड ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों, उच्च शिक्षा के अवसरों और कौशल विकास के महत्व पर जानकारी दी। मुख्य वक्ता प्रोफेसर मनदीप ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, संचार कौशल और आत्मविश्वास भी जरूरी हैं। उन्होंने इंजीनियरिंग, प्रबंधन, आईटी, होटल मैनेजमेंट और उद्यमिता जैसे क्षेत्रों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला तथा छात्रों को रुचि व क्षमता के अनुसार करियर चुनने की सलाह दी। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विद्यार्थी और प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### रोजगार और स्वरोजगार की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय, सरकाघाट में करियर परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा रोजगार संभावनाओं पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विभिन्न रोजगार अवसरों और स्वरोजगार के विकल्पों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक समय में रोजगार के प्रति सतर्क रहना और प्रतिदिन ज्ञान तथा कौशल में सुधार करना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य वक्ताओं प्रो. हरदीप सिंह सैनी, डॉ. सुनील कौशल और नवोदया ने छात्रों को प्रतिस्पर्धा के युग में अपनी तैयारी और अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल विपणन, वित्त प्रबंधन, बैंकिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और दृश्य संचार जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध पाठ्यक्रमों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अरुण ने किया और आयोजन डॉ. विनोद कुमार द्वारा संपन्न हुआ।

### सेवा संकल्प समिति ने बांटे 2.45 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सेवा संकल्प समिति सरकाघाट कार्यकारिणी की मासिक बैठक अध्यक्ष चंद्रमणि की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न नई योजनायों पर विचार किय गयाा।इसमें 18 सदस्यों ने भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश के कोने कोने से सरकाघाट पहुंचे गरीब और लाचार 30 रोगियों के आवेदनों में से 26 रोगियों के आवेदन योग्य पाए गए क्योंकि सेवा संकल्प समिति सरकाघाट 2 वर्षों में एक व्यक्ति को एक बार ही सहयता करती है और इन्हें 2 लाख 45 हजार रुपए प्रदान किए गए। सेवा संकल्प समिति के महासचिव राकेश पंकज ने बताया कि सेवा संकल्प समिति सरकाघाट अपने सदस्यों की सहायता से निरंतर 2011 से शिक्षा, स्वास्थ्य और पूरे प्रदेशभर में प्राकृतिक आपदा प्रभावित जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है।

### शिव मंदिर पधर में कल लगेगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, पधर।** पधर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिर में सोमवार को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हेम सिंह ने श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है और सभी से अधिक संख्या में पहुंचकर भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने एवं प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है। कमेटी सदस्य दूनी चंद, कमलेश कुमार और अमित धरवाल ने भी आयोजन में भाग लेने की अपील की। यह भंडारा वर्षों से लगातार हो रहा है व क्षेत्र में धार्मिक आस्था, भाईचारा एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करता है। मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रही हैं।

### पाइनग्रोव स्कूल को सौंपी एलईडी टीवी




**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में यूको बैंक एक बार फिर मददगार साबित हुआ है। स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को सीखने-सिखाने की आधुनिक प्रक्रिया को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बैंक की लडभड़ोल शाखा ने पाइनग्रोव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल को एक एलईडी टीवी भेंट की। शाखा प्रबंधक रजत जमवाल ने विद्यालय के निदेशक बलवंत ठाकुर एवं प्रधानाचार्य रवि कुमार को औपचारिक रूप से एलईडी टीवी समर्पित की। इस अवसर पर रजत जमवाल ने कहा कि डिजिटल कंटेंट के माध्यम से बच्चों को विषयों को सरल, रोचक एवं परस्पर संवादात्मक तरीके से समझने में सहायता मिलेगी। ठाकुर ने जोनल मैनेजर कमल कुमार शर्मा, अचल प्रबंधक यूको बैंक, शाखा प्रबंधक रजत जमवाल तथा सहायक प्रबंधक शुभम ठाकुर का विद्यालय परिवार की ओर से तहेदिल से धन्यवाद किया।

### अग्निवीर भर्ती रैली 22 मार्च से पंडोह में

**अनंत ज्ञान, मंडी।** अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की भर्ती 22 मार्च से 30 मार्च 2026 तक ट्रेनिंग ग्राउंड रिजर्व बटालियन पंडोह में आयोजित की जाएगी। यह भर्ती रैली मंडी, कुल्लू और लाहौल स्पीति जिलों के उन अभ्यर्थियों के लिए होगी, जिन्होंने वर्ष 2025 की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की है। भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय मंडी कर्नल गौतम निशांत ने बताया कि लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के एडमिट कार्ड शीघ्र ही आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। इसकी सूचना अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ई मेल पर भी उपलब्ध करवाई जाएगी। अभ्यर्थी वेबसाइट पर लॉग इन कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थी प्रवेश पत्र में दर्शाई गई तिथि और समय के अनुसार ही ट्रेनिंग ग्राउंड रिजर्व बटालियन पंडोह में भर्ती रैली के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें। भर्ती निदेशक ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि वे भर्ती रैली संबंधी जारी अधिसूचना के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज अपने साथ अवश्य लाएं तथा निर्धारित समयानुसार ही रैली स्थल पर पहुंचें, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

# मंडी पहुंचे बड़ा देव कमरूनाग

## उपायुक्त एवं शिवरात्रि महोत्सव समिति के अध्यक्ष अपूर्व देवगन ने किया स्वागत

अनंत ज्ञान



बड़ा देव कमरूनाग का स्वागत करते डीसी एवं शिवरात्रि महोत्सव समिति के अध्यक्ष अपूर्व देवगन। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2026 में भाग लेने के लिए मंडी जनपद के आराध्य देव बड़ा देव कमरूनाग शनिवार को मंडी पहुंचे। इस अवसर पर राज माधोराय मंदिर में उपायुक्त एवं अध्यक्ष शिवरात्रि महोत्सव समिति अपूर्व देवगन ने उनका विधिवत स्वागत किया और पूजा-अर्चना संपन्न की। यहां बड़ा देव कमरूनाग का राज माधोराय के साथ भव्य मिलन भी हुआ।

बड़ा देव कमरूनाग के मंडी पहुंचते ही शिवरात्रि महोत्सव के पारंपरिक कारज विधिवत प्रारंभ हो गए। अब बड़ा देव कमरूनाग आगामी सात दिनों तक टारना माता मंदिर में विराजमान रहेंगे तथा भक्तजनों को आशीर्वाद देंगे।

इस अवसर पर उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि शिवरात्रि महोत्सव में बड़ा देव कमरूनाग के आगमन के साथ ही पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हो जाती है। साथ ही अन्य देवी-देवताओं का आगमन भी आरंभ हो चुका है। उन्होंने विश्वास जताया कि देवी-देवताओं के आशीर्वाद से महोत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होगा।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन 16 से 22 फरवरी तक किया जाएगा, जिसमें जनपद के 216 देवी-देवताओं को आमंत्रित किया गया है। महोत्सव को आकर्षक बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। उन्होंने आमजन से भी महोत्सव में भाग लेकर देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया।

इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला कमेटी द्वारा गठित स्वागत समिति ने पुलघराट में बड़ा देव कमरूनाग का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर सर्व देवता समिति के प्रधान शिव पाल शर्मा, जिला राजस्व अधिकारी हरीश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पांच सत्रों में लोक साहित्य कला व बाल कथा पर चर्चा

अनंत ज्ञान

◆ प्रथम लिटरेचर फेस्टिवल छोटी काशी साहित्य उत्सव का आयोजन

**मंडी।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत संकन गार्डन में मंडी का पहला लिटरेचर फेस्टिवल 'छोटी काशी साहित्य उत्सव' सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई और प्रसिद्ध लेखक राजा भसीन ने उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपायुक्त अपूर्व देवगन भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि राजा भसीन ने कहा कि कला, इतिहास, परंपराएं और आस्थाएं मिलकर साहित्य का सृजन करती हैं। साहित्य केवल लेखन का माध्यम नहीं, बल्कि सत्य तक पहुँचने की खिड़की है। उन्होंने मंडी के 500 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इस तरह की साहित्यिक पहल को सराहा और कहा कि अपनी जड़ों और विरासत से जुड़े रहकर भविष्य की ओर बढ़ना ही वास्तविक प्रगति है। उत्सव के दौरान कुल पांच साहित्यिक सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में मंडयाली लोक साहित्य और समकालीन साहित्य पर चर्चा हुई, जिसमें संयोजक कृष्ण चंद महादेविया और पैनलिस्ट मुरारी शर्मा, डॉ. रेखा वशिष्ठ, डॉ. विजय विशाल ने विचार साझा किए।

दूसरे सत्र में कैमरा, मंडी कलम और रंगमंच के माध्यम से मंडी की कलात्मक अभिव्यक्ति पर संवाद हुआ। संयोजक डॉ. राकेश शर्मा के नेतृत्व में बीरबल शर्मा, रमेश रवि, सीमा शर्मा और राजेश कुमार ने विचार प्रस्तुत किए।

तीसरे सत्र में 'किस्सों की विरासत - लोक कथा से बाल कथा तक' विषय पर बाल साहित्य के महत्व पर चर्चा हुई।

# शुभम को मिस्टर व अंशिका को मिला मिस फेयरवेल का खिताब



एसपीएस स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य एवं भावनात्मक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय परिसर उत्साह और भावनाओं से सराबोर नजर आया। जूनियर विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, कविता पाठ और मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने सीनियर्स को भावभीन यादें दीं।

समारोह में विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र कुमार, प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम और समाजसेवी पीसी जामवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और उच्च नैतिक मूल्यों का पालन करने की प्रेरणा दी। विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियां भी प्रदान की गईं। मिस्टर फेयरवेल शुभम, मिस फेयरवेल अंशिका राणा, मिस पर्सनैलिटी प्रियंशी, मिस्टर पर्सनैलिटी अंशुल ठाकुर, मिस्टर कूल आयुष और मिस कूल अरुणिमा को सम्मानित किया गया।

विद्यार्थियों ने अपने विद्यालयीन अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के मार्गदर्शन और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में प्रधानाचार्य ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दी और विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों को मंगलकामनाओं के साथ विदाई दी।

# शहीदों का बलिदान राष्ट्र की अमर धरोहर : राकेश जम्वाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सामुदायिक भवन, सुंदरनगर में पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के तत्वावधान में पुलवामा शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल ने वर्ष 2019 में पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और वीरांगनाओं को सम्मानित किया। राकेश जमवाल ने कहा कि शहीदों का बलिदान केवल एक घटना नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, साहस और कर्तव्यपरायणता की अमर गाथा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रसेवा की भावना अपनाएं। पूर्व केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के सदस्य और नागरिकों ने भी शहीदों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। जम्वाल ने कहा कि शहीदों का सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है और देश सदैव इन वीर सपूतों का ऋणी रहेगा।

## सरकाघाट में धूमधाम से मनाया सिग्नल कोर का 116वां स्थापना दिवस

# शहीदों को दी श्रद्धांजलि, पूर्व सैनिक नवाजे

अनंत ज्ञान



सरकाघाट में धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** वेटरंस कॉर्प्स ऑफ सिग्नल्स यूनिट सरकाघाट द्वारा कोर ऑफ सिग्नल्स का स्थापना दिवस सैनिक रेस्ट हाउस सरकाघाट के प्रांगण में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता कोर ऑफ सिग्नल के अध्यक्ष वेटरन अमृत लाल ने की। इस गौरवशाली अवसर पर कोर ऑफ सिग्नल्स का ध्वज चीफ गेस्ट वेटरन रोशन लाल द्वारा फहराकर वीर शहीदों को श्रंद्धाजलि दी और शहीदों की शहादत को याद किया गया। सभी वेटरंस ने मिलकर कोर का आधिकारिक गान गाया, जो उनके गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है कोर ऑफ सिग्नल्स, जिसे भारतीय सेना के 'इनफॉर्मेशन वॉरियर' ' के रूप में जाना जाता है। इस कार्यक्रम में तीव्र चौकस के सैकड़ों पेंशनरों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों ने सिग्नल कोर के योगदान पर प्रकाश डाला और वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के प्रति प्रेरित किया। इस विशेष सम्मान समारोह में आपदा के समय मदद करने वाले वेटरन को भी सम्मानित भी किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में अनेक पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

इस अवसर पर 80 वर्ष से अधिक आयु तथा विशेष योगदान देने वाले पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। आपदा के समय सेवा देने वाले वयोवृद्धों को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में रमेश चंद भारद्वाज (महासचिव, हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति), परमानंद, प्यारचंद, देशराज कौशल, रमेश चंद, जोगिंदर सिंह, काशीराम, कृष्णदेव, रमेश कुमार, अरविंद कुमार, भूमिदेव, ओमप्रकाश, सुरेंद्र पाल राणा, जसवंत सिंह, बी.आर. राणा, गुरदीप सिंह, रुमेल कुमार परमार, जगदीश चंद्र चंदवा, ईश्वर दास, प्रकाश चंद, सी.एल. पठानिया, सुभाष चंद्र, ओंकार गौतम, राकेश कुमार सकलानी, जीवानंद, रणजीत सिंह, नवीन कुमार सहित अनेक पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

# चोलथरा में वॉलीबाल-बास्केटबाल स्पर्धा शुरू

## पूर्व मंत्री महेंद्र ठाकुर ने किया शुभारंभ, 23 टीमें ले रही हैं भाग

अनंत ज्ञान



मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** चोलथरा में दो दिवसीय (ओपन) वॉलीबाल एवं बास्केटबाल खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ उत्साह, जोश और देशभक्ति के भाव के साथ हुआ। आदर्शनी वेलफेयर सोसाइटी एवं स्पोर्ट्स क्लब चोलथरा द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया के दिवंगत भाई स्वर्गीय दिनेश गुलेरिया की पावन स्मृति में प्रथम बार आयोजित की जा रही है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मंत्री ठाकुर महेंद्र सिंह रहे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में कर्नल रूप सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं और उन्हें अनुशासन, समर्पण तथा राष्ट्रभावना से जोड़ते हैं।

इस अवसर पर ग्रेयोह वार्ड से पूर्व जिला परिषद सदस्य वंदना गुलेरिया, ग्राम पंचायत प्रधान पवन ठाकुर, बीडीसी सदस्य विजय कुमार सहित शिक्षा जगत, खेल जगत एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में बास्केटबाल की 13 तथा वॉलीबाल की लगभग 10 टीमें भाग ले रही हैं, जो अपने कौशल और दमखम का प्रदर्शन करेंगी। विजेता टीम को 31,000 रुपए तथा उपविजेता टीम को 21,000 रुपए की नगद राशि ट्रॉफी सहित प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता की सयोंजिका वंदना गुलेरिया ने कहा कि खेल भावना को प्रोत्साहित करने और युवा पीढ़ी को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रखने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित होती रहनी चाहिए।

उन्होंने चिंता व्यक्त की कि यदि युवाओं को सकारात्मक मंच न मिले तो वे भटकाव और नशे की ओर अग्रसर हो सकते हैं। चोलथरा के खेल मैदान में उमड़ा जनसमूह और खिलाड़ियों का उत्साह इस बात का प्रमाण है कि क्षेत्र में खेलों के प्रति जागरूकता और जुनून लगातार बढ़ रहा है। यह आयोजन न केवल प्रतिभाओं को मंच दे रहा है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी प्रसारित कर रहा है।

# विकसित भारत जी-राम-जी योजना पर कांग्रेस फैला रही भ्रम: डॉ. सीमा ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता डॉ. सीमा ठाकुर ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत: वीबीजी-राम-जी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार और उसके नेता गरीबों व मजदूरों के नाम पर भ्रम फैलाकर केवल राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लागू विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबीजी-राम-जी अधिनियम-2025 मनरेगा से अधिक प्रभावी योजना है, जिसका उद्देश्य गांवों, गरीबों और किसानों का समग्र विकास सुनिश्चित करना तथा जरूरतमंदों को ग्राम स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि नई योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। केंद्र सरकार ने जी-राम-जी योजना के लिए 1,51,282 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया है। योजना में सामान्य राज्यों के लिए 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य सरकार का योगदान रहेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

# दोनों किडनी फेल होने से हीरा लाल पर टूटा दुखों का पहाड़, मदद की गुहार

अनंत ज्ञान

◆ 18 को दोबारा जांच के लिए बुलाया है पीजीआई

**कविता, पधर।** उपमंडल मुख्यालय पधर की ग्राम पंचायत डलाह के गदीबागला निवासी 41 वर्षीय हीरा लाल पुत्र सूरत राम की दोनों किडनी फेल हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अचानक आई इस गंभीर बीमारी ने परिवार की आर्थिक स्थिति को पूरी तरह चरमरा दिया है। जानकारी के अनुसार हीरा लाल एक मेहनतकश व्यक्ति हैं, जो खेती-बाड़ी और दिहाड़ी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके चार बच्चे—तीन बेटियां और एक बेटा—अभी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके अलावा घर में वृद्ध माता-पिता भी हैं। हीरा लाल के अस्वस्थ होने के बाद परिवार की समस्त जिम्मेदारी उनकी पत्नी और बुजुर्ग माता-पिता पर आ गई है। हीरा लाल ने बताया कि उनका उपचार चंडीगढ़ स्थित पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआई) में चल रहा है। चिकित्सकों ने उन्हें 18 फरवरी को दोबारा जांच के लिए बुलाया है। डॉक्टरों के अनुसार नियमित डायलिसिस, दवाइयों और संभावित किडनी प्रत्यारोपण पर लाखों रुपये का खर्च आने की संभावना है, जिसे वहन करना परिवार के लिए असंभव हो गया है। बीमारी के कारण हीरा लाल काम करने में असमर्थ हो गए हैं, जिससे परिवार की आय पूरी तरह बंद हो गई है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च और इलाज एक बड़ी चुनौती बन गया है। इस कठिन समय में हीरा लाल और उनके परिजनों ने क्षेत्र के दानी सज्जनों, सामाजिक संस्थाओं व सक्षम व्यक्तियों से आर्थिक सहयोग की अपील की है।

सहायता के लिए इच्छुक व्यक्ति गूगल पे: 9459577911, हीरा लाल के खाता संख्या: 5770000100021249 पंजाब नेशनल बैंक, डलाह शाखा, आईएफएससी कोड: पीयूएनबी 0577000 पर कर सकता है। परिवार ने समाज से उम्मीद जताई है कि सामूहिक सहयोग से उनका इलाज संभव हो सकेगा और हीरा लाल पुन: स्वस्थ होकर अपने परिवार का सहारा बन सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### मेले की सफलता के लिए लिया मां का आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** कोटधार नलबाड़ मेला समिति के संस्थापक एवं महासचिव अमरनाथ धीमान की अध्यक्षता में समिति का विशेष प्रतिनिधिमंडल माता भगवती श्री नैना देवी के दरबार में पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने 28 मार्च से 30 मार्च तक कोटधार के प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मेले की सफलता के लिए माता से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर समिति के प्रधान कैप्टन ज्ञानचंद धीमान, उप प्रधान सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, मुख्य सलाहकार सूबेदार राम किशन धीमान, लेखाकार सुशील शर्मा, सदस्य सुनील चंदेल, अनिल कुमार, ज्ञानी देवी धीमान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### दधोल-जरोड़ा व भल्लू-बलघाड़ मार्ग रहेगा बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने आदेश जारी किया कि घुमारवीं उपमंडल के दधोल से जरोड़ा मार्ग 27 फरवरी तक सभी प्रकार के वाहनों के लिए बंद रहेगा। इसके अलावा, झंडूता उपमंडल के भल्लू से बलघाड़, राहियां-अमरपुर-हड़सर-घुमारवीं मार्ग 31 मार्च तक बंद रहेंगे। मार्ग परिवर्तित कर बरठीं-पनौल-झंडूता और भल्लू-मलारीकलां-झंडूता मार्गों का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। केवल एम्बुलेंस, स्कूल बस, वीआईपी और आपातकालीन वाहन अनुमति पाएंगे।

### बजट हिमाचल के साथ अन्यायपूर्ण: आशीष

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** पूर्व एनएसयूआई ऊना जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा ने चिंतपूर्णी में पत्रकार वार्ता करते हुए केंद्र सरकार द्वारा पेश बजट की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आरडीजी ग्रांट न देना राज्य के हितों के साथ अन्याय है। इसके चलते प्रदेश की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। आशीष शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ राजनीतिक भेदभाव कर रही है, जिससे राज्य के विकास कार्य प्रभावित होंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू लगातार प्रदेश की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन केंद्र उनकी जायज मांगों को अनसुना कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता केंद्र की वादाखिलाफी का जवाब भाजपा को देगी।

### रमेश चंद बने अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला कांग्रेस कार्यालय में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय नेता कर्मवीर बौद्ध की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में कांग्रेस नेताओं ने संगठन को मजबूत करने पर चर्चा की। रमेश चंद कौंडल को उनके संगठन अनुभव को देखते हुए सर्वसम्मति से जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में देहरा और पालमपुर के कई कांग्रेस नेता, पूर्व अध्यक्ष लेख राम सेन, भाग सिंह, चैन सिंह, मनसा राम, श्याम लाल गंगड़ और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राधा कृष्ण मंदिर बडोआ में लगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, तलमेहड़ा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर उप तहसील जोल की ग्राम पंचायत खरयालता के राधा कृष्ण मंदिर बडोआ में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिसर 'हर-हर महादेव' के जयकारों से गूंज उठा और भक्तिमय वातावरण बना रहा। भंडारे की जिम्मेदारी मंदिर प्रबंधक सुखदेव शर्मा और तरसेम लाल शर्मा ने संभाली। स्थानीय महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर कार्यक्रम को और भक्तिमय बनाया। कार्यक्रम में कर्नल रघवीर सिंह, सतीश शर्मा, बीओ तिलक राज शर्मा, पूर्व उप-प्रधान जीवन सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### निराकार व सर्वज्ञान के सागर हैं शिव: दीदी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ मैहतपुर ने बताया कि यह पर्व केवल उपवास या रात्रि जागरण नहीं, बल्कि आत्म-जागृति और ईश्वरीय अवतरण का स्मृति दिवस है। रथयात्रा के नवें दिन बीके बबीता दीदी ने कहा कि परमात्मा शिव निराकार, सर्वशक्तिमान और सर्वज्ञान के सागर हैं। उनका उद्देश्य मानवता को अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाना है। उन्होंने बताया कि 'रात्रि' केवल भौतिक अंधकार नहीं, बल्कि अज्ञान, अशांति और नैतिक पतन का प्रतीक है। इस समय परमात्मा शिव ज्ञान का प्रकाश फैलाकर आत्मा को उसकी वास्तविक पहचान का बोध कराते हैं।

### मध्यस्थता राष्ट्र अभियान 31 तक रहेगा संचालित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर के सचिव प्रतीक गुप्ता ने बताया कि राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, हिमाचल प्रदेश के दिशा-निर्देशों के अनुसार 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0 अभियान' 31 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अदालतों में लंबित मामलों का निपटारा मध्यस्थता, सुलह और आपसी सहमति से किया जा सकता है। सचिव ने कहा कि मध्यस्थता प्रक्रिया समय और धन की बचत करती है और पक्षकारों के बीच सौहार्द बनाए रखती है। वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस, दुर्घटना से संबंधित मामले, आपराधिक सुलह योग्य प्रकरण आदि निपटाए जा सकते हैं। इसमें कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इस नं पर 01978-221452 पर संपर्क करें।

### 50 प्रतिशत खेतों को सींचने का रखा लक्ष्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर ने की। उपनिदेशक कृषि डॉ. कुलभूषण धीमान और अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि योजना के तहत 36 विभागीय योजनाओं को एकीकृत कर किसानों को सिंचाई, भंडारण, आसान ऋण और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है। वर्ष 2030-31 तक 50 प्रतिशत खेतों को सिंचाई से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी विभागों को योजनाओं का समन्वय सुनिश्चित करने और डाटा पोर्टल पर समय पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

### युवाओं को शिक्षित रखने का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, दधोल।** दधोल में संस्कार सोसाइटी ने 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' अभियान के तहत नशे के खिलाफ व्यापक जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किया। ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में चिट्टा के स्वास्थ्य, पारिवारिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने युवाओं को सुरक्षित और शिक्षित रखने का महत्व बताया और समाज के हर वर्ग को इस लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### इंदिरा गांधी पार्क जनता को किया समर्पित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने दकड़ी वार्ड-7 में नवनिर्मित इंदिरा गांधी पार्क का लोकार्पण किया। इस अवसर पर 55 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया, जिनमें 40 लाख रुपये की लागत से विकसित आधुनिक पार्क शामिल है। पार्क में ओपन जिम, सिंथेटिक बैडमिंटन कोर्ट, बच्चों के लिए सुरक्षित खेल क्षेत्र, हरित क्षेत्र, बैठने की व्यवस्था और प्रकाश सुविधा विकसित की गई है। मंत्री ने कहा कि यह पार्क स्वास्थ्य, खेल और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देगा। साथ ही चुवाड़ीं गांव में स्वास्थ्य डिस्पेंसरी की स्वीकृति और 15 लाख रुपये से बनने वाली 500 मीटर संपर्क सड़क का शिलान्यास भी किया गया, जो दकड़ी गांव को घुमारवीं-अमरपुर मुख्य मार्ग से जोड़ेगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### हर खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेले: प्रीतम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** घुमारवीं कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रीतम लाल ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलकूद गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेलों में हार जीत निश्चित होती है अतः हर खिलाड़ी को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए। छात्रा अंकिता ने सभी खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलवाई। प्रतियोगिता के दूसरे दिन लॉन्ग जंप, हाई जंप, शॉट पुट, डिसकस थ्रो, 200 मीटर, 400 मीटर और 800 मीटर रेस की प्रतियोगिताएं करवाई गई। इससे पूर्व मुख्यातिथि ने मार्च पास्ट की सलामी ली, महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने स्वागत उद्बोधन व शारीरिक शिक्षा विभाग की अध्यक्ष एवं एथलीट मीट की संयोजक डॉ. अंजू ने धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में समस्त शिक्षक, गैर शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कर्मचारी और पेंशनरों के हित सर्वोपरि, कोई कटौती नहीं: सांख्यान

*हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति मुख्यमंत्री की कार्यशैली और रेवन्यू डेफिसिट ग्रांट पर केंद्र-राज्य संबंध आदि विषयों पर दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के जिला ब्यूरो प्रभारी **अरुण डोगरा रीतू** ने प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर **संदीप सांख्यान** से विस्तृत बातचीत की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश...*



संदीप सांख्यान
(कांग्रेस के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर)
अनंत ज्ञान विशेष बातचीत

**सवाल: विपक्ष का आरोप है कि हिमाचल गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। आप इसे कैसे देखते हैं?**

**जवाब:** यह पूरी तरह से राजनीतिक नैरेटिव गढ़ने की कोशिश है। प्रदेश में ऐसी कोई स्थिति नहीं है जिसे आर्थिक पतन कहा जाए। चुनौतियां जरूर हैं, लेकिन वे असाधारण नहीं हैं। वास्तविकता यह है कि केंद्र सरकार राजनीतिक कारणों से प्रदेश को आर्थिक रूप से दबाव में रखने का प्रयास कर रही है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने संसाधन जुटाने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने में उल्लेखनीय काम किया है।

**सवाल: मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की कार्यशैली को आप किस प्रकार देखते हैं?**

**जवाब:** मुख्यमंत्री की कार्यशैली पारदर्शी, जवाबदेह और परिणाम आधारित है। उन्होंने सत्ता संभालते ही वित्तीय स्थिति की वास्तविक समीक्षा करवाई और अनावश्यक खर्चों पर रोक लगाई। आंकड़ों की बात करें तो: सरकार ने अपने कार्यकाल में करोड़ों रुपए का अतिरिक्त राजस्व एकत्र किया। टैक्स कलेक्शन और संसाधन प्रबंधन में सुधार हुआ है। वित्तीय अनुशासन के तहत कई गैर-जरूरी योजनाओं की समीक्षा कर बचत सुनिश्चित की गई। मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्पष्ट संदेश दिया है कि प्रदेश की वित्तीय सेहत सुधारना उनकी प्राथमिकता है और उसी दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

**सवाल: क्या आप कोई उदाहरण दे सकते हैं जो मुख्यमंत्री की प्रशासनिक क्षमता को दर्शाता हो?**

**जवाब:** बिलकुल। एक ओर जहां विपक्ष आर्थिक संकट की बात करता है, वहीं सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनरों के हितों की रक्षा की है। कर्मचारियों के वेतन और पेंशन में कोई कटौती नहीं की गई। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को जारी रखा गया। राजस्व संग्रहण में सुधार के साथ-साथ विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखी गई। यह संतुलन साधना आसान नहीं होता, लेकिन मुख्यमंत्री ने इसे प्रभावी ढंग से संभाला है।

**सवाल: कांग्रेस संगठन को लेकर क्या रणनीति है?**

**जवाब:** हिमाचल कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने में लगे हैं। पार्टी में अब कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन और सक्रियता के आधार पर जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। जो लोग वास्तव में काम करेंगे, उन्हीं को तरजीह मिलेगी।

**सवाल: कर्मचारियों और पेंशनरों को लेकर सरकार का क्या रुख है?**

**जवाब:** सरकार पूरी तरह कर्मचारियों और पेंशनरों के साथ खड़ी है। किसी को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। सरकार अपने सभी वैधानिक दायित्वों को निभा रही है और आगे भी निभाएगी। मुख्यमंत्री ने स्वयं कई बार स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों और पेंशनरों के हित सर्वोपरि हैं।

**सवाल: रिवेन्यू डेफिसिट ग्रांट के मुद्दे पर आपका क्या कहना है?**

**जवाब:** संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत मिलने वाली रिवेन्यू डेफिसिट ग्रांट प्रदेश का अधिकार है। यह फेडरल स्ट्रक्चर का हिस्सा है, कोई दया या अनुग्रह नहीं। जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तब केंद्र की भाजपा सरकार ने कुल 54,296 करोड़ रुपये रिवेन्यू डेफिसिट ग्रांट के रूप में दिए। वर्षवार देखें तो:- **2018-19: 8,449 करोड़, 2019-20: 8,271 करोड़, 2020-21: 8,062 करोड़, अंतरिम ग्रांट: 11,431 करोड़, 2022-23: 10,249 करोड़, लेकिन कांग्रेस सरकार बनने के बाद:-पहले वर्ष: 8,059 करोड़, दूसरे वर्ष: 6,258 करोड़, तीसरे वर्ष: 3,257 करोड़।** यह गिरावट स्पष्ट संकेत देती है कि केंद्र का रवैया निष्पक्ष नहीं है।

**सवाल: क्या आप मानते हैं कि यह राजनीतिक भेदभाव है?**

**जवाब:** हम यही प्रश्न भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद सरकार से पूछ रहे हैं। प्रदेश की जनता जानना चाहती है कि क्या इसलिए ग्रांट कम की गई क्योंकि यहां भाजपा की सरकार नहीं है? यदि फेडरल ढांचे में राज्यों को उनका अधिकार नहीं मिलेगा, तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक संकेत नहीं है।

**सवाल: अंत में आप प्रदेश की जनता को क्या संदेश देना चाहेंगे?**

**जवाब:** मैं प्रदेशवासियों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार मजबूत है। वित्तीय अनुशासन, राजस्व वृद्धि व जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से हिमाचल को आगे बढ़ाया जा रहा है। केंद्र सरकार का रुख चाहे जैसा भी हो, प्रदेश सरकार अपने अधिकारों के लिए संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाती रहेगी।

# खेल सुविधाओं में प्रतिबद्ध सरकार: अग्निहोत्री

## बीटन में आयोजित बिग कॉस्को क्रिकेट कप के समापन पर बोले डिप्टी सीएम

अनंत ज्ञान

**हरोली, ऊना।** हरोली क्षेत्र के बीटन गांव में शहीदों की स्मृति में आयोजित 11वें बिग कॉस्को क्रिकेट कप 2026 का शनिवार को भव्य एवं भावनात्मक समापन हुआ। समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए खेल सुविधाओं के विस्तार और क्षेत्रीय विकास को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। बीटन मैदान के विकास कार्य पर 1.58 करोड़ खर्चे गए हैं। उन्होंने मैदान को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की घोषणा करते हुए डे-नाइट मैचों के आयोजन के लिए 50 लाख प्रदान करने का ऐलान किया। इस राशि से मैदान में हाई मास्ट लाइटें स्थापित की जाएंगी, जिससे भविष्य में यहां रात्रिकालीन मुकाबले भी संभव हो सकेंगे।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार खड्डु फुटबॉल मैदान में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक लाइटिंग व्यवस्था स्थापित की गई है, उसी तर्ज पर बीटन मैदान को भी विकसित किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने बीटन मैदान तक पक्की सड़क निर्माण की घोषणा भी की, जिससे खिलाड़ियों एवं दर्शकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध हो सके।

उन्होंने बताया कि बीटन में तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए 2 करोड़ रुपये तथा पंचायत घर निर्माण के लिए 1.14 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जा चुकी है और शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। पंचायत घर के लिए भूमि पंचायत के नाम हस्तांतरित की जा चुकी है। उन्होंने शानदार आयोजन के लिए चौधरी स्पोर्ट्स क्लब बीटन एवं क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि बीटन के लोगों ने इस मैदान को विकसित करने में जो श्रम और समर्पण दिखाया है, वह सराहनीय है। उन्होंने प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री फाउंडेशन की ओर से क्लब को 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा की।

क्लब के अध्यक्ष विजय बाबा ने बताया कि 11 से 14 फरवरी तक आयोजित इस ऑल ओवर इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता में देशभर से 42 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम को 2 लाख रुपए की नगद राशि प्रदान की गई, जबकि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रैक्टर, बाइक सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एसडीएम विशाल शर्मा, डीएसपी मोहन रावत, उपमुख्यमंत्री के ओएसडी धनवीर ठाकुर और विक्रांत ठाकुर, सुरक्षा अधिकारी बिन्नी मिन्हास, बीडीओ मुकेश कुमार, रजनीश शर्मा सहित क्लब के पदाधिकारी कमलजीत, जगेश, तिलक, सुरेश, सतपाल चाड, बालू राम बीटन, संजीव बाबा, राम फौजी, राकेश बीटन और राज मास्टर सहित कई उपस्थित रहे।



खिलाड़ियों के साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री। अनंत ज्ञान

### शहीदों को नमन

**इस** अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश ने क्षेत्र के वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने बीटन के अमर बलिदानी शहीद कुलविंदर बीटन, शहीद रमेश लाल बीटन, शहीद बूटा सिंह, शहीद हरदयाल सिंह और शाहिद परमजीत सिंह के परिजनों को सम्मानित किया।

# बिलासपुर में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का किया भव्य स्वागत



बिलासपुर में जेपी नड्डा का स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा लंबे अंतराल के बाद अपने गृह जिला बिलासपुर पहुंचे। हेलीकॉप्टर से लुहणू मैदान पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों, फूलमालाओं और जयघोष के बीच पूरे मैदान में उत्सव जैसा माहौल बना।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, सदर विधायक त्रिलोक जमवाल, नैना देवी विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता विधायक जीतराम कटवाल, सुंदरनगर विधायक राकेश जमवाल और जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। नड्डा ने बिलासपुर की जनता का आभार व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं, मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की, जिसमें संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रम और जनहित के मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरे ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह भर दिया।

# विधायक विवेक शर्मा की अध्यक्षता में 50 करोड़ स्कॉलरशिप घोषणा

◆ **योग्य व जरूरतमंद बच्चों को मिलेगा बड़ा सहयोग**

अनंत ज्ञान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** सीजीसी यूनिवर्सिटी, मोहाली ने उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए 50 करोड़ रुपए का सीजीसी यूईटी स्कॉलरशिप प्रोग्राम लॉन्च किया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। यूनिवर्सिटी के एडमिशन एवं मार्केटिंग जनरल मैनेजर डॉ. हितेश कलोटा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

डॉ. कलोटा ने बताया कि वर्ष 2012 में स्थापित सीजीसी यूनिवर्सिटी उत्तर भारत की अग्रणी शिक्षण संस्थाओं में अपना विशिष्ट स्थान बना चुकी है। विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध और नवाचार पर बल देता है तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 50 करोड़ की स्कॉलरशिप की आधिकारिक घोषणा की गई। यह विशेष रूप से उन मेधावी विद्यार्थियों के लिए है जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक कठिनाइयों के कारण उच्च शिक्षा से वंचित न रहे।

कार्यक्रम में नई शिक्षा नीति, सही कोर्स और कैंपस चयन, तथा बदलते शैक्षणिक रुझानों पर भी चर्चा हुई। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की पहलें क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक हैं और शिक्षा में सकारात्मक बदलाव लाएंगी। डॉ. हितेश कलोटा ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र की उन्नति का आधार है और शिक्षक, विद्यार्थी और समाज मिलकर उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। सीजीसी यूनिवर्सिटी ने स्कॉलरशिप राशि को पहले 7 करोड़ से बढ़ाकर 50 करोड़ कर दिया है, जो विद्यार्थियों के लिए बड़ी अवसर और नई उम्मीद का संदेश है। कार्यक्रम का आयोजन होटल हिमाचल हवेली में हुआ, जिसमें 70 से अधिक प्रिंसिपल और वरिष्ठ शिक्षकों ने भाग लिया।

# डोहगी में बच्चों को आधुनिक तकनीकों से करवाया परिचित

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बंगाणा के पीएआर मॉडल हाई स्कूल डोहगी में एटीएल (अटल टिंकरिंग लैब) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कार्यशाला का सफल समापन हुआ। इस दौरान छात्रों को एआई, रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी आधुनिक तकनीकों से परिचित कराया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई तकनीकों को सीखने में रुचि दिखाई। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को नवप्रवर्तक और समस्या समाधानकर्ता के रूप में तैयार करना था। इसमें कम्प्यूटेशनल सोच, डिजाइन मानसिकता और 21वीं सदी के कौशल विकसित करने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर ट्रेनर, अभिभावक, विद्यार्थी और स्कूल प्रिंसिपल लखन पाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। स्कूल को एटीएल संस्था की ओर से प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया।

# आरडीजी पर केंद्र का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण: गौतम

अनंत ज्ञान

**ऊना।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष देसराज गौतम ने केंद्र की भाजपा गठबंधन सरकार के राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) को समाप्त करने के निर्णय को हिमाचल प्रदेश के लिए गंभीर संकट बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल धन का प्रश्न नहीं, बल्कि प्रदेश के गौरव और विकास का मामला है। हिमाचल प्रदेश देश को जल, विद्युत और पर्यावरण संरक्षण प्रदान करता है, लेकिन बदले में प्रदेश को उपेक्षा, कटौती और आर्थिक दंड मिल रहा है।

गौतम ने कहा कि वर्ष 1952 से प्रदेश को आरडीजी मिलता आ रहा था, लेकिन वर्तमान केंद्र सरकार ने इसे 16वें वित्त आयोग में समाप्त कर दिया। इसका सीधा असर ग्रामीण विकास, पंचायत स्तर की सड़क, पेयजल, नालियां, सामुदायिक भवन और अन्य बुनियादी ढांचों पर पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि बेरोजगारी बढ़ेगी, ग्रामीण युवा रोजगार की तलाश में पलायन को मजबूर होंगे, और दुर्गम क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का संकट गहरा जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के 5 वर्षों में आरडीजी के रूप में कुल 54,296 करोड़ रुपये प्रदेश को मिले, जबकि वर्तमान कांग्रेस सरकार के 3 वर्षों में 17,563 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। अब इस अनुदान के बंद होने से पंचायतों की कार्यक्षमता क्षीण होगी और शौचालय, पेयजल, स्वच्छता और जन स्वास्थ्य जैसी योजनाएं प्रभावित होंगी। गौतम ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भाजपा नेताओं की कथनी और करनी में अंतर साफ देख रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की कि प्रदेश के हितों को सर्वोपरि रखते हुए आरडीजी जारी किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अन्यथा प्रदेश कांग्रेस पार्टी भाजपा के खिलाफ राज्यभर में प्रदर्शन करेगी।

इस अवसर पर सतपाल रायजादा, राजेश पराशर, तिलक राज सैनी, परवीन दुआ, राम आसरा शर्मा, ओंकार कपिला, वरुण पुरी, ईशान ओहरी, पवन चौधरी, अभिषेक शर्मा, डॉ. अनिल गौतम, हिमांशु, विशाल सहित कई गणमान्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




प्रेसवार्ता करते देशराज गौतम व साथ हैं अन्य। अनंत ज्ञान

# देशभर में चमका बिलासपुर का लाल

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के डियारा सेक्टर के युवा अमान खान ने भारतीय सेना की प्रतिष्ठित शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी टेक-66) एंट्री में कंप्यूटर साइंस शाखा में ऑल इंडिया रैंक-2 हासिल कर पूरे प्रदेश का नाम रोशन कर दिया। यह उपलब्धि कड़ी राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के बीच अत्यंत सराहनीय मानी जा रही है। अमान खान, पिता नासिर खान और माता शाहिदा के पुत्र, ने शिमला में प्रारंभिक शिक्षा और डीएवी शिमला से स्कूलिंग पूरी की। इसके बाद उन्होंने देहरादून से बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की डिग्री हासिल की। लिखित परीक्षा, एसएसबी इंटरव्यू और मेडिकल सहित सभी चरणों की तैयारी में उनके अनुशासन, धैर्य और मेहनत का परिणाम यह शानदार उपलब्धि है। परिवार और शिक्षक मार्गदर्शन को श्रेय देते हुए अमान जल्द ही भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में देश सेवा की जिम्मेदारी संभालेंगे। उनकी सफलता से डियारा व बिलासपुर में गर्व और खुशी का माहौल है।



**कार्यक्रम** मिनर्वा किड्स जोन में दादा-दादी संग बच्चों ने मनाया यादगार ग्रैंड पेरेंट्स डे

# 'नानी तेरी मोरनी को मोर ले गए'... पर लूटी वाहवाही

अनंत ज्ञान

**भूपेश नड्डा, घुमारवीं।** मिनर्वा किड्स जोन व मिनर्वा स्कूल घुमारवीं में ग्रैंड पेरेंट्स डे अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों के जीवन में अनुभव और संस्कारों की अमूल्य धरोहर होते हैं। उनके स्नेह और मार्गदर्शन से ही बच्चों के व्यक्तित्व का समुचित विकास संभव होता है।

कार्यक्रम में नर्सरी कक्षा के बच्चों ने 'तुझमें रब दिखता है' गीत पर भावपूर्ण प्रस्तुति देकर अपने दादा-दादी के प्रति सम्मान व्यक्त किया। एलकेजी कक्षा के बच्चों ने 'दादा-दादी हमारे हमको लगते प्यारे' गीत पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे देखकर उपस्थित दादा-दादी गर्व से भावुक हो उठे। यूकेजी कक्षा के बच्चों ने 'मूंछों वाले दादा, गोल-मोल दादी हो-हो' प्रस्तुति के माध्यम से पूरे कार्यक्रम में हंसी और आनंद का वातावरण बना दिया। बच्चों की इन प्रस्तुतियों ने यह दर्शाया कि उनके जीवन में दादा-दादी का स्थान कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद कक्षा एक के बच्चों ने 'नानी तेरी मोरनी को मोर ले गए' गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा एक'बी' के बच्चों ने 'दादा-दादी हमारे, हमको लगते प्यारे' गीत पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

इसके पश्चात कक्षा 2 के बच्चों ने 'दादा-दादी, नाना-नानी, हमारे विद्यालय में आपका स्वागत है' गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का मनोरंजन किया। तत्पश्चात दादा-दादी के लिए संगीतमय कुर्सी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें कक्षा एक के आरव शर्मा के दादा-दादी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुब्बारा खेल में कक्षा सेकेंड के रुद्रांश की दादी विजेता रहीं तथा कप संतुलन खेल में कक्षा एक की बिवांशी की नानी ने विजय प्राप्त की। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में रीवा और रिवान के दादा विजेता रहे, जबकि तन्मय के दादा उपविजेता बने। दादियों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में शनाया की दादी विजेता और शिवांश राणा की दादी उपविजेता रहीं।

इस अवसर पर समन्वयक आरती चंदेल के साथ अनु चंदेल, कल्पना शर्मा, ऋतु शर्मा, अंजना वर्मा, अनीता चंदेल, मोनिका ठाकुर, वीना ठाकुर और नीलम ढटवालिया सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




मिनर्वा किड्स जोन में प्रस्तुति देते नौनिहाल। अनंत ज्ञान

### यूआईसीओ में हर्षित ने झटका 54वां स्थान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र हर्षित राठौर ने यूनिफाइड इंटरनेशनल साइबर ओलंपियाड (यूआईसीओ) 2025-26 में भारत में 54वां स्थान प्राप्त किया और हिमाचल-पंजाब क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। इस उपलब्धि से न केवल स्कूल और परिवार का नाम रोशन हुआ, बल्कि क्षेत्र का गौरव भी बढ़ा। हर्षित ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया। मिनर्वा स्कूल के प्रधानाचार्य परवेश चंदेल, उप प्रधानाचार्य विनय कुमार व स्टडी सर्कल प्रबंधन ने उन्हें बधाई दी। उनकी यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



# कांग्रेस ने हिमाचल को बदहाली की कगार पर पहुंचाया: कुमार सुमीत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा प्रदेश सचिव कुमार सुमीत शर्मा ने कांग्रेस नेताओं के बयानों पर कड़ा पलटवार करते हुए उन्हें 'झूठ का पुलिंदा' करार दिया। सुमीत ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू सहित अन्य कांग्रेस नेता जनता को गुमराह कर अपनी विफलताओं को केंद्र सरकार पर मढ़ने में माहिर हो गए हैं। हाल ही की सर्वदलीय बैठक में भी गुमराह करने वाले आंकड़े पेश कर अपनी नाकामी छुपाई गई। सुमीत ने स्पष्ट किया कि राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) पर कांग्रेस केवल राजनीति कर रही है। वित्त आयोग हर राज्य को सकल घरेलू उत्पाद के आधार पर आरडीजी देती है और इसे धीरे-धीरे कम किया जाएगा। मोदी सरकार ने हिमाचल को आपदा और विकास कार्यों में उदारतापूर्वक सहायता दी, जबकि सुक्खू सरकार ने खजाने को मित्रों को लाभ देने और झूठी घोषणाओं में लुटाया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी वेतन और पेंशन के लिए इंतजार कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस नेता केंद्र पर दोषारोपण कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता सोशल मीडिया से कांग्रेस के दुष्प्रचार की पोल खोलेंगे और जनता इसे करारा जवाब देगी।

# बिजली महादेव सहित जिले के अन्य शिवालयों में लगेंगे भोले के जयकारे

◆ आज धूमधाम से मनाया जाएगा महाशिवरात्रि पर्व

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** देवभूमि के नाम से विख्यात कुल्लू जिला में महाशिवरात्रि उत्सव को लेकर कुल्लू जिला के शिवालय सज गए हैं। जिलाभर में रविवार को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाएगा। इस उत्सव को लेकर उपमंडल बंजार, आनी, मनाली, निरमंड, भुंतर, मणिकर्ण सहित पूरे जिला के लोगों में उत्साह का माहौल है।

जिला में शिवरात्रि को लेकर शिवगान का दौर भी शुरू हो गया है और शिवरात्रि की पूर्व संध्या में रातभर ग्रामीण पारंपरिक वाद्ययंत्रों ढोल-नगाड़े की थाप के बीच शिवरात्रि गीत (जती) से पूरा जिला देवमय हो उठा। घाटी के रोशन, रेशमा, मनोज, राजेंद्र शर्मा, दीवान राजा, सपना, मीना, सोनू शर्मा, तेजी देवी, हीरा देवी व दुर्गा का कहना है शिवरात्रि उत्सव के लिए जिला के सभी शिवालय सज गए हैं और उत्सव को लेकर घाटी के लोगों में खासा उत्साह है। उक्त लोगों का कहना है कि इस दिन घाटी में पारंपारिक पहाड़ी व्यंजनों को भगवान के समक्ष परोसेंगे तथा कई स्थानों पर वैष्णव तरीके से भी भगवान की पूजा की जाएगी। बिजली महादेव के पुजारी मदन ने बताया कि महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर सारी तैयारियां पूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि तीन दिनों के लिए बिजली महादेव के कपाट खुले हैं और महाशिवरात्रि के दिन आज रविवार को मंदिर में भक्तों का खूब जमावड़ा लगेगा और पूरा परिसर भोले के जयकारों से गूंज उठेगा। बंजार के दवाला स्थित अंबिका व शिव मंदिर के पुजारी ने बताया कि शिवरात्रि के दिन मंदिर में शिव भजनों का आयोजन किया जाएगा। शिवरात्रि को लेकर मंदिर पूरी तरह से सजाये गए हैं। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि पूर्व संध्या की बेला में गामीण सांझ ढलते ही गांव में ढोल नगाड़ों कर थाप पर शिव के गीतों व भजनों को गाकर परिक्रमा करेंगे और इस मौके पर ग्रामीण नाटी का भी आयोजन करेंगे। लिहाजा, महाशिवरात्रि पर्व के लिए जिला के सभी शिवालय फूल मालाओं से सज गए हैं।

# कुल्लू-मनाली वामतट सड़क मार्ग पर हिचकोले खा रहे वाहन चालक

## सरकार और लोनिवि की उदासीनता से सड़क की खस्ताहालत से हो रही परेशानी

अनंत ज्ञान



कुल्लू-मनाली वामतट सड़क मार्ग की खस्ताहालत। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

**एम बोकटापा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली को आपदा के दौरान शेष दुनिया से जोड़े रखने में अहम भूमिका निभाने वाली कुल्लू-मनाली वामतट सड़क पर पड़े बड़े बड़े गड्ढे दुर्घटनाओ का कारण बन सकते हैं। आलम यह है कि सड़क में जगह जगह गड्ढे पड़े हैं और ऐसे में कई जगह वाहनों के कलपुर्जे तक टूटने लगे हैं।

सरकार और लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के कारण सड़क की हालत खराब है। पर्यटकों और स्थानीय जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इस सड़क को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने की मांग की है। वर्ष 2023 और 2025 में आई बाढ़ में कुल्लू-मनाली वामतट सड़क से ही यातायात जारी रहा। लगभग एक महीने तक इसी सड़क से जरूरी वस्तुएं मनाली पहुंच पाईं। करोड़ों का सेब देश की मंडियों तक पहुंचा लेकिन अब सड़क की खस्ता हालत के कारण लोग परेशान हैं। लोक निर्माण विभाग ने आपदा में हुए नुकसान के बाद सड़क अस्थाई तौर पर खोल दी है लेकिन हालत अभी भी नहीं सुधरे। वाहनों में हिचकोले लगना आम बात हो गई है। अलेउ से नग्गर तक सड़क बेहद खराब है। कई जगह सड़क संकरी होने के कारण जाम की स्थिति पैदा हो रही है। अकसर लंबा जाम लगने से लोग और पर्यटक परेशान हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि वामतट सड़क हमेशा मुसीबत के समय काम आई है। इस सड़क पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। टारिंग अच्छी हो और गड्ढे भरे जाएं तो यहां के पर्यटन कारोबारियों समेत आम जनता को राहत मिलेगी। स्थानीय निवासी अजय अबरोल, किशन लाल, गौतम ठाकुर, ने बताया कि कुल्लू-मनाली वामतट सड़क की हालत किसी से छिपी नहीं है। सड़क पर कई जगह एक से डेढ़ फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं। इससे वाहनों के कलपुर्जे भी टूट रहे हैं। जल्द इस सड़क की मरम्मत की जानी चाहिए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने बताया कि पिछले दिनों हुई भारी बारिश और बर्फबारी से सड़क को नुकसान हुआ है और विभाग के द्वारा गढ़ों को भरने का काम किया जा रहा है । अभी टायरिंग करने के लिए उचित तापमान नहीं है ।

# काजा में विभिन्न गांवों से आई जनता की विधायक अनुराधा ने सुनीं समस्या



जनसमस्याएं सुनतीं हुईं विधायक अनुराधा राणा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, काजा।** काजा मुख्यालय में आज लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने विभिन्न गांवों से आई जनता के प्रतिनिधियों तथा एसएमसी अध्यापकों से विस्तारपूर्वक संवाद किया। इस दौरान शिक्षा, मूलभूत सुविधाओं, सड़क, पेयजल तथा विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। विधायक ने सभी की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत विधायक ने सिलुक, रामा, टशीगांग और हिक्कम गांव का दौरा कर आमजन से रूबरू होकर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने स्थानीय समस्याओं और विकास संबंधी आवश्यकताओं को उनके समक्ष रखा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के संतुलित और समग्र विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है तथा प्राथमिकता के आधार पर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने एसएमसी अध्यापकों की मांगों को भी संवेदनशीलता के साथ सुना और आश्वस्त किया कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। विधायक ने कहा कि जनसहभागिता से ही विकास को गति मिलती है और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# यहां पर चंदो के रूप में विराजमान होते हैं शिव भगवान

## कुल्लू जिला के आनी में मनाई जाती है अलग शिवरात्रि, पाजा, बेलपत्र और फूलों से सजाई गई पारंपरिक पूजा

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** महाशिवरात्रि पर्व हिमाचल में अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न अंदाज में मनाया जाता है। जिला के आउटर सिराज में इस पर्व को बड़े ही अनोखे अंदाज में मनाया जाता है। आउटर सिराज क्षेत्र में इस पर्व को मनाने की पौराणिक परंपरा आज भी कायम है। यहां पर भगवान भोले को अपने घरों में शिवलिंग रूप में विराजमान करते हैं। यहां पर चंदो के रूप में हर घर में शिव विराजमान होते हैं।

इसके लिए पहले भगवान को शिवलिंग रूप में कैमटू को पिरोया जाता है और इसकी पूजा अर्चना कर इससे घर में स्थापित किया जाता है। इस चंदों को वही व्यक्ति पिरोता है जिसने व्रत रखा होता है। इसमें एक विशेष प्रकार के फलों व पत्तों की माला जिसे स्थानीय भाषा में केमटू या सांई कहते हैं। इस फल से शिवलिंग के रूप में बनाकर इसे हर घर में विराजमान किया जाता है। इसे पाजा और बेलपत्र जैसी अनेक प्रकार के फूलों की पत्तियों से सजाया जाता है। विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग चढ़ाकर लिंग रूप की पारंपरिक पूजा अर्चना की जाती है। इसी कड़ी में इस बार भी शिवरात्रि को रातभर प्राचीन वाद्ययंत्रों से पुराने गीत नटाउक तथा जती गाकर भोले को प्रसन्न किया। इन गीतों में भोले की स्तुति साफ झलकती है। बूढ़े, बच्चे और जवानों ने पूरी रात नाच गाकर खुशी मनाई। वहीं, आज महाशिवरात्रि की सुबह करीब चार या पांच बजे घर से इसे विदाई के साथ ही बाहर लटकाया जाएगा।



### सदियों से चली आ रही है परंपरा

**आनी** से पुरोहित चमन शर्मा ने बताया कि आउटर सिराज के हर घर में भोले के रूप में केमटू से बनी माला को पिरोकर इसे सजावट देकर लगाया जाता है। इससे लगाने के लिए पुरोहित द्वारा समय निर्धारित किया जाता है। पूरे विधि विधान से शिव के रूप की पूजा अर्चना करने से घर में सुख-समृद्धि प्रदान होती है।

### घर में नए मेहमान आने पर लगता है चंदो

अनंत ज्ञान खास खबर

**चंदो** को भोलेनाथ के रूप को लगाने के लिए भगवान आशीर्वाद होना अनिवार्य होता है। यह चंदो तब लगाया जाता है जब घर में कोई नया मेहमान आता है। इसमें अगर किसी घर में बच्चा जन्म देता है इसमें भेड़ बकरी, गाय, अन्य जानवरों के बच्चे होने पर भी इसे लगाने की परंपरा है। कई घरों में तो एकलिंग नहीं बल्कि लिंग के मुख्य भाग में कई शाखाएं लगानी होती है। अपनी इच्छा अनुसार आप इसे विराजमान नहीं कर सकते हैं। इसे पूरी विधि विधान के अनुसार ही स्थापित किया जाता है। इस उपलक्ष्य में विभिन्न तरह के पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। जिन्हें लोग शिवरात्रि के बाद अपने रिश्तेदारों को बांटने जाते हैं,जिसे बासी बांटना कहा जाता है।

# बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति से सभी को किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल जगात खाना ने शनिवार को अपना वार्षिक समारोह गणेश वंदना से शुरू किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि डीएसपी आनी राजीव मेहता ने बतौर अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम में एच. के.एस ठाकुर उच्च न्यायलय के पूर्व अधिवक्ता जनरल व उनकी अर्धांगिनी सुनीता ठाकुर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रबंधिका कुमारी मधु नेगी ने की। छात्रों के स्वागत गीत के बाद स्कूल प्रबंधिका कुमारी मधु नेगी ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों को टोपी और बैच लगाकर सम्मानित किया। स्कूल प्रधानाचार्य एच एल नागटा ने एनुअल रिपोर्ट प्रस्तुत की और स्कूल की अनेक उपलब्धियों तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्तरोतर विकास के लिए शिक्षकों तथा बच्चों के प्रयास की सराहना की। ंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कुलवी नाटी, बुशेहरी नाटी, राजस्थानी, पंजाबी, बॉलीवुड डांस, लिलिपुट डांस, ऑपरेशन सिंदूर और अन्य प्रस्तुतियां थी . इन प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने लोगों को स्तब्ध कर दिया और उपस्थित जनसमूह अपनी बचपन की याद में खो गया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा कार्यक्रम मैं प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया द्य इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक और अभिभावक उपस्थित रहे।

# 18 फरवरी को तीसरी बार गोरुडुग में बेसिक स्कीइंग कोर्स का होगा आगाज

◆ माउंटेनियरिंग पर्वतारोहण शिक्षण संस्थान मनाली व कुल्लू वैली एडवेंचर्स के संयुक्त तत्वाधान में होगा आयोजित

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की लगघाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल गोरुडुग (समालंग) में गत वर्षोंकी भांति इस वर्ष भी बेसिक स्कीइंग कोर्स का आयोजन होने जा रहा है। 14 दिवसीय यह कोर्स 18 फरवरी से शुरू होना निश्चित हुआ है। यह कोर्स अटल बिहारी वाजपेयी माउंटेनियरिंग पर्वतारोहण शिक्षण संस्थान मनाली व कुल्लू वैली एडवेंचर्स स्पोर्ट्स एक्टिविटीज एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में होगा। सनद रहे कि कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर के दिशा निर्देश से अटल बिहारी वाजपेयी माउंटेनियरिंग पर्वतारोहण शिक्षण संस्थान मनाली द्वारा कुल्लू वैली एडवेंचर्स स्पोर्ट्स एक्टिविटीज एसोसिएशन के सशक्त प्रयासों से संभव हो पाया है।

कुल्लू वैली एडवेंचरस स्पोर्ट्स एक्टिविटीज संगठन के अध्यक्ष कैप्टन तारा चंद ठाकुर ने बताया कि इस कोर्स में लगघाटी के 20 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षु की उम्र 14 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए और कम से कम दसवीं पास हो, उन्होंने बताया कि गत वर्ष भी 50 प्रशिक्षुओ को प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें 10 से 15 प्रशिक्षु अपना रोजगार शुरू किया है, उन्होंने बताया कि इसके साथ अटल बिहारी वाजपेयी माउंटेनियरिंग पर्वतारोहण शिक्षण संस्थान मनाली में भी प्रशिक्षु अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोलंगनाला की तर्ज पर लगघाटी के गोरूडुग को स्कीइंग स्लोप के रूप में चिन्हित किया है। तीसरी बार लगघाटी के गोरूडुग के स्की स्लोप में कुल्लू वैली स्पोर्ट्स एडवेंचर एसोसिएशन व अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान व एलाइड स्पोर्ट्स संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में 14 दिवसीय स्कीइंग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

18 फरवरी 3 मार्च तक इसका आयोजन होगा। कार्यशाला में लगघाटी के युवा व युवतियां स्कीइंग के बेसिक कोर्स में गुर सीखगें । पहली तीसरी बार कुल्लू के लगघाटी में स्कीइंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इससे युवा युवतियों को स्कीइंग सीखने का मौका मिला है। इससे स्थानीय युवा युवतियों में खासा उत्साह है इस प्रशिक्षण का में मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखना और युवाओं को रोजगार की ओर अग्रसर करना इच्छुक प्रशिक्षु कुल्लू वैली एडवेंचर्स स्पोर्ट्स एक्टिविटीज एसोसिएशन के अध्यक्ष कैप्टन तारा चंद ठाकुर व सचिव मोहर सिंह ठाकुर, प्रेस सचिव संजू से सम्पर्क करें। रजिस्ट्रेशन की तारीख 15 फरवरी अंतिम रहेगी।

# कामिनी ने लगाई सबसे ऊंची कूद

## हरिपुर मनाली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

अनंत ज्ञान



लंबी कूद में जौहर दिखाते हुए प्रतिभागी। अनंत ज्ञान

**मनाली।** जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय हरिपुर मनाली के प्रांगण में शनिवार को 18वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शेफाली के संबोधन से हुआ। अपने संबोधन में प्राचार्या ने विद्यार्थियों को खेलों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि छात्रों को स्वस्थ जीवनशैली और शारीरिक फिटनेस के महत्व से अवगत कराना भी है।

100 मीटर में सुषमा शर्मा प्रथम, निशिका द्वितीय और नीलम तृतीय रहीं। 200 मीटर में रेणुका प्रथम व सुषमा द्वितीय रहीं। 400 मीटर में नीलम प्रथम और रेणुका द्वितीय रहीं। 800 मीटर में रेणुका प्रथम और नीलम द्वितीय स्थान पर रहीं। ऊंची कूद में कामिनी प्रथम और सुषमा द्वितीय रहीं। लंबी कूद में सुषमा प्रथम और निशिका द्वितीय रहीं। शॉट पुट में रेणुका प्रथम और डिक्की द्वितीय रहीं। चक्का फेंक में डिक्की प्रथम और आर्यिका द्वितीय रहीं।

वहीं, 100 मीटर में ईशान प्रथम और राजीव द्वितीय रहे। 200 मीटर में ईशान प्रथम और मोहित द्वितीय रहे। 400 मीटर में राजीव प्रथम और पारस द्वितीय रहे। 800 मीटर में विवेक प्रथम और सार्थक द्वितीय रहे। 1500 मीटर में राजीव प्रथम और अभिषेक द्वितीय रहे। ऊंची कूद में राहुल प्रथम और हेमंत द्वितीय रहे। लंबी कूद में राजकमल प्रथम और राहुल द्वितीय रहे। शॉट पुट में अंशुल प्रथम और मोहित द्वितीय रहे। चक्का फेंक में राहुल प्रथम और सत्यम द्वितीय रहे।

# पर्यटकों ने मनाली व लाहौल की बर्फीली वादियों का उठाया लुत्फ

◆ सोलंगनाला सहित अटल टनल के दोनों पोर्टल में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा कुल्लू/केलांग।** जिला कुल्लू के सोलंगनाला सहित अन्य सभी पर्यटन स्थलों में वीकेंड के चलते पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिली। वहीं अटल टनल रोहतांग के अब सभी वाहनों के लिए बहाल होने के बाद दूसरे दिन शनिवार को को अटल टनल के दोनों छोर पर भी पर्यटकों का जमावड़ा लगा रहा। हालांकि नेहरुकुण्ड से लेकर सोलंगनाला तक पर्यटकों को ट्रेफिक जाम से भी जुझना पड़ रहा है लेकिन फिर भी सोलंगनाला से लेकर अटल टनल रोहतांग तक पर्यटकों का खूब मेला लगा रहा। शनिवार सुबह भी पलचान से सोलंगनाला तक ट्रैफिक जाम की समस्या रही लेकिन पर्यटकों ने बर्फ से ढके पर्यटन स्थलों में घूमने का आनंद लिया।

हालांकि अटल टनल सभी वाहनों के लिए बहाल होने ने पर्यटकों ने राहत की सांस ली है और बर्फ के बीच पहुंचकर खूब मस्ती की और अधिकतर पर्यटकों ने अटल टनल को निहारा। लेकिन आते जाते सोलंगनाला में साहसिक गतिविधियों का भी आनंद लिया। मनाली में शनिवार को पूरा दिन धूप खिली रही जिसके चलते पर्यटकों ने बर्फ के बीच जहां खूब अठखेलियां की वहीं, साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठाया।

वहीं, होटल एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि पर्यटन के हिसाब से फरवरी महीना फिलहाल सुस्त रहा है लेकिन धीरे धीरे पर्यटकों की आमद बढ़ने लगी है। उन्होंने बताया कि अटल टनल के सभी वाहनों के लिए बहाल होने और साथ ही वीकेंड के चलते शनिवार को काफी संख्या में पर्यटक मनाली पहुंचे और उम्मीद है यह संख्या और बढ़ेगी। वहीं, लाहुल स्पीति के खूबसूरत पर्यटन स्थल सिस्सू में बेशक देव आदेश के चलते इन दिनों पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगी है लेकिन 26 फरवरी के बाद यहां पर्यटकों का मेला लगेगा।

# योगेश मिस्टर और सानिया बनीं मिस फेयरवेल

## केडी स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाशिंग में विदाई समारोह का आयोजन किया

अनंत ज्ञान



केडी स्टार स्कूल के विद्यार्थियों के साथ प्रधानाचार्य राजिंद्र सिंह। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के बाशिंग स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल केडी स्टार में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा 12वीं कक्षा के छात्रों के सम्मान में एक आयोजित विदाई समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजिंदर सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की। वेस्टर्न डांस, लोक नृत्य, समूह नृत्य, एकल गीत, संगीत प्रस्तुति तथा हिमाचली संस्कृति के सुंदर समिश्रण ने उपस्थित सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच संचालन की सराहना हर किसी ने की। समारोह के दौरान 11वीं कक्षा के छात्रों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए भावुक संदेश भी साझा किए। इसके साथ ही विभिन्न आकर्षक उपाधियों से वरिष्ठ विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

यशस्वी को 'मिस पर्सनालिटी' पीयूष को 'मिस्टर पर्सनैलिटी', सानिया को 'मिस फेयरवेल' तथा योगेश को 'मिस्टर फेयरवेल' चुना गया। इन सभी विजेताओं को मंच पर सम्मानित कर स्मृति चिह्न प्रदान किए गए, जिस पर उपस्थित सभी ने जोरदार तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया।। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य राजिंदर सिंह ने अपने संबोधन में जहां समारोह को सफल बनाने के लिए जूनियर विद्यार्थियों की सराहना की वहीं, सीनियर विद्यार्थियों को जीवन आगे बढ़ने और खूब पढ़ाई कर अपनी मंजिल को हासिल कर स्कूल सहित अभिभावकों और जिला का ना रोशन करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय को अपने छात्रों की प्रतिभा पर गर्व है। उन्होंने 12वीं कक्षा के छात्रों को उनके आगामी जीवन, उच्च शिक्षा और करियर के लिए शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही कहा कि भविष्य में यदि कभी भी आपको शिक्षा से संबंधित किसी भी तरह की सलाह या परामर्श की आवश्यकता पड़ती है तो बेझिझक स्कूल में आकर या शिक्षकों से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि यह स्कूल आज और आगे भी आपका रहेगा, जब भी समय मिले स्कूल आकर विद्यार्थियों को जागरूक करें। इस मौके पर उन्होंने जहां जूनियर और सीनियर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं वहीं, जूनियर से अपने सीनियर से सीख लेने का भी आह्वान किया।

**उत्सव** तीन दिनों तक चले फागली उत्सव का समापन, पेखड़ी गांव में पर्यटकों ने लिया मुखौटा नृत्य व नाटी का आनंद

# तीर्थन घाटी का प्राचीन मुखौटा नृत्य बना आकर्षण का केंद्र

अनंत ज्ञान



तीर्थन घाटी का प्राचीन मुखौटा नृत्य पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। अनंत ज्ञान

**बंजार।** हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी का प्राचीनतम मुखौटा उत्सव 'फागली' इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। तीन दिनों तक चले इस उत्सव में न केवल स्थानीय लोगों, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। तीर्थन घाटी में स्थित विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ प्राचीन परंपराओं और लोकसंस्कृति के लिए भी प्रसिद्ध है। यहां के मेले और त्योहार घाटी की सांस्कृतिक पहचान को जीवंत बनाए रखते हैं।

तीर्थन घाटी के लगभग हर गांव में वर्षभर छोटे-बड़े कई धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होते रहते हैं। ये आयोजन लोगों के बीच आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। फाल्गुन मास की संक्रांति के साथ ही घाटी के कई गांवों में फागली उत्सव का आयोजन किया जाता है। कहीं यह पर्व एक दिन का होता है, तो कहीं दो और तीन दिनों तक धूमधाम से मनाया जाता है। लोग अपने ग्राम देवताओं की पूजा-अर्चना कर अच्छी फसल, वर्षा, सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। इस वर्ष भी पेखड़ी, नाहीं, तिंदर, काउंचा, डिंगचा, सरची, जमाला, फरयाड़ी, कलवारी, बशीर, गरुली और श्रीकोट सहित अनेक गांवों में फागली उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। सैकड़ों स्थानीय लोगों के साथ-साथ महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली और आंध्र प्रदेश से आए पर्यटकों ने भी इस उत्सव का खूब आनंद लिया। कई पर्यटक मुखौटा नृत्य और लोकनृत्यों को अपने कैमरों में कैद करते नजर आए, जबकि कुछ पर्यटकों ने मढयालों के साथ अपनी फोटो भी खिंचवाई है और स्थानीय लोगों के साथ नाटी के फेरे भी लगाए।

इस प्राचीन फागली उत्सव के दौरान विभिन्न गांवों के पुरुष सदस्य प्राचीन लकड़ी के मुखौटे पहनकर विशेष पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते हैं। हर गांव के मुखौटे और पहनावे की शैली अलग-अलग होती है, जिससे उत्सव में विविधता और आकर्षण बढ़ता है। यह नृत्य धार्मिक आस्था से जुड़ा होता है और मान्यता है कि इसके माध्यम से गांव से नकारात्मक शक्तियों को दूर किया जाता है।

पहले दिन छोटी फागली होती है, जिसमें लकड़ी के मुखोटे पहने मढयाले एक सीमित क्षेत्र में नृत्य और परिक्रमा करते है। दूसरे दिन बड़ी फागली होती है, जिसमें मुखौटा पहने मंडयाले घर-घर जाकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। वहीं तीसरे दिन देव पूजा और तवार के बाद गुर के माध्यम से नकारात्मक शक्तियों को गांव से बाहर भगाने की परंपरा निभाई जाती है।

उत्सव के दौरान गांवों में कई पारंपरिक व्यंजन बनाए गए। विशेष रूप से 'चिलड्डू' का निर्माण और वितरण इस पर्व की खास पहचान रहा। शाम के समय देवता के मैदान में सामूहिक नाटी ने वातावरण को और भी उत्सवमय बना दिया। ग्राम पंचायत नोहन्डा के पूर्व प्रधान सवर्ण सिंह ठाकुर सहित स्थानीय लोगों का कहना है कि तीर्थन घाटी में प्राकृतिक सौंदर्य के साथ साथ प्राचीन संस्कृति का अमूल्य खजाना मौजूद है, जिसे सहेजने और संवारने की आवश्यकता है।

जिला मंडी स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के संस्कृति विभाग में कार्यरत प्रोफेसर सूर्य प्रकाश ने कहा कि वे पिछले 12 वर्षों से हिमाचल प्रदेश में रह रहे हैं। उनके अनुसार हिमाचल प्रदेश अपने आप में एक 'लिविंग म्यूजियम' है, जहां पर सदियों पुरानी संस्कृति आज भी जीवंत रूप में देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि यहां की परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत सदियों से चली आ रही हैं, जिन पर गहन शोध और अध्ययन की आवश्यकता है। यह संस्कृति केवल देखने योग्य ही नहीं, बल्कि समझने और सहेजने योग्य भी है।

# बारहवीं के विद्यार्थियों ने साझा किए अपने अनुभव





डीम स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**निरमंड।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डीम में जमा एक की छात्र छात्राओं ने अपने वरिष्ठ जमा दों की छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रवि शर्मा ने की। वरिष्ठ छात्र-छात्राओं का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया गया। वही खेलकूद, सांस्कृतिक व दूसरी प्रतियोगिता का भी आयोजन भी किया गया। जिसमें विद्यालय के स्टाफऔर बच्चों ने काफी आनंद लिया। प्रतियोगिता की विभिन्न चरणों को पार करने के बाद मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल का चयन किया गया। सभी बच्चों विद्यालय में अपने अपने अनुभव की साझा किए। जिसमें मिस्टर फेयरवेल ऋतिक को चुना गया जबकि मिस फेयरवेल समीक्षा को चुना गया। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य रवि शर्मा ने बच्चों को जीवन में कठिन परिश्रम कर लक्ष्य प्राप्त करने को कहा। उन्होंने बच्चों भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य दलीप शर्मा, मदन कुमार सुरेंद्र डोगरा धर्मदास वर्मा, कुलदीप कुमार, मान सिंह, लता कुमारी, हरनाम सिंह, कुमारी रेनू, चुनी लाल, बबीता, बृज लाल, उत्तम सिंह, ज्वाला देवी सहित विद्यालय की अध्यापक को स्टॉप उपस्थित थे।

# सराहां को मुख्यमंत्री सुक्खू ने दी 32 करोड़ रुपए की सौगातें

## पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं के किए शिलान्यास और लोकार्पण

अनंत ज्ञान

**संजय राजन, सराहां।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को सिरमौर जिले के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के सराहां में लगभग 32 करोड़ रुपए की लागत की सात विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने 1.44 करोड़ रुपए की लागत से सहायक जिला न्यायवादी राजगढ़ के लिए कार्यालय सह आवासीय भवन, 1.98 करोड़ रुपए की लागत से नोहरी में उप-तहसील भवन, 5.74 करोड़ रुपए की लागत से थानी-थामनी-खरीमू सड़क, 4.73 करोड़ रुपए की लागत से उठाऊ पेयजल योजना लाना भलटा लोह, ग्राम पंचायत लाना भलटा तथा 1.66 करोड़ रुपए की लागत से बडगला मार्ग से होकर राजगढ़-यशवंत नगर सड़क का उद्घाटन किया।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 14.13 करोड़ रुपए की लागत से जिला सिरमौर में चाबयोगा से सालमु के बीच गिरी नदी पर वाहन योग्य पुल तथा 2.15 करोड़ रुपए की लागत से राजगढ़ स्थित लोक निर्माण विभाग कॉलोनी में टाइप-2 आवासीय क्वार्टरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया।



विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास करते सीएम सुक्खू। अनंत ज्ञान

### सर्वदलीय बैठक में गुटों में बंटी दिखी भाजपा : हर्षवर्धन चौहान

**अनंत ज्ञान, सराहां/नाहन।** सिरमौर जिला के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के सराहां में सीएम दौरे के दौरान एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार का तीन साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है और गत तीन वर्ष संघर्षपूर्ण रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज आर्थिक रूप से हिमाचल प्रदेश का गला घोंटने का प्रयास किया जा रहा है। वर्ष 1952 से मिल रहे राजस्व घाटा अनुदान को केंद्र सरकार ने खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सर्वदलीय बैठक बुलाई, लेकिन भाजपा ने उस बैठक से भी वॉकआउट किया। उन्होंने कहा कि बैठक में साफ तौर पर दिखा कि भाजपा किस प्रकार से गुटों में बंटी हुई है। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल पहले अकेले वॉकआउट कर गए जबकि पांच विधायक बैठक में बैठे रहे। काफी देर तक दुविधा में रहने के बाद नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के अन्य विधायक बाहर निकले। उन्होंने कहा कि जब भी प्रदेश हित की बात हो तो राजनीति दलों को विचारधारा से ऊपर उठ कर काम करना चाहिए।

### आरडीजी खत्म होने से प्रदेश को 50 हजार करोड़ का नुकसान : मुसाफिर

**जनसभा** में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगू राम मुसाफिर ने कहा कि मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के हकों की लड़ाई लड़ रहे हैं। राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) खत्म होने से प्रदेश को 50 हजार करोड़ का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू राजनीतिक आपदा से बाहर निकले है, उससे उन्हें और ज्यादा ख्याति मिली है। कांग्रेस नेता दयाल प्यारी ने पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के लिए किए गए उद्घाटन एवं शिलान्यासों के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी चुनौतियों के बावजूद लगातार लोगों की मदद करने में जुटी हुई है, जबकि विपक्ष लगातार राजनीति कर मुख्यमंत्री को निशाना बना रहा है। जिला सिरमौर कांग्रेस अध्यक्ष आनंद परमार ने मुख्यमंत्री का पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में आने पर स्वागत किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने किसानों के लिए लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

◆ **कांग्रेस नेता दयाल प्यारी ने पच्छाद विस क्षेत्र के लिए किए उद्घाटन एवं शिलान्यासों के लिए सीएम का आभार व्यक्त**

## सिरमौर के किसानों की मांग पर अदरक का समर्थन मूल्य होगा घोषित : सीएम

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के सराहां में मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार सराहां पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जिला सिरमौर के किसानों की लंबे समय से चली आ रही अदरक के समर्थन मूल्य की मांग को इस बजट में पूरा करने की घोषणा की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने सिविल अस्पताल सराहां को 100 बेड के साथ चिकित्सकों के पद व अल्ट्रासाउंड मशीन भी देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने 40 मिनट तक जनसभा को संबोधित किया। 3 वर्ष के बाद पहली बार सराहां पहुंचे मुख्यमंत्री का यह भाषण चुनावी भाषण की तरह था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल की भाजपा कलयुगी बीजेपी हो गई है, जो की प्रदेश की सत्ता पाने के लिए हर समय लालयित रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के समय में भी केंद्र सरकार ने केवल घोषणा की। मगर हिमाचल को आपदा में सहायता नहीं की। सुखविंदर सिंह ने कहा कि हिमाचल निर्माता डॉक्टर वाईएस परमार की सोच थी कि हमारे गांव विकसित हो, उन्हें की तर्ज पर हम भी अपने गांव के किसानों के लिए दूध का समर्थन मूल्य बढ़ाया तथा आने वाले बजट में जिला सिरमौर के किसानों की मांगों को ध्यान में रखते हुए अदरक का समर्थन मूल्य भी निर्धारित किया जाएगा।

◆ **सराहां अस्पताल को 100 बैड करने की घोषणा**


मंच पर सीएम के साथ बैठे मंत्री हर्षबर्धन व विधायक रीना कश्यप। अनंत ज्ञान

हिमाचल प्रदेश में कलियुगी भाजपा, झूठ पर झूठ बोल रही। आरडीजी खत्म होने पर नहीं बोल पा रहे भाजपा नेता भाजपा ओपीएस और दूध उत्पादकों का दूध पर एमपीएस बंद करने की सोच रही तो फिर सत्ता में आने के सपने छोड़ दे। जयराम ठाकुर जी झूठ बहुत बोलते हैं, प्लानिंग की मीटिंग में आने के लिए मैंने खुद चिट्ठी लिखकर बुलाया, लेकिन साफ मुकर गए कि मुझे बुलाया नहीं गया, मगर हम प्रदेश की जनता के साथ हर समय खड़े हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मिशन जागृति के तहत महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 'मेरा गांव मेरा देश एक सहारा' संस्था द्वारा मिशन जागृति अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं को सामाजिक, कानूनी और डिजिटल सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जा रही हैं। संस्था का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर, सतर्क और जागरूक बनाना है। इसी कड़ी में संस्था द्वारा ऑनलाइन शॉपिंग से जुड़े बढ़ते साइबर फ्रॉड के प्रति भी लोगों को सचेत किया गया। संस्था ने स्पष्ट किया कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी या कोई भी कोड साझा करना खतरनाक हो सकता है। इससे बैंक खाते या डिजिटल वॉलेट से रकम निकल सकती है। संदेह की स्थिति में तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करने तथा आधिकारिक पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की सलाह दी गई है। संस्था के निदेशक डॉ. अनुराग गुप्ता (एडवोकेट) और अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने कहा कि मिशन जागृति के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक जागरूकता पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### शिविर में 30 युवाओं ने किया रक्तदान




**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** विकासखंड राजगढ़ पझौता की समाजसेवी संस्था यूथ मीडिया क्लब धामला द्वारा पांचवां रक्तदान शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामला में किया गया, जिसमें 30 से अधिक युवाओं ने जांच पश्चात रक्तदान किया। इसके साथ साथ आयुष्मान आयोग्य शिविर के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामला चिकित्सा अधिकारी द्वारा 48 लोगों का मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हीमोग्लोबिन जांचा गया। शिविर को सफल बनाने के लिए जिला मुख्य चिकत्सा अधिकारी सोलन की टीम में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कार्य किया। युथ मीडिया क्लब धामला के अध्यक्ष संदीप कश्यप ने मुख्य चिकत्सा अधिकारी सोलन, मुख्य चिकत्सा अधिकारी सिरमौर सहित क्षेत्र के सभी युवाओं का धन्यवाद किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रितेश शर्मा ने कहा की समय-समय पर क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य सुविधा के लिए इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिस हेतु खंड चिकित्सा अधिकारी का सहयोग हमेशा रहता है।

### सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल नाहन में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिल्वर वेल्स पब्लिक स्कूल नाहन में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पूरे वर्ष विभिन्न शैक्षणिक एवं को-करीक्युलर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमोद चौहान (अध्यक्ष) सिल्वर बेल्स पब्लिक स्कूल नाहन मैनेजमेंट सोसायटी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ परितोष चौहान सचिव, विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. आशिमा राघव जी और विद्यालय की मुख्याध्यापिका मीनाक्षी भी उपस्थित थीं। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 12वीं कक्षा के लोकेशन विषय के छात्रों को ऑन जॉब सिक्योरिटी ट्रेड पर जीरकपुर में आयोजित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के सिक्योरिटी ट्रेड के छात्र-छात्राओं के लिए जीरकपुर चंडीगढ़ स्थित होटल पार्क पलाजा और होकस सिक्योरिटी 12वी कक्षा के वोकेशनल विषय के छात्र-छात्राओं के लिए ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम 10 से 12 फरवरी तक आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के सिक्योरिटी सब्जेक्ट के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सिक्योरिटी ट्रेड विषय से संबंधित जैसे सीसीटीवी वीडियो फुटेज और एडिटिंग, बिना हथियार के सुरक्षा और जमीनी स्तर पर आने वाली बाधाओं को सुरक्षा की दृष्टि से किस प्रकार पार किया जाता है तथा आग क्या है और आग को काबू ओर किस प्रकार बुझाया जा सकता है के बारे में जानकारी प्राप्त की जो उनके भविष्य के लिए बहुत उपयोगी होगा। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में जिला समन्वयक (वोकेशनल) यशपाल शर्मा, वोकेशनल ट्रेनर संत राम चौहान, शिवानंद शर्मा, टिना प्राशर, किरण बाला, इन सभी का विशेष सहयोग रहा। बच्चों के साथ गए वोकेशनल ट्रेनर ने कहा कि ओन जोब ट्रेनिंग के दौरान सभी बच्चों ने कर्तव्य निष्ठा से और रुचि रखते हुए प्रशिक्षण को पूरा किया। तत्पश्चात सभी सिक्योरिटी सेक्टर के 59 छात्र-छात्राओं को, हॉकस सिक्योरिटी एजेंसी ने प्रमाण पत्र जारी किए।

## सुक्खू सरकार के पंचायत चुनाव टालने के प्रयास असफल : मेला राम


सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेला राम शर्मा पत्रकार वार्ता करते हुए। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** प्रदेश की सूक्खू सरकार को देश के सर्वोच्च न्यायालय ने पंचायती राज चुनाव टालने के कुप्रयासों को करारा झटका दिया है। सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेला राम शर्मा ने कहा की हिमाचल प्रदेश की निकम्मी सरकार स्थानीय निकायों के चुनाव करवाने से भाग रही थी और प्रदेश के विकास को ठप्प करने का प्रयास कर रही थी परंतु सर्वोच्च न्यायालय ने इनके कुप्रयासों को नकार कर स्पष्ट आदेश जारी किए हैं कि 31 मई, 2026 से पहले हिमाचल प्रदेश में हर हाल में पंचायती राज और स्थानीय निकायों के चुनाव करवा दिए जाएं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश पूरी तरह आर्थिक दिवालिया हो चुका है और रिवेन्यू डिफिसिट ग्रांट बंद होने के कारण अब सुक्खू सरकार पूरी तरह से धराशाई होने के कगार पर पहुंच चुकी है। देश के अनेक राज्यों में रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट बंद हो चुकी है, परंतु उन राज्यों के अपने राजस्व उत्पादन के कारण वहां आर्थिक स्थिति सामान्य चल रही है।

## नागरिक अस्पताल राजगढ़ में अल्ट्रासाउंड व लैब जांच सुविधाएं ठप, जनता परेशान

अनंत ज्ञान

**बीआर चौहान, राजगढ़।** नागरिक अस्पताल राजगढ़ में अल्ट्रासाउंड जांच सुविधा लंबे समय से बंद पड़ी है, वहीं आवश्यक लैब जांच सुविधाएं एवं मशीनें भी सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रही हैं। इससे उपमंडल राजगढ़ सहित नौहराधार, हरिपुरधार और आसपास के दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अल्ट्रासाउंड व अन्य जांच सुविधाएं उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को मजबूरन निजी संस्थानों या अन्य जिलों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे विशेषकर गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर श्रीगुल मंदिर समिति राजगढ़ ने अध्यक्ष अरुण चौहान की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उपमंडलाधिकारी (ना.) राजगढ़ राजकुमार ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर समिति ने मांग की कि नागरिक अस्पताल राजगढ़ में अल्ट्रासाउंड मशीन तथा आवश्यक लैब जांच मशीनों को शीघ्र ठीक करवाया जाए अथवा वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम खेड़ा, नवीन शर्मा, विवेक शर्मा, क्रांति चौहान, नितेश शर्मा, अमन शर्मा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समिति के सदस्य। अनंत ज्ञान

> **ज्ञापन** प्राप्त हो गया है। इस विषय पर खंड चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी नागरिक चिकित्सालय से चर्चा की गई है तथा एक सप्ताह के भीतर अल्ट्रासाउंड एवं आवश्यक लैब जांच सुविधाएं सुचारू रूप से आरंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **राजकुमार ठाकुर**
> **उपमंडलाधिकारी (ना.) राजगढ़**

### भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ सोलन की कार्यकारिणी का विस्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा व्यापार मंडल सोलन जिला प्रकोष्ठ के संयोजक पंकज वर्मा ने कार्यकारिणी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, पुरुषोत्तम गुलेरिया तथा भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक गोविंद ठाकुर एवं सह संयोजक कुशल जेठी से विचार-विमर्श के उपरांत जिला सोलन के भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इसमें विधि चंद सह संयोजक सोलन, पूर्णचंद गुप्ता सह संयोजक (विलेज एवं डाकघर दूरा, तहसील कुठार, अरुण शर्मा सह संयोजक (मेन बाजार, बरोटीवाला, राजेश जैन सह संयोजक (नालागढ़) प्रमोद कुमार सह संयोजक और ज्योति माय अंगिरस को सह संयोजक (अर्की) बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने तथा व्यापारी वर्ग की समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

## माजरा में शुरू हुई हिमाचल जूनियर एवं सब-जूनियर स्टेट गर्ल्स हॉकी चैंपियनशिप

अनंत ज्ञान

**अनुराग गुप्ता, पांवटा साहिब।** हिमाचल प्रदेश में महिला हॉकी को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से माजरा के एस्ट्रो-टर्फ ग्राउंड में 14 से 16 फरवरी तक आयोजित होने वाली हिमाचल जूनियर एवं सब-जूनियर स्टेट गर्ल्स हॉकी चैंपियनशिप का विधिवत शुभारंभ हॉकी एसोसिएशन जिला सिरमौर द्वारा किया जा रहा है। तीन दिवसीय इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन सुबह 11:30 बजे किया गया। इस अवसर पर पांवटा साहिब के विधायक सुखराम चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि उद्योगपति गुरदीप सिंह गैरी ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की।

मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के सब-जूनियर वर्ग में हमीरपुर, कुल्लू, सिरमौर और सोलन की टीमें भाग ले रही हैं, जबकि जूनियर वर्ग में कुल्लू, लाहौल एवं स्पीति, मंडी, सिरमौर, सोलन और ऊना की टीमें मैदान में उतरी हैं। पहले दिन से ही खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पहले मैच में सिरमौर ने कुल्लू को 22-0 और सोलन ने हमीरपुर को 3-0 से हराया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विजेश गोयल सहित अनूप अग्रवाल, ऑर्गेनाइजिंग कमेटी में बलजीत सिंह नागरा, अमृतपाल सिंह, जफर अली, पंकज सकलानी, विशाल धवन, चंदन, अनुराग गुप्ता, हेमंत, आसिफ अली, संदीप वर्मा, गुरनाम सिंह, सुरजीत, सीईओ हॉकी हिमाचल अनिल खंतवाल मौजूद रहे।


हिमाचल जूनियर एवं सब-जूनियर स्टेट गर्ल्स हॉकी चैंपियनशिप के शुभारंभ पर खिलाड़ी मुख्य अतिथि के साथ। अनंत ज्ञान

### बागा सीमेंट वर्क्स में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बागा सीमेंट वर्क्स में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख नितेश निराला द्वारा किया गया। समापन समारोह में मानव संसाधन विभाग प्रमुख राजेश जमवाल, तकनीकी विभाग प्रमुख पिनाकी दत्ता तथा वित्त एवं लेखा विभाग प्रमुख तरुण गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के अंतर्गत वॉलीबॉल एवं रस्साकशी सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में टीम प्रशिक्षु विजेता रही, जबकि रस्साकशी में टीम प्रशासन एवं सुरक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधन प्रतिनिधि राजेश नायक, डॉ. संकेत पटेल, लोकेन्द्र जैन, सचिन गांधी, रमन मुतनेजा, नितका कटोच, वंशिका चौहान, निकिता वर्मा, रवि त्रिपाठी, हरप्रीत अरोड़ा सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शामती बाईपास पर ऑटो चालक पर जानलेवा हमला

अनंत ज्ञान

**सोलन।** शहर के शामती बाईपास रोड पर दुर्गा पब्लिक स्कूल के समीप बीती रात तीन अज्ञात हमलावरों ने एक ऑटो रिक्शा चालक पर तेजतर्रार हथियारों से हमला कर दिया। घायल चालक की पहचान आशु पुत्र श्री अशोक, निवासी डिग्री कॉलेज सोलन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार आशु जब अपने ऑटो के साथ शामती बाईपास रोड से गुजर रहा था, तभी तीन युवकों ने उसे रास्ते में रोका। युवक नशे की हालत में लग रहे थे। मामूली कहासुनी के बाद हमलावरों ने अपना आपा खो दिया और आशु पर चाकू से हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। घायल आशु को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उपचार किया गया। हमले में आशु की बाजू पर गहरा जख्म आया है, जिस पर डॉक्टरों ने 8 टांके लगाए हैं।

◆ **तीन नशेड़ियों ने किए चाकू से वार**



घटना की सूचना मिलते ही सोलन पुलिस टीम ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## कथेड़ में निर्माणाधीन अस्पताल बनेगा क्षेत्र की जीवन रेखा : डॉ. शांडिल

### निर्माण का लिया जायजा और क्षेत्रीय अस्पताल सोलन का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने शनिवार को सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल, तृतीय स्तरीय ट्रॉमा सेंटर तथा मातृ एवं शिशु अस्पताल विंग के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं विभिन्न कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश जारी किए।

डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर कहा कि 200 बिस्तर वाले इस बहुउद्देशीय अस्पताल में अत्याधुनिक बहुविशेषज्ञ सुविधाओं के साथ साथ क्रिटिकल केयर सेंटर भी निर्मित किया जा रहा है। इस अस्पताल में रोगियों को तृतीय स्तरीय ट्रॉमा सेंटर की सुविधा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि यहां 50 बिस्तरों वाली मातृ एवं शिशु विंग का पृथक निर्माण भी किया जा रहा है।


स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल कथेड़ में निर्माणाधीन अत्याधुनिक बहुउद्देशीय अस्पताल का निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

#### निर्माण पर खर्च होंगे 200 करोड़

**डॉ. शांडिल** ने कहा कि बहुद्देशीय अस्पताल के निर्माण पर लगभग 200 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। बहुउद्देशीय अस्पताल का निर्माण कार्य 70 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो गया है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों व ठेकेदार को निर्माणाधीन अस्पताल को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मन्त्री ने कहा कि यह अस्पताल समूचे क्षेत्र की लाईफ लाईन बनेगा। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन बहुद्देशीय अस्पताल के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उचित दिशा निर्देश जारी किए हैं।

#### बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राथमिकता

**डॉ. शांडिल** ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश में स्वास्थ्य संस्थानों में बेहता चिकित्सा उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं ताकि लोगों को उनके घर-द्वार पर ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलें।उन्होंने तदोपरान्त क्षेत्रीय अस्पताल सोलन का दौरा कर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### झूठी शिकायतों की सजा दर्शाने वाले बोर्ड पुलिस थानों में लगाने के लिए जनहित याचिका दायर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर पुलिस थानों में ऐसे डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है, जिसमें झूठी शिकायतें, आरोप लगाने और मनगढ़ंत सबूत साझा करने पर मिलने वाली सजा की जानकारी दी गई हो। याचिका में अदालत परिसरों और सार्वजनिक कार्यालयों में भी इसी प्रकार के डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय का कहना है कि निर्दोष नागरिकों के खिलाफ झूठी शिकायतें दर्ज कराना, आरोप लगाना और मनगढ़ंत सबूत साझा करना जीवन, स्वतंत्रता और गरिमा के अधिकार तथा कानून के शासन के लिए एक गंभीर खतरा है। शीर्ष अदालत में यह याचिका अधिवक्ता अश्विनी दुबे के जरिये दायर की गई। (अनंत ज्ञान)

### सेना की उत्तरी कमान के कमांडर ने की कश्मीर घाटी में सुरक्षा तंत्र की समीक्षा

**एजेंसी, श्रीनगर।** सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने कश्मीर घाटी में तैनात बलों की अभियानगत तैयारियों और सुरक्षा तंत्र की व्यापक समीक्षा की। सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि कमांडर ने कश्मीर में एक रणनीतिक आपूर्ति से जुड़ी इकाई का दौरा कर उसकी अभियानगत तैयारियों का जायजा लिया। सेना की उत्तरी कमान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने उत्तर और दक्षिण कश्मीर में तैनात जवानों की अभियानगत तैयारी और सुरक्षा तंत्र का जायजा लिया। (अनंत ज्ञान)

### 5 कंपनियों के आईपीओ को सेबी की मंजूरी

**एजेंसी, मुंबई।** सेबी ने ड्यूरोफ्लेक्स और हेक्सागन न्यूट्रिशन समेत कुल 5 कंपनियों के पब्लिक इश्यू को हरी झंडी दे दी है। 13 फरवरी को सेबी ने इन कंपनियों के ड्राफ्ट पेपर्स पर अपनी 'ऑब्जर्वेशन' जारी की। अब ये कंपनियां अगले कुछ महीनों में अपना आईपीओ बाजार में उतार सकेंगी। जिन 5 कंपनियों को मंजूरी मिली है उनमें प्रीमियर इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन, विरूपाक्ष ऑर्गेनिक्स, हेक्सागन न्यूट्रिशन, ओम पावर ट्रांसमिशन और मैट्रेस ब्रांड ड्यूरोफ्लेक्स शामिल हैं। ये कंपनियां फ्रेश शेयर जारी करने और ऑफर फॉर सेल के जरिए रकम जुटाएगी। **ड्यूरोफ्लेक्सः** ये 183.6 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी करेगी। इसके अलावा मौजूदा निवेशक और प्रमोटर्स ओएफएस के जरिए 2.25 करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। इस फंड का इस्तेमाल कंपनी अपने कर्ज को चुकाने और मैन्युफैक्चरिंग क्षमता बढ़ाने में कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को सुबह 8.30 बजे सापेक्षिक आर्द्रता 95 प्रतिशत दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 211 रहा, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बहुत खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत कई नेताओं ने पुलवामा हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला समेत कई नेताओं ने वर्ष 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर नायकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने एक्स पोस्ट में कहा कि मैं पुलवामा आतंकवादी हमले में प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। सुरक्षाकर्मियों का सर्वोच्च बलिदान देश की स्मृति में हमेशा के लिए अंकित रहेगा। उनका बलिदान हर नागरिक को एक मजबूत और सुरक्षित भारत के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा, दृढ़ संकल्प और सेवा हमारे सामूहिक चेतना में सदा के लिए अंकित रहेगी। प्रत्येक भारतीय उनके अदम्य साहस से प्रेरणा लेता रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# वेनेजुएला में सीक्रेट हथियार का किया इस्तेमाल : डोनाल्ड ट्रंप

## कहा- रूस-चीन के डिफेंस सिस्टम फेल हो गए, एक दिन सब पता चलेगा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वेनेजुएला में 3 जनवरी को हुए सैन्य ऑपरेशन में अमेरिका ने एक सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया। ट्रंप के मुताबिक इस हथियार की वजह से रूस और चीन के डिफेंस सिस्टम काम नहीं कर पाए। नॉर्थ कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग सैन्य बेस पर सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रंप ने इस हथियार को 'डिसकम्बोबुलेटर' कहा। हालांकि, उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी देने से इनकार किया। वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला। रूसी उपकरण काम नहीं किए। चीनी उपकरण काम नहीं किए। सब यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा क्यों हुआ। एक दिन आपको इसके बारे में पता चलेगा।



यह पहली बार है जब ट्रंप ने किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में इस सीक्रेट हथियार का जिक्र किया है। इससे पहले वह इंटरव्यू में दो बार जिक्र कर चुके थे। पिछले हफ्ते न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि मुझे इसके बारे में बात करने की अनुमति नहीं है, लेकिन इतना बता दूं, सब कुछ गड़बड़ा दिया गया था।' (अनंत ज्ञान)

### हमले के लिए 150 विमानों का इस्तेमाल किया

**अमेरिकी** ज्वॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन एयर फोर्स जनरल डैन केन के मुताबिक, वेनेजुएला पर हमले के लिए 20 ठिकानों से 150 से ज्यादा विमानों ने उड़ान भरी। इनमें बॉम्बर्स, फाइटर जेट, इंटेलिजेंस और सर्विलांस प्लेटफॉर्म शामिल थे। इस ऑपरेशन में अमेरिकी सैनिक रात के अंधेरे में हेलिकॉप्टर से वेनेजुएला की राजधानी कराकास पहुंचे। उन्होंने भारी सुरक्षा के बीच तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया। वेनेजुएला के अधिकारियों के मुताबिक, हमले की शुरुआत अमेरिकी बमबारी से हुई थी, जिसमें सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई में 83 लोगों की मौत हुई और 112 से ज्यादा लोग घायल हुए।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम से गुलाब की नई किस्म लांच, सेना ने दी मंजूरी

**एजेंसी, खड़गपुर।** पहलगाम घटना की बरसी पर सेना ने वेलेंटाइन वीक के दौरान एक खास लाल गुलाब की किस्म को 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया है। यह नाम वीरता और अदम्य साहस के प्रतीक के रूप में रखा गया है। यह हाइब्रिड किस्म खड़गपुर के जकपुर स्थित पुष्पांजलि रोज गार्डन में विकसित की गई है। इसके सृजनकर्ता प्रनबीर माइती ने इससे पहले भी गुलाब की कई विशेष प्रजातियां विकसित की हैं, जिन्हें देश के महत्वपूर्ण स्थलों पर नामित किया गया है, जिनमें राष्ट्रपति भवन भी शामिल है। लाल और सुगंधित इस गुलाब में 30 से 35 पंखुड़ियां होती हैं। इसकी ऊंचाई 120 से 150 सेंटीमीटर तक होती है और यह साल भर खिलता है। यह किस्म रोग प्रतिरोधक क्षमता से भरपूर है और इसे गमले या सीधे मिट्टी दोनों में लगाया जा सकता है। शुक्रवार को पूर्वी कमान के ब्रिगेडियर सुधीर सोढ़ी समेत सेना के अधिकारियों ने गृह मंत्रालय की अनुमति के बाद फूल बाजार में इस नई किस्म का अनावरण किया। इसके बाद शनिवार से यह गुलाब बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध है। बताया गया कि प्रनबीर माइती ने पिछले वर्ष जम्मू-कश्मीर में ट्यूलिप गार्डन के समीप एक रोज गार्डन परियोजना की पहल की थी और वहां के मुख्यमंत्री कार्यालय से कई दौर की बातचीत भी की थी। हालांकि 'ऑपरेशन सिंदूर' के चलते यह परियोजना विलंबित हो गई। बाद में माइती ने सेना से संपर्क किया, जिसके बाद विशेष गुलाब विकसित करने और उसे मिशन के नाम पर समर्पित करने का प्रस्ताव सामने आया। (अनंत ज्ञान)

### मणिपुर में 3 उग्रवादी गिरफ्तार गोला और बारूद किया बरामद

**एजेंसी, इंफाल।** हिंसा प्रभावित मणिपुर पुलिस ने सुरक्षाबलों के साथ मिलकर तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार करने के साथ हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया गया है।

वहीं, दूसरी ओर चोरी के वाहन को बरामद करने के साथ ही राज्य में वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने लिए भी पुलिस अभियान चला रही है। मणिपुर पुलिस के अनुसार सुरक्षाबलों ने इंफाल वेस्ट और इंफाल ईस्ट जिलों के अलग-अलग इलाके से केसीपी (अपुनबा) के दो सक्रिय कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। कैडरों की पहचान थाओंडेम जैक्सन सिंह (21) जो थांगमेइबंद हिजाम लेइकाई, इंफाल वेस्ट जिले का रहने वाला है, उसे उसके इलाके से गिरफ्तार किया गया और अंगोम विद्यानंद सिंह (20) जो खुरई थांगजाम लेइकाई, इंफाल ईस्ट जिले का रहने वाला है, उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से दो मोबाइल फोन और एक आधार कार्ड जब्त किया गया। (अनंत ज्ञान)

### दिल्ली का उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन का नाम अब बदलकर सेवा तीर्थ

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के नए कार्यालय 'सेवा तीर्थ' के उद्घाटन के बाद अब उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर आधिकारिक रूप से सेवा तीर्थ कर दिया गया है। मेट्रो स्टेशन पर सेवा तीर्थ स्टेशन की घोषणा के साथ-साथ गेटों पर शनिवार को सेवा तीर्थ के साइन बोर्ड भी लगा दिए गए। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन के नाम बदलने का ऐलान शुक्रवार को सेवा तीर्थ भवन के उद्घाटन के दौरान किया था। उन्होंने कहा था कि नाम बदलने का मकसद स्टेशन की पहचान को 'सेवा तीर्थ भवन' से जोड़ना है। इससे लोगों को सेवा तीर्थ भवन पहुंचने में कोई परेशान भी नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि मौजूदा उद्योग भवन मेट्रो स्टेशन दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की येलो लाइन पर स्थित है। सेंट्रल दिल्ली के बिल्कुल बीचों-बीच होने के कारण यह स्टेशन कई महत्वपूर्ण सरकारी दफ्तरों और बड़े प्रशासनिक भवनों को कनेक्ट करता है। (अनंत ज्ञान)

# ट्रेड डील से कपास किसानों व कपड़ा उद्योग को होगा नुकसान : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली कोई सरकार अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता करती जो कपास किसानों और कपड़ा निर्यात दोनों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करता, लेकिन मोदी सरकार ने इसके बिल्कुल उलट किया। उन्होंने यह दावा भी किया कि सरकार ने व्यापार समझौते के इन पहलुओं को छिपाया भी है।

राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा कि 18 प्रतिशत बनाम शून्य प्रतिशत शुल्क। झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इस बारे में भ्रम फैला रही है। किस तरह से वे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास उत्पादकों और वस्त्र निर्यातकों को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में वस्त्र निर्यात पर शून्य प्रतिशत शुल्क का फायदा दिया जा रहा है, शर्त बस इतनी है कि वे अमेरिकी कपास आयात करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत के गारमेंट्स पर 18 प्रतिशत शुल्क की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया कि अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी। उन्होंने सवाल किया कि आखिर ये बात देश से छुपाई क्यों गई? 'ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है या फिर 'आगे कुआं, पीछे खाई' की हालत में फंसाने वाला जाल?' उन्होंने कहा कि अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं, तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा कपड़ा उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा। अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है। राहुल गांधी ने इस बात का उल्लेख किया कि भारत में कपड़ा उद्योग और कपास की खेती आजीविका की रीढ़ हैं और करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी इन्हीं पर टिकी है। उन्होंने कहा कि न क्षेत्रों पर चोट का मतलब है लाखों परिवारों को बेरोजगारी और आर्थिक संकट की खाई में धकेल देना। एक दूरदर्शी और राष्ट्रहित में सोचने वाली सरकार ऐसा सौदा करती जिससे कपास किसानों और कपड़ा निर्यात - दोनों के हितों की रक्षा और समृद्धि सुनिश्चित होती। (अनंत ज्ञान)

# राहुल की नीति झूठ बोलकर गुमराह करो, जनता जान चुकी है : शाह

**एजेंसी, कराईकल (पुडुचेरी)**



◆ **बोले- मछुआरों के लिए 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और व्यापार समझौतों में किसानों और मछुआरों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है और उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 'झूठ' बोलकर गुमराह करने का आरोप लगाया। पुडुचेरी के कराईकल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने रोजाना झूठ बोलने की एक नयी परंपरा शुरू कर दी है।

उन्होंने कहा कि झूठ बोलना, जोर-जोर से झूठ बोलना और उसे दोहराना राहुल गांधी की नीति है। लेकिन लोग आपकी झूठ गढ़ने वाली फैक्टरी को पहचान चुके हैं। शाह ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और व्यापार समझौते, विशेष रूप से भारत-अमेरिका समझौते के प्रावधानों का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय किसानों एवं मछुआरों के लिए '100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित की है । उन्होंने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान किसानों के हितों को 'बेच दिया गया' था। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने यह भी भरोसा जताया कि 2029 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) केंद्र में फिर से सत्ता में आएगा। (अनंत ज्ञान)

# महर्षि दयानंद जन्मोत्सव पर निकाली भव्य शोभायात्रा



अनंत ज्ञान

**पंचकूला।** महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर केंद्रीय आर्य सभा चंडीगढ़, पंचकूला एवं मोहाली के तत्वावधान में आर्य समाज और शिक्षण संस्थाओं की सहयोग से भव्य शोभायात्रा आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत केंद्रीय आर्य सभा के प्रधान रविंद्र तलवाड़ द्वारा केसरिया ध्वज दिखाकर की गई।

शोभायात्रा सेक्टर-20 से आरंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई सेक्टर-9 में समाप्त हुई। पूरे मार्ग में आर्य समाज के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। विभिन्न संस्थाओं ने महर्षि दयानंद के जीवन, वैदिक संस्कृति और सामाजिक सुधारों पर आधारित आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं, जबकि विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चारण, देशभक्ति गीत और प्रेरणादायी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम ने सत्य, वेद प्रचार, सामाजिक समरसता, नारी शिक्षा, राष्ट्रभक्ति और मानव कल्याण जैसे महर्षि दयानंद के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। शोभायात्रा में आर्य समाज के पदाधिकारी, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, युवा, महिलाएं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# एचडीएफसी बैंक पंजाब में लगाएगा 'मेगा ऑटो लोन मेला'

**अनंत ज्ञान, लुधियाना।** भारत का अग्रणी प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक आगामी 16 फरवरी को पंजाब में अपनी 500 से ज्यादा ब्रांच में 'मेगा ऑटो लोन मेला' आयोजित करेगा। इस मेगा ऑटो लोन मेले में लीडिंग ऑटोमोबाइल ब्रांड और रीजनल डीलरशिप ब्रांच में मौजूद रहेंगे और कस्टमर्स को अपने कार मॉडल दिखाएंगे। इस योजना के पात्र ग्राहकों के लिए बैंक ऑन-द-स्पॉट लोन सैंक्शन करेगा। ग्राहकों बैंक की 'एक्सप्रेस कार लोन' फैसिलिटी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। यह एक स्टेट-ऑफ-द-आर्ट डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो लोन एप्लिकेशन को 30 मिनट के अंदर पूरा करने में मदद करता है।

उद्घाटन समारोह में बोलते हुए ब्रांच बैंकिंग हेड, श्री दिनेश लूथरा ने कहा, 'मेगा ऑटो लोन मेला कस्टमर्स को अपनी पसंदीदा कार के लिए आसानी से फाइनेंस पाने का एक शानदार मौका देता है। हमने बड़ी कार बनाने वाली कंपनियों और ऑटो डीलर्स को अपनी ब्रांच में अपने टॉप मॉडल दिखाने के लिए बुलाया है। हमें यकीन है कि कस्टमर्स को इस मेले से फायदा होगा।' एचडीएफसी बैंक अपने ग्राहकों को अफोर्डेबल इंटरेस्ट रेट पर कई तरह के लोन देता है। 'मेगा ऑटो लोन मेला' ड्राइव का मकसद खासकर एसयूआरयू (सेमी-अर्बन और रूरल) जगहों पर ग्राहकों को ऑटोमोबाइल फाइनेंस तक आसान एक्सेस देना है। बैंक लोन रिक्वेस्ट को प्रोसेस करने के लिए कई तरह के रीपेमेंट कॉन्फिगरेशन और कम से कम पेपरवर्क के साथ एक एंड-टू-एंड सॉल्यूशन देगा। एचडीएफसी बैंक की ऑटो लोन बुक का 30 दिसंबर, 2025 को खत्म हुई तिमाही के लिए साइज 1,527 रुपए बिलियन था।

# क्रोमा के समर सेल में एसी और प्रीमियम टीवी पर 71% की छूट

अनंत ज्ञान

**मोहाली।** भारत के प्रमुख ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर और टाटा ग्रुप का एक हिस्सा, क्रोमा ने 'क्रोमा समर सेल 2026' की घोषणा की है। बढ़ते तापमान को देखते हुए ग्राहकों के लिए कूलिंग सॉल्यूशंस और रोजमर्रा की टेक एक्सेसरीज पर शानदार डील्स पेश की गई हैं।

यह सेल देशभर के क्रोमा स्टोर्स पर 28 फरवरी तक चलेगी, जिसमें चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर विशेष कीमतें, कैटेगरी ऑफर्स और सीमित समय के लाभ दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही, पार्टनर बैंक या फाइनेंस शर्तों के अधीन कैशबैक और आसान ईएमआई के विकल्प भी उपलब्ध हैं। कीमतें और ऑफर्स ब्रांड, मॉडल, स्टोर, शहर और स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर अलग-अलग हो सकते हैं। इसके अलावा, एचडीएफसी टाटा नेउ क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले ग्राहक चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 10 प्रतिशत तक की छूट का आनंद ले सकते हैं।

इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा, 'गर्मियों की आहट मिलते ही ग्राहक आने वाले गर्म दिनों की तैयारी के लिए कूलिंग सॉल्यूशंस और होम अपग्रेड्स की खरीदारी शुरू कर देते हैं। आज के ग्राहक न केवल बेहतरीन वैल्यू, बल्कि आसान फाइनेंसिंग और भरोसेमंद विशेषज्ञ सलाह भी तलाश रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, 'क्रोमा समर सेल' एयर कंडीशनर्स और बड़े स्क्रीन वाले टेलीविज़न पर शानदार ऑफर्स के साथ-साथ अन्य श्रेणियों में भी ढेरों डील्स लेकर आई है, ताकि हमारे ग्राहक पूरे आत्मविश्वास के साथ अपग्रेड कर सकें और इस सीजन का भरपूर लाभ उठा सकें।

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के तहत तीन बसें अमृतसर के लिए रवाना



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत जिले के विभिन्न इलाकों से श्रद्धालुओं को लेकर तीन बसें आज अमृतसर के लिए रवाना हुईं। ये बसें माजरी, बेहड़ा और फेज-11 क्षेत्रों से भेजी गईं। डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने बताया कि जिले से हल्कावार जा रही ये बसें आज तीसरी बार रवाना हुई हैं और यह यात्रा तीन दिनों में पूरी होती है। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को श्री दरबार साहिब, दुर्गियाना मंदिर और भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल के दर्शन करवाए जाते हैं। इसके अलावा यात्रियों को जलियांवाला बाग और वाघा सीमा का दौरा भी कराया जाता है। डिप्टी कमिश्नर ने आगे बताया कि यात्रा के दौरान आने-जाने, रहने और खाने-पीने का पूरा प्रबंध पंजाब सरकार द्वारा किया जाता है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सीजीसी लांडरां में 20वीं एनुअल स्पोर्ट्स मीट, श्वेता और कीरत बने बेस्ट एथलीट

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (सीजीसी) लांडरां में अपने कैंपस ग्राउंड में 20वां एनुअल स्पोर्ट्स मीट आयोजित किया गया। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में कोंस्टीटूएंट कॉलेज के छात्रों ने अनुशासित और उत्साहपूर्ण खेल भावना का प्रदर्शन किया।

इस वर्ष श्वेता चौहान और कीरत को बेस्ट एथलीट चुना गया। समारोह में प्रेसिडेंट रशपाल सिंह धालीवाल, प्रसिद्ध भारतीय बॉक्सिंग कोच शिव सिंह और मॉउंटेनियर मास्टर तेघबीर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। राष्ट्रीय ध्वज फहराने, राष्ट्रगान, एनसीसी मार्च-पास्ट, शपथ ग्रहण और मशाल प्रज्वलन के साथ स्पोर्ट्स मीट की शुरुआत हुई। इस दौरान ट्रैक और फील्ड की स्प्रिंट्स, हर्डल्स, हाई जम्प, लॉन्ग जम्प, शॉट पुट, डिस्कस और जैवलिन थ्रो जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समापन दिवस पर जगजीत सिंह जल्लाह, इंटरनेशनल रोइंग कॉम्पिटिटर और अर्जुन पुरस्कार विजेता, मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम के अंत में फाइनल मुकाबलों के आयोजन से छात्रों के होलिस्टिक डेवलपमेंट और खेलों को बढ़ावा देने के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता दिखाई दी।

# 'आप' ने देश भगत यूनिवर्सिटी के बाहर सीएम सैनी के खिलाफ किया प्रदर्शन



अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** देश भगत यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम के दौरान अमलोह में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गुरिंदर सिंह गैरी बड़िंग के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आगमन का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका और केंद्र एवं हरियाणा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

विधायक बड़िंग ने कहा कि पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने खुद आने की बजाय हरियाणा के मुख्यमंत्री को भेजा, जबकि पंजाब के पास अपने मंत्री और नेता मौजूद हैं। उनका कहना था कि यह भाजपा के इशारे पर पंजाब के मामलों में दखल बढ़ाने की रणनीति है। विरोध के चलते सीएम सैनी को अपना दौरा रद्द करना पड़ा।

बड़िंग ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की भी निंदा की और कहा कि यह पंजाब के किसानों और व्यापारियों के लिए हानिकारक है। उन्होंने चेतावनी दी कि पंजाब की पवित्र धरती और शैक्षणिक संस्थानों में ऐसे नेताओं को कभी प्रवेश नहीं दिया जाएगा जो राज्य के हितों के खिलाफ खड़े हों। आप के कार्यकर्ताओं ने साफ कहा कि भविष्य में भी किसी बाहरी नेता या भाजपा मंत्री के आने पर उसी तरह विरोध जारी रहेगा।

**निशाना** देश का बुरा सोचने वाले को कंधे पर बैठाती है कांग्रेस

# वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे पीएम मोदी

**एजेंसी, गुवाहाटी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएम गुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन भी किया। मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गुवाहाटी में कहा कि कांग्रेस ने देश को खतरे में डालकर रखा था। कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला था।

उन्होंने कहा कि आज की कांग्रेस ऐसे लोगों और विचारों का साथ दे रही है जो देश के खिलाफ सोचते हैं। जो लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं या ऐसे नारे लगाते हैं, वे कांग्रेस के लिए सम्मानित बन गए हैं। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के सी-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे। प्लेन ने यहां मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी पर लैंडिंग की। मोदी ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के समय असम को पाई-पाई के लिए तरसाया जाता था। तब टैक्स के हिस्से के रूप में सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपए मिलते थे। भाजपा की सरकार में 5 गुना ज्यादा मिल रहे हैं।

जब मैं प्लेन से मोरन हाईवे पर उतरा तो नया इतिहास बन गया। कभी नार्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे कि छोड़ो टूटी सड़क मिलेंगी तो कब ही पहुंचेंगे। आज यहां हाईवे पर हवाई जहाज भी लैंड करते हैं। भाजपा सरकार ने 10 साल में ब्रह्मपुत्र पर 5 बड़े पुल बनाए। कांग्रेस की 70 साल की सत्ता में 3 पुल बने। यह बताता है कि कांग्रेस ने असम को समस्या दी और हमने समाधान दिए।

पिछले 12 साल में जब भी कोई नई शुरुआत हुई तो उसका फायदा नार्थ ईस्ट को मिला। वंदे भारत शुरू हुई तो असम नार्थ ईस्ट कनेक्ट हो गया। स्लीपर वंदे भारत भी असम से शुरू हुई। असम के लोगों के वोट के कारण यहां लाखों परिवारों के घर बने, शौचालय बने, पीने का पानी घर तक पहुंचा। इस पुण्य का हकदार भाजपा के बूथ का कार्यकर्ता है।

पीएम मोदी का प्लेन शनिवार सुबह करीब 10 बजे मोरन बाइपास पर बनी ईएलएफ पर उतरा। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किमी दूर ही है। मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई समेत 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। इस दौरान विमान हाईवे से ही लैंडिंग और टेकऑफ करके दिखाया, डेमो 30 मिनट तक चला। (अनंत ज्ञान)

### मोहाली पुलिस का भगोड़े अपराधियों पर कड़ा प्रहार 204 पीओ मामले निष्पादित

**अनंत ज्ञान, मोहली।** मोहाली पुलिस ने भगौड़े अपराधियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में 1 जून 2025 से 13 फरवरी 2026 तक कुल 204 पीओ मामलों को निष्पादित किया। इसमें 119 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, 63 की मृत्यु होने पर सूची से हटाई गई, 8 को सजा या बरी होने पर हटा दिया गया, जबकि 8 के आदेश रद्द किए गए।

सीनियर कप्तान हरमनदीप सिंह हांस ने बताया कि मुहिम में गंभीर अपराधियों को भी दबोचा गया, जिनमें बैंक डकैती और हत्याओं में शामिल आरोपी शामिल हैं। अभियानों की निगरानी कप्तान पुलिस जांच, उपकप्तान क्राइम अगेंस्ट वूमेन एंड चाइल्ड और पूर्व उपकप्तान स्पेशल क्राइम ने की।

अधिकारियों ने कहा कि मुहिम जारी रहेगी और भविष्य में भी सभी भगोड़े अपराधियों को कानून के कटघरे में लाया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पोलो : जयपुर ने रैफल्स सिरमौर कप के फाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी, जयपुर।** जयपुर पोलो टीम ने रैफल्स सिरमौर कप में रोमांचक मुकाबले में शनिवार को विमल एरियन अचीवर्स को 10-9 से हराकर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जयपुर ने जीत अपने नाम की। मुकाबले की शुरुआत में विमल एरियन अचीवर्स ने आक्रामक खेल दिखाया। पहले चुक्कर की समाप्ति तक जयपुर 1-2 से पीछे था। हालांकि दूसरे चुक्कर में जयपुर ने संयम और बेहतर तालमेल के साथ वापसी की और हाफटाइम तक 3-2 की बढ़त बना ली। तीसरे चुक्कर में जयपुर पूरी तरह हावी नजर आया। तेज गेंद मूवमेंट, नियंत्रित बिल्ड-अप और सटीक फिनिशिंग के दम पर टीम ने बढ़त को 7-4 तक पहुंचा दिया। लांस वॉटसन ने निर्णायक गोल दागते हुए आक्रमण की अगुवाई की, जबकि मैनुएल फर्नांडीज लोरेंटे ने भी अहम सहयोग दिया। चौथे और पांचवें चुक्कर में मुकाबले का रुख फिर बदला। विमल एरियन अचीवर्स ने दमदार वापसी करते हुए मौके भुनाए और पांचवें चुक्कर की समाप्ति तक 9-7 की बढ़त हासिल कर ली। इससे मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। (अनंत ज्ञान)

### डेविस कप खिलाड़ी करण व मानस धमने को सिंगल्स वाइल्डकार्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली लॉन टेनिस एसोसिएशन (डीएलटीए) कॉम्प्लेक्स में 16 फरवरी से शुरू हो रहे एटीपी दिल्ली ओपन के लिए एसोसिएशन ने सिंगल्स मुख्य ड्रॉ के वाइल्डकार्ड की घोषणा कर दी है। भारतीय डेविस कप खिलाड़ी करण सिंह और युवा प्रतिभा मानस धमने को मुख्य ड्रॉ में वाइल्डकार्ड दिया गया है। इसके अलावा दिग्विजय प्रताप सिंह को भी मुख्य ड्रॉ में स्थान मिला है, जबकि चार खिलाड़ियों को क्वालिफाइंग सिंगल्स वाइल्डकार्ड प्रदान किए गए हैं। करण सिंह को हाल ही में बेंगलुरु में खेले गए डेविस कप मुकाबले में नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने का इनाम मिला है। डेविस कप में उनके योगदान और पेशेवर सर्किट पर निरंतर अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें यह अवसर दिया गया है। भारतीय टेनिस के उभरते सितारे 18 वर्षीय मानस धमने लगातार अपने खेल से प्रभावित कर रहे हैं। दिल्ली ओपन उनके लिए उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ खुद को परखने और महत्वपूर्ण अनुभव हासिल करने का बेहतरीन मंच साबित होगा। दिग्विजय प्रताप सिंह, जो हालिया डेविस कप टाई में भारतीय टीम के रिजर्व सदस्य थे, को भी मुख्य ड्रॉ वाइल्डकार्ड देकर सम्मानित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### टकर के नाबाद 94 रन से आयरलैंड ने ओमान को 96 रन से दी शिकस्त

**एजेंसी, कोलंबो।** टी-20 वर्ल्ड के 22वें मुकाबले में आयरलैंड ने ओमान को 96 रन से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। शनिवार को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मैच में ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, लेकिन यह फैसला टीम के लिए उलटा साबित हुआ। आयरलैंड ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 235 रन बनाए, जो इस वर्ल्ड कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में ओमान की टीम 18 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। लॉर्कन टकर (94*) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टारगेट का पीछा करने उतरी ओमान के लिए ओपनर आमिर कलीम ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 29 हॉल पर 50 रन बनाए। उनके अलावा हम्माद मिर्जा ने 37 बॉल पर 46 रन बनाए। आयरलैंड के लिए जोशुआ लिटिल ने 3, मैथ्यू हम्फ्रीज और बैरी मैकार्थी ने 2-2 विकेट लिए। जॉर्ज डॉकरेल को 1 विकेट मिला। आशीष ओडेदरा और हम्माद मिर्जा रन आउट हुए। आयरलैंड के लिए कप्तान लॉर्कन टकर और गैरेथ डेलानी ने शानदार अर्धशतक जड़े। टकर ने 51 गेंदों पर नाबाद 94 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि डेलानी ने 30 गेंदों में 56 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)

### दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर

**एना** मारिया मार्कोविच एक 25 वर्षीय क्रोएशियाई पेशेवर फुटबॉलर हैं, जिन्हें अक्सर प्रशंसक और मीडिया 'दुनिया की सबसे खूबसूरत फुटबॉलर' के रूप में जानते हैं। 9 नवंबर 1999 को जन्मी, यह फॉरवर्ड वर्तमान में अमेरिका की एसएल सुपर लीग में ब्रुकलिन एफसी के लिए खेलती हैं।



# टी-20 वर्ल्ड कप में आज महामुकाबला

## कोलंबो के प्रेमादासा स्टेडियम में चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच होगी टक्कर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और पाकिस्तान के बीच टी-20 विश्व कप का महामुकाबला रविवार को खेला जाना है। टी-20 विश्व कप के सबसे चर्चित इस मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी आमने-सामने होंगे तो भारत के मध्यक्रम के सामने पाकिस्तान के स्पिनरों की चुनौती होगी और मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए अब दोनों टीमें किसी तरह की कोताही बरतना नहीं चाहेगी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का अनफिट होना चिंता का विषय है और यह देखना दिलचस्प होगा कि वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच में खेल पाते हैं या नहीं।



अगर अभिषेक नहीं खेलते हैं संजू सैमसन को दोबारा मौका मिलेगा, इसकी संभावना कम है। भारतीय टीम प्रबंधन चाहेगा कि इस मुकाबले के लिए अभिषेक चयन के लिए उपलब्ध हों जिससे शीर्ष क्रम पर स्थिरता आ सके। हालांकि, भारतीय थिंक टैंक के दिमाग में यह भी चिंता होगी कि सैमसन को ही उतारा जाए या ईशान किशन के साथ पारी की शुरुआत के लिए वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया जाए जो फिट हो गए हैं। सुंदर प्रेमादासा की धीमी पिच पर अच्छी ऑफ स्पिन कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### संभावित प्लेइंग-11

**भारतः** अभिषेक शर्मा/वॉशिंगटन सुंदर, ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह/कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

**पाकिस्तानः** सईम अयूब, साहिबजादा फरहान, सलमान आगा (कप्तान), बाबर आजम, उस्मान खान (विकेटकीपर), शादाब खान/फखर जमां, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, उस्मान तारिक, अबरार अहमद।

### स्पिनरों पर होगा दारोमदार

**कोलंबो** में स्पिनरों की मददगार पिच को देखते हुए इस संभावना को भी खारिज नहीं किया जा सकता कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ तीन स्पिनरों के साथ उतरे। यह मैच आर प्रेमादासा स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां की पिच आमतौर पर स्पिनरों के मददगार मानी जाती है। भारत के पास मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल मौजूद हैं, लेकिन पाकिस्तान भी इस मामले में कम नहीं है क्योंकि उसकी टीम में अबरार अहमद और उस्मान तारिक हैं जो भारतीय बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश कर सकते हैं। भारतीय टीम शुरुआती दो मैचों में दो स्पिनरों के साथ उतरी है। भारत के लिए अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने स्पिन विभाग का जिम्मा संभाला है। पिच को देखते हुए बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी उतारा जा सकता है। ऐसे में रिंकू सिंह या अर्शदीप सिंह को बाहर रहना पड़ सकता है। बाबर आजम के खिलाफ कुलदीप के शानदार रिकॉर्ड को देखते हुए उन्हें इस मैच में मौका देना अच्छा विकल्प होगा।

### भारत को बल्लेबाजी में करना होगा सुधार

**विश्व** कप से पहले भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत लग रही थी लेकिन टूर्नामेंट के दो मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन चिंता का सबब है। अमेरिका के खिलाफ भारत के छह विकेट 77 रन पर गिर गए थे, जबकि नामीबिया के खिलाफ डैथ ओवरों में मेजबान टीम ने चार रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन 200 रन से अधिक का स्कोर और 93 रन से जीत के कारण यह कमजोरियां दब गईं। दोनों मैचों में सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन और हार्दिक पांड्या ने संकटमोचक की भूमिका निभाई। लेकिन बड़े टूर्नामेंट में एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन जरूरी है। जसप्रीत बुमराह से लेकर वरुण चक्रवर्ती तक भारत के पास मैच विनर हैं और ऑलराउंडर शिवम दुबे की गेंदबाजी भी बेहतर हुई है।

### पाकिस्तान टीम में फखर की हो सकती है वापसी

**पाकिस्तान** टीम के मैच कोलंबो में हो रहे हैं जिससे उसे हालात और पिच की बेहतर जानकारी है। पिच धीमे गेंदबाजों की मददगार है और पाकिस्तान के पास उस्मान तारिक, सईम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे स्पिनर हैं। पाकिस्तान के लिए भारत के खिलाफ मैच में फखर जमां की वापसी हो सकती है जो शुरुआती दो मुकाबलों में एकादश का हिस्सा नहीं रहे। फखर को भारत के खिलाफ खेलने का काफी अनुभव है।

## प्रमोद भगत ने पैरा विश्व चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**एजेंसी, मनामा।** भारत के प्रमोद भगत ने शनिवार को यहां बीडब्ल्यूएफ पैरा विश्व चैंपियनशिप में इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान पर सीधे गेम में शानदार जीत दर्ज करते हुए पुरुषों के एसएल3 वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सैंतीस वर्षीय भगत ने फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी को 21-12, 21-18 से हराकर विश्व चैंपियनशिप में लगातार चौथा एकल स्वर्ण और इस वर्ग में कुल मिलाकर छठा विश्व खिताब जीता। यह जीत एसएल3 वर्ग में भगत के दबदबे को दर्शाती है।



- इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान को हराया
- रिकॉर्ड छठा विश्व खिताब किया अपने नाम

एसएल3 वर्ग में वे खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके निचले अंगों में गंभीर विकलांगता होती है। भगत को पाच साल की उम्र में पोलियो हो गया था।

उन्होंने 2009, 2015, 2019, 2022 और 2024 में विश्व चैंपियनशिप एकल स्वर्ण पदक जीते थे। शनिवार की इस जीत से उन्होंने चीन के दिग्गज लिन डैन को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने सक्षम (एबल बॉडी) बैडमिंटन में पुरुष एकल के पांच विश्व खिताब जीते हैं। इस तरह भगत विश्व चैंपियनशिप इतिहास में खेल के सबसे सफल एकल खिलाड़ी बन गए। यह जीत भगत के लिए शानदार वापसी भी साबित हुई क्योंकि उन पर बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग रोधी के अपने स्थल की जानकारी देने वाले (वेयरअबाउट्स) नियम के उल्लंघन के कारण 18 महीने का निलंबन लगा था जिसकी वजह से वह 2024 पेरिस पैरालंपिक में भाग नहीं ले सके थे। (अनंत ज्ञान)

# इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हराया

## टॉम बैंटन ने 41 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए, रशीद ने लिए 3 विकेट

**एजेंसी, कोलकाता**

इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 23वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए दिन के दूसरे मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड की टीम 19.4 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में इंग्लैंड ने 18.2 ओवर में 5 विकेट गंवाकर मैच अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड की इस टूर्नामेंट में तीन मैचों में यह दूसरी जीत है। इससे पहले 8 फरवरी को टीम ने नेपाल को रोमांचक मुकाबले में 4 रन से हराया था।

इस जीत के साथ इंग्लैंड ग्रुप-सी के पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। वहीं, स्कॉटलैंड की तीन मैचों में यह दूसरी हार रही। इससे पहले उसे वेस्टइंडीज के खिलाफ भी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वहीं, टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड के लिए टॉम बैंटन ने 41 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए। विल जैक्स 10 बॉल पर 16 रन बनाकर नाबाद लौटे। इनके अलावा जैकब बेथेल ने 32, सैम करन ने 28, हैरी ब्रुक ने 4, जोस बटलर ने 3 और फिल सॉल्ट ने 2 रन बनाए। उधर, स्कॉटलैंड के लिए ब्रैंडन मैक्मुलेन, ओलिवर डेविडसन, ब्रैड व्हील, ब्रैड करी और माइकल लीस्क को 1-1 विकेट मिला। (अनंत ज्ञान)



### स्कॉटलैंड के लिए कप्तान बेरिंगटन ने बनाए 49 रन

**स्कॉटलैंड** के लिए कप्तान रिची बेरिंगटन अर्धशतक चूक गए। उन्होंने 32 बॉल पर 49 रन बनाए। उनके अलावा माइकल जोन्स 33, टॉम ब्रूस 24 और ओलिवर डेविडसन नाबाद 20 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए आदिल रशीद ने 3, लियम डॉसन और जोफ्रा आर्चर ने 2-2 विकेट लिए। जैमी ओवरटन और सैम करन को 1-1 विकेट मिला।

# टॉप सीड टेलर फ्रिट्ज डलास ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

**एजेंसी, लॉस एंजेलिस**

एटीपी डलास ओपन 2026 में शीर्ष वरीय अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हमवतन सेबेस्टियन कोर्डा को कड़े मुकाबले में 6-7 (2/7), 6-4, 7-6 (7/5) से हराया। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज फ्रिट्ज ने निर्णायक टाई-ब्रेकर में अंतिम पांच अंक लगातार जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। यह मैच दो घंटे 30 मिनट तक चला। अब सेमीफाइनल में उनका सामना 2014 यूएस ओपन चैंपियन क्रोएशिया के मारिन सिलिच से होगा। फ्रिट्ज का कोर्डा के खिलाफ करियर रिकॉर्ड अब 4-1 हो गया है। उन्होंने मैच में 22 ऐस लगाए और जिन चार ब्रेक प्वाइंट्स का सामना किया। मैच के बाद फ्रिट्ज ने कहा,



'मुझे इस बात पर गर्व है कि मैंने बड़े मौकों को किस तरह संभाला। वह मेरी सर्विस पर लगातार दबाव बना रहे थे लेकिन जब भी मैं ब्रेक प्वाइंट पर दबाव में था या टाई-ब्रेकर में, मैंने बेहतरीन टेनिस खेली।' दूसरे सेट में फ्रिट्ज को दाएं कोहनी में चोट भी लगी, जब वह कोर्डा की एक शॉट को रिटर्न कर रहे थे। उन्होंने बताया कि तेज दर्द के बावजूद फिजियो की मदद से वह बेहतर महसूस करने लगे और निर्णायक सेट में पूरी तरह लय में लौट आए। (अनंत ज्ञान)

# लुका के निर्णायक गोल से मिलान ने पीसा एससी को 2-1 से हराया

**एजेंसी, पीसा**

इटली की शीर्ष फुटबॉल लीग सेरी ए में लुका मोड्रिच ने 85वें मिनट में निर्णायक गोल कर एसी मिलान को निचले पायदान की टीम पीसा एससी पर 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ मिलान ने अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से अंतर कम कर लिया। मुकाबला एरीना गैरीबाल्डी स्टेडियम में खेला गया। 24 मैचों में 53 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर मौजूद मिलान अब इंटर से पांच अंक पीछे है।



इंटर शनिवार को चौथे स्थान की टीम जुवेंटस की मेजबानी करेगा। मिलान के लिए रूबेन लॉफ्टस-चीक ने भी गोल किया। हालांकि टीम को एड्रियन राबियो को दूसरे पीले कार्ड के कारण लाल कार्ड मिलने से अंत में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। पीसा के लिए फेलिपे लोयोला ने दूसरे हाफ में बराबरी का गोल कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया था। मिलान को पेनल्टी का अवसर भी मिला, लेकिन निक्लास फुलक्रुग स्पॉट किक को गोल में तब्दील नहीं कर सके। 40 वर्षीय मोड्रिच ने अंततः मैच के अंतिम पांच मिनट में बॉक्स के अंदर मिले मौके को गोल में बदलकर टीम को महत्वपूर्ण जीत दिलाई। मिलान ने 39वें मिनट में बढ़त बनाई, जब जैचरी एथेकामे के दाएं छोर से आए शानदार क्रॉस पर लॉफ्टस-चीक ने हेडर से गेंद को जाल में पहुंचाया। 71वें मिनट में लोयोला ने 12 मीटर की दूरी से सटीक शॉट लगाकर पीसा को बराबरी दिलाई, जो क्लब के लिए उनका पहला मुकाबला था। (अनंत ज्ञान)

**हैंडबॉल** बिलासपुर के जुखाला में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दिन-रात हो रहे मुकाबले

# हैंडबॉल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचा बिलासपुर

**अनंत ज्ञान**

**ब्यूरो, बिलासपुर।** दावीं घाटी हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर जुखाला में शुक्रवार को 32वीं हैंडबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला बिलासपुर और कुल्लू के मध्य हुआ, जिसमें बिलासपुर ने 38/30 के स्कोर से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। जानकारी देते हुए आयोजक सचिव विक्रम ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बिलासपुर, कुल्लू, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, सिरमौर, मंडी, ऊना, किन्नौर, शिमला तथा सोलन जिले के 176 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

इस प्रतियोगिता में 3 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वरुण शर्मा, देवेंद्र सिंह तथा ललित कुमार भी भाग ले रहे हैं, जिन्होंने इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर यहां के लोगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल का प्रदर्शन किया। विक्रम ठाकुर ने बताया कि दावीं घाटी हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर में खिलाड़ियों की हर सुविधाओं का ध्यान रखा गया है और उन्हें यहां पर राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध करवाने का प्रयास किया गया है। प्रतियोगिता के मुकाबले डे-नाइट हो रहे हैं। दूधिया रोशनी में इस मैदान की रंगत ही बदल जाती है और अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैदान की तरह यह मैदान सज कर तैयार हो जाता है। खबर लिखे जाने तक दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला चंबा और किन्नौर के मध्य हो रहा था। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष देश राज ठाकुर, महासचिव नंद किशोर शर्मा, तकनिकी समिति के चेयरमैन डॉ. प्रवेश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष ढिल्लो, रवि शर्मा, प्रवेश राणा, सुनील गौतम आयोजन सचिव विक्रम सिंह, ट्रेनिंग सेंटर के मुख्य कोच विवेक पठानिया, मनीष ठाकुर, हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय रेफरी रफीक अहमद, वीरेंद्र शर्मा, अक्षित संख्यान, दिलवर सिंह, विजय कुमार, हरिओम सहित कई लोग उपस्थित थे।



हैंडबाल ट्रेनिंग सेंटर जुखाला में प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ी, आयोजक व अतिथि। अनंत ज्ञान

सत्यमेव जयते

Khadi India

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises Govt. of India

विज्ञापन/ADVERTISEMENT

राज्य कार्यालय, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (KVIC), चंडीगढ द्वारा पंजाब एवं यूटी-चंडीगढ़ से निम्नलिखित योजनओं के कार्यान्वयन हेतु व्यक्तियों स्वयं सहायता समूहों (SHGs), एनजीओ और अन्य पात्र संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है:

The State Office, KVIC, Chandigarh, invites applications from individuals, Self Help Groups (SHGs), NGOs, and other eligible entities from Punjab & UT-Chandigarh for the implementation of scheme of KVIC as given below: -

| क्रमांक/S.No | योजना / Scheme | विवरण/ Remarks |
|---|---|---|
| ग्रामोद्योग विकास योजना (जी.वी.वाई.) (सब्सिडी दरों पर प्रशिक्षण और टूलकिट)/ Gramodyog Vikas Yojana (GVY) Training cum toolkits under subsidised rate | | |
| 1. | सिलाई मशीन (सेवा उद्योग) Sewing Machine ( Service Industry) | लाभार्थियों को जी.वी.वाई. टूलकिट के लिए निम्नलिखित भुगतान करना आवश्यक है: • **बीपीएल श्रेणी:** कोई भुगतान नहीं (100% सब्सिडी)। • **एससी/एसटी वर्ग**: टूलकिट की कुल लागत का 10%। • **सामान्य श्रेणी**: टूलकिट की कुल लागत का 20%। **Beneficiaries are required to pay for GVY Toolkits** • BPL Category: No payment required (100% subsidy). • SC/ST Category: 10% of the total cost of the toolkit. • General Category: 20% of the total cost of the toolkit |
| | | • विस्तृत दिशानिर्देशों और सभी आवश्यक आवेदन दस्तावेज़ों के लिए दिए गये QR कोड स्कैन करें। • Scan the given QR code to access detailed guidelines and all necessary application documents. |

**महत्वपूर्ण निर्देश:**

- ऊपर दिया गया विवरण केवल संकेतात्मक है। विस्तृत दिशा-निर्देशों के लिए कृपया जाएँ: www.kvic.gov.in या आवेदन प्रारूप/स्पष्टीकरण हेतु ईमेल करें: sokvic.chd@gmail.com / sochandigarh.kvic@gov.in
- डाक/कूरियर देरी या हानि की स्थिति में KVIC जिम्मेदार नहीं होगा। नियत समय व तारीख के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन को बिना सूचना अस्वीकार किया जाएगा।
- उपर्युक्त लक्ष्य निधि की स्वीकृति/प्राप्ति के अधीन है और केवीआईसी का निर्णय राज्य स्तरीय समिति द्वारा तय दिशा-निर्देशों/तौर-तरीकों के अनुसार अंतिम होगा।
- सम्पूर्ण आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ पूर्णतया भरा एवं हस्ताक्षरित आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि में डाक या व्यक्तिगत रूप से निम्न पते पर भेजा जाना चाहिए: निदेशक, राज्य कार्यालय, KVIC, चंडीगढ़, SCO 3003-04, सेक्टर 22-D, चंडीगढ़ – 160022 (पंजाब), फोन – 0172-4007564।

**Important Instructions:**

- The above details are indicative only and for detailed guidelines may visit www.kvic.gov.in and may request for application format/any clarification by mail sokvic.chd@gmail.com / sochandigarh.kvic@gov.in
- KVIC shall not be responsible for any postal/courier delays or loss in transit. Applications received after the due date and time, or incomplete in any respect, shall be summarily rejected without any further notice or correspondence.
- The above target is subject to sanction/receive the fund and the decision of KVIC is final as per guidelines / modalities decided by the state level committee as applicable.
  The duly filled and signed application form, along with all necessary supporting documents, must reach the address - The Director, State office, KVIC, Chandigarh, S.C.O. 3003-04, Sector 22-D, Chandigarh – 160022